

संसद में परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी वाला विधेयक पारित
- 12



भारत में यूपीआई से लेन-देन में 33.5 प्रतिशत की वृद्धि
- 12



अमेरिका ताइवान को 10 अरब डॉलर के उन्नत हथियार बेचेगा भड़का चीन
- 13



श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर होगी निगाह
- 14

आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.59
सूर्यास्त 05.20


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 25, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## कर्नाटक में हेटस्पीच पर सात साल की होगी जेल

- सरकार ने सख्त नया कानून किया पारित

बेलगावी, एजेंसी

कर्नाटक विधानसभा ने गुरुवार को हंगामे के बीच नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक से संबंधित एक विधेयक पारित कर दिया। घृणा भाषण और घृणा अपराध (रोकथाम) विधेयक देश का पहला ऐसा कानून है, जिसमें सात साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। इसे भाजपा के विधायकों के हंगामे के बीच पारित कर दिया गया।

मंत्रिमंडल ने इस विधेयक को चार दिसंबर को मंजूरी दी थी और 10 दिसंबर को गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने इसे सदन में पेश किया था। मंत्री ने कहा कि बार-बार अपराध करने की स्थिति में 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान घटाकर सात साल कर दिया गया है। विधेयक के अनुसार, ऐसी कोई भी अभिव्यक्ति, जो किसी भी पूर्वाग्रहपूर्ण हित को पूरा करने के लिए जीवित या मृत व्यक्ति, वर्ग या व्यक्तियों या समुदाय के समूह के खिलाफ चोट, शत्रुता या घृणा या दुर्भावना की भावना पैदा करने के इरादे से सार्वजनिक रूप से बोले गए या लिखित शब्दों में या संकेतों द्वारा प्रकाशित या प्रसारित की जाती है, वह घृणास्पद भाषण है।

# भड़काऊ नारे कानून को खुली चुनौती, ऐसे कृत्य पर जमानत नहीं

- बरेली बवाल प्रकरण में हाईकोर्ट ने सर तन से जुदा नारे को बताया संप्रभुता पर हमला
- बवाल के दौरान मौके से गिरफ्तार आरोपी रिहान की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज/बरेली

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 26 सितंबर को हुए बरेली हिंसा प्रकरण में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा' जैसे नारे न केवल कानून-व्यवस्था के विरुद्ध हैं, बल्कि भारत की संप्रभुता, अखंडता और संवैधानिक व्यवस्था को सीधी चुनौती देते हैं। यह आचरण गंभीर अपराधों के दायरे में आता है। भड़काऊ नारे कानून को खुली चुनौती देने जैसा है। ऐसे कृत्य पर किसी भी हाल में जमानत नहीं दी जा सकती।

कोर्ट ने कहा कि विवादित नारे का कुरान या किसी प्रामाणिक इस्लामी ग्रंथ में कोई आधार नहीं है, फिर भी कुछ लोग इसके निहितार्थ और



दुष्परिणाम समझे बिना इसका प्रयोग कर रहे हैं। इससे समाज में वैमनस्य फैलता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने पुलिस स्टेशन कोतवाली, बरेली में बीएनएस, क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट, लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में आरोपी रिहान की जमानत याचिका खारिज करते हुए पारित किया। 26 सितंबर को बीएनएसएस की धारा 163 लागू होने के बावजूद बरेली के बिहारीपुर क्षेत्र में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा और नेता नदीम खान ने कथित तौर पर भीड़ को इस्लामिया इंटर कॉलेज में इकट्ठा होने के लिए उकसाया था। 500 से अधिक लोगों की एकत्र भीड़ ने सरकार-विरोधी नारे लगाए। इसमें 'सर कलम करने वाला' विवादित नारा भी शामिल था। पुलिस के हस्तक्षेप करने पर भीड़ हिंसक हो गई और उन्होंने कथित तौर पर पुलिस की वर्दी फाड़ दी और पेट्रोल बम फेंक पत्थरबाजी का सहारा लिया।

### नारों का उद्देश्य डर या हिंसा फैलाना नहीं

:कोर्ट ने अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि धार्मिक नारों जैसे नारा-ए-तकबीर, जो बोले सो निहाल, जय श्रीराम, हर-हर महादेव का उद्देश्य श्रद्धा व्यक्त करना होता है, न कि डर या हिंसा फैलाना। किसी भी धर्म में ऐसे नारे, जो दूसरे समुदायों को भयभीत करें या कानून के विरुद्ध सजा का आह्वान करें, स्वीकार्य नहीं हैं।

### सर तन से जुदा नारा इस्लाम की मूल भावना का अपमान

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पैगम्बर मुहम्मद के जीवन और आचरण में करुणा, सहिष्णुता और क्षमा सर्वोपरि थी, न कि प्रतिशोध। कोर्ट ने ताइफ की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पैगम्बर मुहम्मद ने अपने साथ दुर्व्यवहार करने वालों के प्रति भी दया और सद्भाव का मार्ग अपनाया, जो स्त्री उनके मार्ग में रोज कचरा फेंकती थी, उन्होंने उस गैर मुस्लिम महिला के प्रति कोई आक्रोश प्रकट नहीं किया, बल्कि जब वह बीमार पड़ी तो वह उससे मिलने गए और उसकी सेवा की, जिससे प्रभावित होकर उसने इस्लाम अपना लिया। कोर्ट ने पैगंबर साहब के इस व्यवहार का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति सर तन से जुदा जैसे नारे लगाता है, तो वह न केवल भारतीय कानून को चुनौती देता है, बल्कि स्वयं पैगम्बर मुहम्मद की शिक्षाओं और इस्लाम के मूल सिद्धांतों का भी अपमान करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादी मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गोलापल्ली थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दल को माओवादी विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है और इस मुठभेड़ में अभी तक एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादियों के मारे जाने की सूचना है।

### आयुर्वेदिक सिरप बनाने वाली अवैध फैक्टरी सील

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में प्रशासन ने आयुर्वेदिक सिरप बनाने वाली अवैध फैक्टरी गुरुवार को सील कर दी। अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धरमपुरी गांव में आवासीय परिसर में संचालित फैक्टरी पर छापा मारा गया, जहां 30 से अधिक प्रकार के आयुर्वेदिक सिरप बनाए जा रहे थे। सुरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के निर्देशन में संचालित फैक्टरी में इन सिरप की गुणवत्ता जांचने के लिए कोई प्रयोगशाला नहीं थी और संचालक द्वारा सिरप के निर्माण में इस्तेमाल घटकों से जुड़े जरूरी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके। सिरप की पैकेजिंग पर अलग-अलग कंपनियों के नाम पाए गए।

# लोस में 'जी राम जी विधेयक' पारित

## विपक्ष ने हंगामा कर जताया विरोध, शिवराज ने कांग्रेस पर बापू के आदर्श खत्म करने का लगाया आरोप

- आसन के समीप हंगामा कर रहे कुछ विपक्षी सदस्यों ने मंत्री के सामने कागज उछाले
- विधेयक को ग्रामीण रोजगार खत्म करने वाला कदम बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा ने गुरुवार को विपक्ष के विरोध के बीच 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मार दिया, जबकि मोदी सरकार ने उन्हें जिंदा रखा है। मनरेगा योजना की जगह नया विधेयक लाने और उसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए चौहान ने कहा कि 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार महात्मा गांधी के आदर्शों को लागू करने और विकसित गांव की बुनियाद पर विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है।

इससे पहले बुधवार को सदन में उक्त विधेयक पर देर रात तक चर्चा हुई और विपक्ष के अधिकतर सदस्यों ने इसे विभाग संबंधी संसदीय स्थायी समिति को विचार-विमर्श के लिए भेजने की मांग की। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को मंत्री के जवाब से पहले यह मांग फिर से उठाई जिसे आसन की ओर से अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच चौहान ने अपना जवाब पूरा किया और उनके उत्तर के बाद सदन ने विपक्ष के कुछ सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस दौरान आसन के समीप हंगामा कर रहे कुछ विपक्षी सदस्यों ने मंत्री के सामने कागज भी उछाले। चौहान ने कहा कि देश में 1960-61 में ग्रामीण जनशक्ति कार्यक्रम बनने से लेकर मनरेगा तक समय-समय पर विभिन्न योजनाएं बनती रही हैं। उन्होंने कहा कि इनसे उद्देश्य पूरा नहीं होता या थोड़ा ही लक्ष्य पूरा होता है तो नई योजनाएं लाई जाती हैं। मनरेगा के नाम में पहले महात्मा गांधी का नाम नहीं था और इसका नाम नरेगा था, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले वोटों के कारण कांग्रेस को बापू याद आ गए और उनका नाम जोड़ा गया। चौहान ने आरोप लगाया, कांग्रेस नीत सरकार ने मनरेगा को भी ताकत के साथ लागू नहीं किया और पीएम ने इसे सही से क्रियानवित किया। उन्होंने संप्रग और राजग सरकार के समय इस योजना के क्रियान्वयन की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय जहां 1660 करोड़ श्रम दिवस सृजित हुए थे, वहीं मोदी सरकार में 3210 करोड़ श्रम दिवस का सृजन किया गया।



### मनरेगा की 'योजनाबद्ध हत्या' की जा रही

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मनरेगा का सिर्फ नाम नहीं बदला जा रहा है, बल्कि इस योजना की 'योजनाबद्ध हत्या' की जा रही है तथा विदेशी धरती पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर फूल चढ़ाया जाना सिर्फ दिखावा है। खरगे ने संसद परिसर में विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन के बाद यह भी कहा कि मनरेगा का नाम बदलने के सरकार के कदम का कांग्रेस सड़क से संसद तक पुरजोर विरोध करेगी। संसद परिसर में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, खरगे, और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने 'गरीबों का अधिकार वापस दो' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए।

### कांग्रेस पार्टी ने तो गांधी का नाम चुराने का पाप किया : शिवराज

केंद्रीय मंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने तो गांधी का नाम चुराने का पाप किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सदन में कहा कि यह सरकार सनक में नाम बदल रही है। चौहान ने कहा, हम सनक में नाम नहीं बदल रहे, अपने परिवार के लोगों पर नाम रखने की सनक तो कांग्रेस की है। चौहान ने दावा किया कि कांग्रेस की सरकारों के समय सैकड़ों योजनाओं, इमारतों, उत्सवों, संस्थानों आदि के नाम गांधी परिवार के सदस्यों- जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नाम पर रखे गए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी का नाम लेकर ढोंग कर रही है और उसने तो देश के बंटवारे के दिन, कश्मीर को विशेष दर्जा दिये जाने के साथ, इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाए जाने के दिन ही बापू के आदर्शों की हत्या कर दी थी।

## रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण : शीर्ष कोर्ट

- ऐसा लगता है कि न्यायाधीश लास्ट ओवर में छक्के मार रहे हैं
- सेवानिवृत्ति से पहले कई आदेश पारित करने की प्रवृत्ति ठीक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले 'बहुत सारे आदेश' पारित करने की न्यायाधीशों की 'बढ़ती प्रवृत्ति' पर आपत्ति जताई और इसकी तुलना मैच के अंतिम ओवरों में बल्लेबाज द्वारा 'छक्के मारे जाने' से की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ मध्य प्रदेश के एक प्रधान और जिला न्यायाधीश की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कुछ संदिग्ध न्यायिक आदेशों के संबंध में उनकी निर्धारित सेवानिवृत्ति से ठीक 10 दिन पहले उन्हें निलंबित करने के उच्च न्यायालय के सामूहिक फैसले को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी इस पीठ में शामिल थे। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले छक्के लगाने शुरू कर दिए। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है। मैं इस पर विस्तार से चर्चा नहीं करना चाहता। सीजेआई ने कहा, सेवानिवृत्ति से ठीक पहले न्यायाधीशों की बहुत सारे आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। मप्रदे के न्यायिक अधिकारी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे और उन्हें कथित तौर पर उनके द्वारा पारित दो न्यायिक आदेशों के कारण 19 नवंबर को निलंबित कर दिया गया।



### सीजेआई ने न्यायिक त्रुटि और कदाचार के बीच अंतर स्पष्ट किया

सीजेआई ने न्यायिक त्रुटि और कदाचार के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा, उन्हें इसके लिए निलंबित नहीं किया जा सकता। लेकिन अगर आदेश स्पष्ट रूप से बेईमानी भरे हों तो क्या होगा? यह भी उल्लेख किया कि 20 नवंबर को उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश सरकार को राज्य में न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 61 वर्ष करने का निर्देश दिया था।

# सरकार विपक्ष के हर प्रश्न का देंगे सकारात्मक जवाब

शीतकालीन सत्र आज से



सर्वदलीय बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

- सर्वदलीय बैठक में सीएम ने दिया आश्वासन, बोले- सुझावों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास करेगी सरकार
- विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग का अनुरोध किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधान भवन में हुई सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विपक्षी दलों को आश्वस्त किया कि सरकार सभी चर्चाओं में न केवल भाग लेगी, बल्कि विपक्ष के हर प्रश्न का सकारात्मक जवाब भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सुझावों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास करेगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शीतकालीन सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। इस दौरान सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग का आश्वासन मिला।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन चलता है। विधानसभा के विगत सत्र में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दा पर सकारात्मक चर्चा परिचर्चा हुई। सभी दलों के सहयोग से जनोपयोगी मुद्दों पर तार्किक, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण चर्चा के माध्यम से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन जनाकांक्षाओं को रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

### सत्र में कई मुद्दों पर गरमा सकता है विधानमंडल

लखनऊ। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। सत्र कई मुद्दों पर गरमा सकता है। उप्र. विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 24 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुपूरक बजट समेत कई महत्वपूर्ण विधायी प्रस्तावों पर चर्चा बाद मंजूरी दी जाएगी। सदन में प्रदूषण और कोडीनयुक्त कफ सिरप के मुद्दे पर विपक्ष सरकार को कटघरे में भी खड़ा कर सकता है। एसआईआर पर भी हंगामा संभव है।

## रिश्ते से नाखुश भाई ने होने वाले जीजा को मारी गोली

- दो हत्यारोपियों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

**लखीमपुर खीरी।** बहन की शादी तय होने से नाराज भाई ने होने वाले जीजा की गोली मारकर हत्या कर दी और उसका शव पटेलनगर स्थित फन मॉल के पीछे एक खाली मैदान में फेंक गया। पुलिस दो आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

गुरुवार सुबह टहलने निकले कुछ लोगों ने फन मॉल के पीछे मैदान में एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सीओ सिटी विवेक तिवारी मौके पर पहुंचे। शव का निरीक्षण करने पर गोली के निशान पाए। मृतक की शिनाख्त कोतवाली पलिया के गांव बेहननपुरवा निवासी अहमद जान उर्फ आशु (23) के रूप में हुई है। सूचना पाकर परिजन भी पहुंच गए। परिजनों ने बताया आशु की शादी शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी एक युवती से तय हुई थी। युवती का भाई लगातार विरोध कर रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश में युवती के भाई खुर्शीद ने अपने साथियों के साथ मिलकर आशु की गोली मारकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजनों ने बताया आशु मंगलवार को बहन को छोड़ने मोहम्मदी गया था। इसके बाद किसी के बुलाने पर लखीमपुर आया और फिर होने वाली ससुराल नौरंगाबाद पहुंचा। यहीं पर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के मूर्तिकार राम सुतार का 100 वर्ष की आयु में निधन



**नोएडा/मुंबई।** केवड़िया स्थित विशालकाय 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' और संसद परिसर में स्थापित गांधी की प्रतिष्ठित प्रतिमा सहित कई ऐतिहासिक प्रतिमाओं के निर्माता प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया।

सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने बताया कि उनकी आयु 100 वर्ष थी और वह उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। मूर्तिकार राम सुतार के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश की कई प्रमुख हस्तियों ने शोक व्यक्त किया और कहा कि उनकी रचनाएं 'भारत के इतिहास और संस्कृति की प्रभावशाली अभिव्यक्ति है'। महाराष्ट्र के धुले जिले में 19 फरवरी, 1925 को एक साधारण परिवार में जन्मे सुतार ने मुंबई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट एंड आर्किटेक्चर में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्हें 1999 में पद्म श्री और 2016 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

कूटनीति | प्रधानमंत्री बोले- निवेश में नया विश्वास पैदा करने के साथ अवसरों के नए द्वार खोलेगा यह समझौता

# भारत-ओमान व्यापार समझौता दोनों देशों को देगा ऊर्जा : मोदी

मस्कट, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय संबंधों को नया विश्वास एवं ऊर्जा प्रदान करेगा और दोनों देशों में वृद्धि के अवसर भी पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित भारत-ओमान व्यापार शिखर सम्मेलन में यह बात कही।

उन्होंने अपने संबोधन में मांडवी से मस्कट तक दोनों देशों के बीच सदियों पुराने समुद्री व्यापारिक संबंधों का उल्लेख किया जो वर्तमान समय में जीवंत वाणिज्यिक आदान-प्रदान की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के 70 वर्ष पुराने कूटनीतिक संबंध सदियों से निर्मित विश्वास और मित्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में भारत और ओमान ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद तथा चमड़े के सामान सहित भारत के 98 प्रतिशत निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा गया है। सीईपीए को भारत-ओमान के साझा भविष्य की रूपरेखा करार देते हुए प्रधानमंत्री ने व्यापार जगत के लोगों से इस समझौते की पूरी क्षमता का लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम एक ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) हमारी साझेदारी को 21वीं सदी में नया विश्वास एवं नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को नई गति देगा, निवेश में नया विश्वास उत्पन्न करेगा और हर क्षेत्र में अवसरों के नए द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी के सुधारों, नीतिगत स्थिरता, सुशासन एवं निवेशकों के उच्च विश्वास के दम पर देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। कहा, भारत ने पिछले 11 वर्ष में न केवल नीतियों में बदलाव किया है, बल्कि अपने आर्थिक स्वरूप को भी बदल दिया है।



प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते ओमान के सुलतान हैसम।

### मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' सम्मान से नवाजा गया

ओमान के सुलतान हैसम बिन तारिक ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदान के लिए गुरुवार को उन्हें विशेष नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से नवाजा। प्रधानमंत्री को ओमान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान यह सम्मान दिया गया। तीन देशों के अपने दौरे के दौरान मोदी जॉर्डन और इंडोनेशिया की यात्रा कर चुके हैं। मोदी को इस सम्मान समेत दूसरे देशों में 28 से अधिक उच्चतम नागरिक सम्मान से नवाजा जा चुका है। हाल ही में उन्हें इथियोपिया में और कुवैत में भी सम्मानित किया गया था।

न्यूज ब्रीफ

## पट्टे में लिपटकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव वनगांव निवासी 60 वर्षीय कुसुमा देवी गुरुवार की दोहपर गांव में आटा चक्की पर चावल पिसवाने के लिए गयी थी। वह चक्की पुली में लिपट गयी और घायल हो गयी। चीख पुकार सुनकर लोग दोड़ पड़े। परिवार वाले घायल महिला को अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी थाने में नहीं दी गई है।

## छात्राओं को किया जागरूक

**सिधौली, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू इंटर कॉलेज, कोरोकुइयां में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## शर्तों का उल्लंघन कर चल रहीं निजी बसें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की गेट मीटिंग में डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाए जाने की मांग की है। मीटिंग में शाखाध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि परमिट शर्तों का उल्लंघन कर निजी बसों का संचालन कर परिवहन निमग को नुकसान पहुंचा रहे है। राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अवैध संचालन से निगम को चपत लगायी जा रही है। शासन का निर्देश है कि बस अड्डे से एक किमी के परिधि में निजी बस और चार पहिया वाहन नहीं खड़े होने चाहिए, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ायी जा रही है। शाखा मंत्री विनोद मिश्रा ने मांगों को पढ़कर सुनाया। मीटिंग में साहेबराम यादव, प्रदीप दीक्षित, प्रियंका, अर्चना मिश्रा, विजय शुक्ला, बीके त्रिपाठी मौजूद रहे।

## पेड़ काटने वाले आरोपी गिरफ्तार, भेजे जेल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** अजीजगंज डैम से निकली नहर के किनारे खड़ी सूखी शीशम के पेड़ों को बिना अनुमति काटे जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कटे हुए शीशम के टुकड़ों को भी बरामद किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोप है कि सुभाष वर्मा ने अजीजगंज डैम के किनारे गांव आलोक निवासी अपने एक साथी के साथ मिलकर खेत के पास खड़ी सूखी दो शीशम के पेड़ों को काट दिया और उनके टुकड़े कर दिए। बुधवार देर रात करीब 10 बजे पुलिस टीम ने दोनों वआरोपियों को कटी हुई शीशम की वोटों सहित मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया।

# आज के ही दिन शहीद हुए थे भारत माता के तीन सपूत

### रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां के लिए फांसी का तख्ता बना था देशभक्ति का मंच

- शहीद दिवस पर शाहजहांपुर के तीन सेनानियों को प्रत्येक व्यक्ति नमन करेगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** 19 दिसंबर को शाहजहांपुर में काकोरी कांड के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह व अशफाक उल्ला खां को उनके बलिदान दिवस (शहादत) पर विशेष रूप से याद किया जाता है, क्योंकि उनका जन्म शाहजहांपुर में हुआ था और वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिम पंक्ति के क्रांतिकारियों में से थे, जिन्हें 19 दिसंबर 1927 को अलग अलग जेलों में फांसी दी गई थी। शाहजहांपुर में हर साल कार्यक्रमों के ज़रिए उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है, जिसमें दीप जलाना, हवन और पुष्पांजलि शामिल होती है, ताकि नई पीढ़ी राष्ट्रभक्ति की भावना को समझ सके।

शहीद अशफाक उल्ला खां हसरत वारसी : अशफाक उल्ला खां का जन्म शाहजहांपुर में हुआ था और वे उर्दू के बेहतरीन शायर और क्रांतिकारी थे। उन्होंने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर काकोरी कांड को अंजाम दिया था, जो ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एक बड़ा कदम था। 19 दिसंबर 1927 को पं रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल, ठाकुर रोशन सिंह को नैनी जेल और अशफाक उल्ला खां को फैज़ाबाद जेल में फांसी दी गई थी, और इसी दिन को उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। अशफाक उल्ला खां, बिस्मिल और रोशन सिंह जैसे शहीदों का बलिदान नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना जगाता है। शहीदों की नगरी शाहजहांपुर में एक नहीं बल्कि तीन-तीन शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। अमर शहीद अशफाक उल्ला खं का जन्म शहर के मोहल्ला एमएनजई जलाल नगर में 22 अक्टूबर 1900 में हुआ। इस अमर शहीद की तमाम चीजें आज भी इनके परिवार ने संभाल कर रखी हैं, जिनमें जेल में लिखी उन उनकी एक एक चिट्ठियां शामिल हैं। उनके परिवार में उनके तीन पोते आज भी उनकी विरासत को जिंदा रखे हुए हैं। अशफाक उल्ला खां और पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की दोस्ती आज भी मुल्क में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करती है।



एमनजई जलालनगर में शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार। ● अमृत विचार



स्मारक परिसर की सफाई करते निगम कर्मचारी। ● अमृत विचार



नगर निगम परिसर में लगीं शहीदों की प्रतिमाएं। ● अमृत विचार

### हिन्दू मुस्लिम एकता उदाहरण पेश किया : अशफाक उल्ला



शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने 98 वें बलिदान दिवस पर क्रांतिकारियों को याद करते हुए अपने संदेश में कहा कि काकोरी के अमर नायकों का बलिदान आज की युवा पीढ़ी को याद रखने की जरूरत है। क्रांतिकारियों ने एकता और सच्ची वतनपरस्ती का जो पैगाम दिया था।

### तीनों शहीदों की देशभक्ति बेमिसाल है : प्रियांशु प्रताप



ठाकुर रोशन सिंह के प्रपौत्र प्रियांशु प्रताप सिंह ने कहा कि शाहजहांपुर के इन तीन क्रांतिकारियों ने इस धरती को पावन बना दिया। हम सब बलिदानियों के हमेशा ऋणी रहेंगे। बिस्मिल, रोशन, अशफाक की मित्रता और देशभक्ति अपने आपमें बेमिसाल है। हमारी युवा पीढ़ी को इन अमर बलिदानियों से सीख लेने की आवश्यकता है।



उद्यान में पं रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा।

### शहीदों की प्रतिमाएं दिलाती हैं उनके बलिदान की याद

महानगर में कई स्थानों पर शहीद अशफाक उल्ला खां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाएं लगी हैं। रेलवे स्टेशन परिसर, नगम निगम परिसर, शहीद पार्क, बिस्मिल पार्क, एबीरिच इंटर कालेज, शहीद संग्रहालय आदि में शहीदों की प्रतिमाएं और चित्र लगे हैं। जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने जाते हैं। जो हर वक्त उनकी कुर्बानी को याद दिलाती हैं। यहां के एवीरिच इंटर कॉलेज में अशफाक उल्ला खां और राम प्रसाद बिस्मिल ने एक साथ एक ही क्लास में पढ़ाई की थी। आजादी के लिए दोनों को ही काकोरी कांड में 19 दिसंबर 1927 को फांसी दे दी गई। अशफाक उल्ला खां को फांसी देने से पहले जब उनकी आखिरी ख्वाहिश पूछी गई तो उन्होंने कहा था - कुछ आरजू नहीं है, है आरजू तो यह है, रख दे कोई जरा सी खाक-ए-वतन कफन में।

### नगर निगम ने कराई स्मारक परिसर की सफाई

**शाहजहांपुर :** महानगर के मोहल्ला ऐमन जई जलालनगर में शहीद ए वतन अशफाक उल्ला खां हसरत वारसी का स्मारक है। यहां शहीद की जयंती और बलिदान दिवस पर नगर निगम विशेष अभियान चलाकर सफाई कराता है। बलिदान दिवस कार्यक्रम से एक दिन पहले स्मारक परिसर की घास फूंस और झाड़ झंखाड़ को कर्मचारी लगाकर युद्ध स्तर पर साफ किया जाता है। परिसर में बच्चों के लिए झूले आदि भी लगे हैं। मजार परिसर और स्मारक के गेट पर ताला लगा रहता है। ताकि असामाजिक तत्व किसी चीज को क्षति न पहुंचा सकें। मजार परिसर में कई अन्य कब्रें भी हैं। यहां शहीद का नाम परिचय प्रस्तुत करता कोई पोस्टर, बैनर नहीं लगा है।

### क्रांतिकारियों को नमन



संकल्प संस्था के संस्थापक डा. अवधेशमणि त्रिपाठी ने बिस्मिल उद्यान की कई वर्षों से जिम्मेदारी संभाल रखी है। वह कहते हैं कि शाहजहांपुर की पावन धरती का बहुत बड़ा सौभाग्य है कि स्वतंत्रता आंदोलन में यहां के क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। हम लोग सदैव इन अमर बलिदानियों को शीश नवाते रहेंगे।

# जनसंपर्क अधिकारी सुनेंगे शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने जनसुनवाई को सदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक थाना पर जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) की नियुक्ति की है। पीआरओ शिकायत की महत्वता एवं तत्कालिकता का आकलन कर प्रभारी निरीक्षक और चौकी प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए अवगत कराएगे।

एसपी राजेश द्विवेदी ने ने थाना स्तर पर नई पहल गुरुवार से शुरू की है। प्रत्येक थाना पर जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) की नियुक्ति की है, जो थाना पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सिर्फ गतिविधियों पर नजर रखेंगे बल्कि उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी लेंगे। जिस स्तर की समस्या है, उसी स्तर पर उसका बिना देर किए निस्तारण हो जाए। थाना प्रभारी की गैरमजूदगी में पीआरओ की जिम्मेदारी और बढ़ जाएगी। क्यों कि अब फरियादी थाना पर अपनी समस्या बताकर ही जाएगा। इस पहल से न सिर्फ कानून व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि जनसुनवाई में पुलिस की रैंकिंग भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि पीआरओ की जिम्मेदारी होगी कि थाना पर आने फरियादी की शिकायत को सुनेगा, शिकायत की महत्वता का आकलन कर प्रभारी निरीक्षक और चौकी प्रभारी आवश्यक कार्यवाही के लिए अवगत कराएगा, इससे जनसुनवाई पारदर्शी होगी। एसपी ने कहा कि पुलिस नागरिकों की सेवा, सुरक्षा एवं समाधान के लिए निरंतर कटिबद्ध है।

### जैतीपुर थाने के पीआरओ बने सूरजपाल पचौरी



**जैतीपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने उप निरीक्षक सूरजपाल पचौरी को जैतीपुर थाने का जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है, ताकि थाना स्तर पर जनसुनवाई की व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

- एसपी राजेश द्विवेदी ने प्रत्येक थाने पर की तैनाती
- जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के लिए की गई पहल

## घटतौली का आरोप लगाकर किसानों ने किया हंगामा

**तिलहर, अमृत विचार :** चीनी मिल में ट्राली तौल कांटे पर घटतौली का आरोप लगाते हुए किसानों ने जमकर हंगामा किया। अधिकारियों ने पहुंचकर मामला शांत कराया और कांटा ठीक कराया।

चीनी मिल के ट्रॉली तौल कांटे पर गुरुवार को कुछ किसान गन्ना लेकर पहुंचे तो उनके गन्ने के वजन में लगभग 5 कुंटल का अंतर आया। इस पर किसानों ने तौल कांटे में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरु कर दिया। इसी दौरान कुछ किसान 50 किलो का बांट लेकर तौल कांटे पर पहुंचे और उन्होंने उसका वजन किया तो 20 किलो का अंतर आया। 20 किलो का अंतर आने पर किसानों ने चीनी मिल अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और किसानों का शोषण करने का आरोप लगाया।

# बलिदान दिवस से पूर्व महानायकों को किया याद

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रचनात्मक संस्था संकल्प के तत्वावधान में काकोरी ट्रेन कांड के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला ख़ां व ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर दीपांजलि कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

खिरनी बाग स्थित बिस्मिल उद्यान में हुए आयोजन का शुभारंभ डॉ. विपिन कुमार मिश्र व नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार ने अमर बलिदानियों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उपस्थित जनों ने उद्यान में मोमबत्तियां जलाकर शहीदों के बलिदान को नमन किया। कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में भाजपा की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डॉ अवनीश मिश्रा, डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा, ज्योति गुप्ता, चंद्रवीर गंगू, जीसी मिश्रा, पद्मा गुप्ता, रेनू सक्सेना, रचना चांदना, अनामिका अवस्थी, प्रवीण मिश्रा, राकेश मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, जेपी मिश्रा, तराना जमाल, संजीव सक्सेना, शालू यादव, निमिषा मिश्रा, अरुण दीक्षित, प्रमोद पांडेय, गोपाल शर्मा, गीता पांडेय, शशि गुप्ता, सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संस्था संस्थापक डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने प्रार्थना व शांति पाठ के साथ किया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।



दीपांजलि कर बलिदानियों को किया नमन करते लोग। ● अमृत विचार

- शहर के गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में हुए शामिल

# रेल आपदा राहत टीम ने रोजा में किया मॉक ड्रिल



रोजा में एनडीआरए ने किया मॉक ड्रिल। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य के निर्देशानुसार रोजा में गुड्स लाइन नंबर 5 पर मुरादाबाद मंडल रेलवे आपदा राहत टीम ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने मॉक ड्रिल किया। रोजा गुड्स लाइन नंबर 5 में एक कोच को दुर्घटनाग्रस्त के रुप से मॉक ड्रिल के लिए प्रस्तुत किया गया, जिसमें 7 यात्रियों को गंभीर घायल तथा 25 यात्री घायल अवस्था में थे। त्वरित कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरए टीम के नेतृत्व में कमांडर रविंद्र सिंह व उनके सहायक इंस्पेक्टर पंकज जोशी एवं 33 सदस्य टीम ने अपने सभी आवश्यक उपकरणों के साथ घटना स्थल पर उपस्थित रहे। टीम में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता सतीश कुमार मीनाा आदि रहे।

## हंगामे के बाद पुलिस ने पकड़े ट्रैक्टर-ट्राली

**तिलहर, अमृत विचार :** अवैध खनन पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा। जानकारी के बाद पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रैक्टर और ट्रालियों को पकड़ लिया। खनन करने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि पुलिस मामले को छिपाने का प्रयास कर रही है।

बिरसिंहपुर चौकी क्षेत्र में बीते कई दिनों से भारी मात्रा में कठिना नदी के किनारे से अवैध बालू खनन किया जा रहा है। गुरुवार की दोपहर ढकिया रघा गांव के तमाम लोग नदी के किनारे पहुंच गए। लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों ने बताया कि खनन के कारण खेत खराब हो रहे हैं। वहीं पुलिस पर भी खनन माफिया से मिली भगत का आरोप लगाया है। इसके बाद ग्रामीणों ने खनन कर रहे लोगों को खदेड़ दिया।

# 232 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगेंगे बच्चों के लिए झूले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एक करोड़ से अधिक की लागत से आउटडोर खेल सामग्री लाने के लिए तैयारी शुरू

**अमृत विचार :** जिला के 232 परिषदीय विद्यालय परिसरों में संचालित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी केंद्रों का चयन किया जा चुका है। आंगनबाड़ी केंद्रों के नौनिहालों के लिए आउटडोर प्ले मेटेरियल उपलब्ध कराने को जिले को एक करोड़ तीन लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे सभी चयनित केंद्रों पर पांच प्रकार के झूले लगाए जाएंगे।

बुधवार को सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कलेक्ट्रेट में मंगवाए गए झूलों के सैंपल का अवलोकन किया। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि झूले मानक के अनुरुप ही बनाए जाएं। शासन द्वारा प्रत्येक केंद्र के लिए आउटडोर खेल सामग्री क्रय करने का अलग-अलग बजट निर्धारित किया गया है, ताकि बच्चे खेल के साथ मनोरंजन भी कर सकें। इसी क्रम में 84 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को फर्नीचर उपलब्ध कराए जाने की तैयारी भी की जा रही है। स्कूलों में फर्नीचर भेजे जाने से पूर्व सीडीओ ने बीएसए के साथ फर्नीचर का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर झूले लगने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा।

## इग्नू ने पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अधिसूचना की जारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र में ओडीएल मोड तथा ऑनलाइन मोड में 350 से अधिक कार्यक्रमों (पाठ्यक्रमों) में प्रवेश लेने हेतु अधिसूचना जारी की है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर लिंक के माध्यम से ओडीएल मोड में तथा ऑनलाईन मोड में 31 जनवरी 2026 तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इग्नू के समन्वयक डा. प्रभात शुक्ल ने बताया कि 16 दिसम्बर 2025 से इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ की है, इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल पर जाकर सर्वप्रथम अपनी डीईबी आईडी बनानी होगी।

# शीत लहर के चलते स्कूलों में अवकाश करने की मांग



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर शीत लहर के चलते जनपद के विद्यालयों में शीत अवकाश करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में तापमान लगातार गिर रहा है और शीतलहर के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विद्यालयों में कमरों का तापमान न्यूनतम हो गया है। जिससे विद्यार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विद्यार्थियों में तमाम स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें देखने को मिल रही हैं। किसी के साथ अप्रिय घटना होने पर विद्यालय के स्टाफ को ही समस्या होगी। सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने विचार विमर्श के निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

# अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग बनें अल्पसंख्यक: सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गुरुवार को पुराना जिला चिकित्सालय स्थित सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने की।

इस मौके पर सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और अल्पसंख्यक समुदाय को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने अल्पसंख्यक अधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संवैधानिक प्रावधानों तथा वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान डीएमओ रोहित सिंह ने अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न धर्म गुरुओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। गोष्ठी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पीसीआई जिला प्रभारी अनीता सिंह, डा विजय जौहरी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, भंते चंद्र रत्न, अनूप सिंह, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, राजू बग्गा, रामसेवक गौतम, गुलिस्तां खान एडवोकेट, डीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ सहायक जीशान इलाही, केएम शर्मा आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएमओ रोहित कुमार सिंह।




विचार गोष्ठी को संबोधित करते सीएमओ डॉ. विवेक मिश्र। ● अमृत विचार

### मदरसा नुरुल हुदा में लगी क्राफ्ट प्रदर्शनी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर मदरसा नुरुल हुदा, बिजली पूरा में क्राफ्ट प्रदर्शनी एवं पाक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुभारंभ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने मदरसा के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित मॉडल, कागज व बेकार वस्तुओं से बनाए सामान आकर्षण का केंद्र रहे।

# किसान पाठशाला में दिया गया प्राकृतिक खेती पर जोर

संवाददाता, खुदागंज

- दलहन-तिलहन और हरी खाद के उपयोग की दी गई जानकारी

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र के ग्राम कोठा खेतल स्थित पंचायत भवन में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला में किसानों को दलहन और तिलहन फसलों के साथ प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में किसानों को हरी खाद के उपयोग पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। बताया गया कि हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है और फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इसके साथ ही रबी फसलों में खरपतवार नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। किसान पाठशाला में फार्मर रजिस्ट्री के महत्व और उपयोगिता को भी समझाया गया। अधिकारियों ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है और उनकी पहचान सशक्त होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक के निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में नारकोटिक्स विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इस पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जाए। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत की गई कार्रवाइयों की भी जानकारी ली और नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त और निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### घर के बाहर से ट्राली चोरी

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गिरगिचा निवासी अवधेश कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम को अपने घर से कुछ दूरी पर मंदिर के पास ट्राली खड़ी कर दी थी। उसका आरोप है कि गांव सरसवां का एक व्यक्ति ट्राली चुराकर ले गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वांछित अभियुक्त पुलिस ने पकड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक विवेक कुमार ने बताया कि सदर बाजार क्षेत्र की एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था कि आरोपी शिवम निवासी सरायकाइया थाना रामचंद्र मिशन् ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध स्थापित किए थे। बाद में आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने आरोपी शिवम को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### महिला को गलत नीयत से दबोचा, दी तहरीर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 16 दिसंबर की रात 10 बजे घर पर अकेले थी। आरोप है कि गांव का एक युवक मकान की दीवार फांदकर घर में घुस आए। आरोपी ने उसको गलत नीयत से पकड़ लिया। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया। आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने कैफे को किया सील, जांच शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा में एक कैफे एक महिला के निर्वस्त्र हालत में वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने कैफे को सील कर दिया है। कैफे संचालक ने एक महिला और उसके साथियों पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी थी। संचालक ने 50 हजार रुपये की रंगदारी लेने और अतिरिक्त एक लाख रुपये का दबाव बनाने, मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया था। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि एक महिला के निर्वस्त्र हालत का वीडियो वायरल होने के मामले कैफे को सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस जांच कर रही है कि कैफे में अवैध धंधा हो रहा था या नहीं।

### दो बाइकों को ले गए चोर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला वर्कजई निवासी संजय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 12 दिसंबर की सुबह आठ बजे मंडी में सब्जी लेने के लिए आए और एक स्थान पर बाइक खड़ी कर दी। वह सब्जी लेकर वापस गए तो बाइक गायब मिली ।पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कांट थाना क्षेत्र के गांव सिकराइन निवासी मोहित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 12 दिसंबर को दोपहर बेक के बाहर बाइक खड़ी करके अंदर चला गया। वह लौटकर आए तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

## भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले पार्टी कार्यकर्ताओं की पुलिस से हुई झड़प, टूटी बैरिकेडिंग, पुलिस कर्मी समेत कई घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय के घेराव के लिए बुधवार को सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा सोनिया गांधी और नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि हाल ही में अदालत द्वारा ईडी को फर्जी केस बनाने के मामले में फटकार लगाए जाने के बाद भाजपा और ईडी की कार्यप्रणाली बेनकाब हो गई है।

सुबह से ही टुकड़ियों में कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पहुंचने लगे। दोपहर तक कार्यालय परिसर और आसपास का इलाका कार्यकर्ताओं से भर गया। यहां आयोजित सभा में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को फंसाने का काम कर रही है, लेकिन अब सच्चाई सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ईडी का सबसे अधिक दुरुपयोग किया गया, लेकिन न्यायपालिका ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। रजनीश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता किसी से डरने या दबने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा कांग्रेस कार्यालय को चारों ओर से घेरा गया है, लेकिन इसके बावजूद कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय का घेराव करने के लिए आगे बढ़ेंगे। प्रदर्शन में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, सुरेश चंद्र शुक्ला, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, बीएन यादव, तनवीर सफदर, सईद अंसारी, अर्चना वाल्मीकि, रफी उल हसन, अदीब अहमद सिद्दीकी, अरुणोद मिश्रा, जाने आलम, अच्छन खान, सय्यद तनवीर, आशीष तिवारी, रवि शुक्ला, आलोक शर्मा, सत्येंद्र त्रिवेदी, कलीम खान, सय्यद रहमान, रामजी शुक्ला, प्रत्यूष मिश्रा, फरमान खान, शाश्वत मिश्रा, नूरे सहर बी, बिंदेश्वरी राज, पूनम पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैरिकेडिंग तोड़ते कांग्रेस कार्यकर्ता और मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार



प्रदर्शन करते हुए कार्यालय जाते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने दी चेतावनी

पुलिस प्रशासन द्वारा मान–मनौव्वल किए जाने पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी वहीं धरने पर बैठ गए। रजनीश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को शांत कराते हुए कहा कि कांग्रेस गांधीवादी विचारधारा में विश्वास रखती है और हिंसा नहीं चाहती, लेकिन यदि नाजायज तरीके से दबाने की कोशिश की गई तो पीछे हटने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आज कार्यकर्ता वापस जा रहे हैं, लेकिन आगे पूरी ताकत के साथ फिर आंदोलन किया जाएगा।

### महिलाएं और पुलिस कर्मी भी हुए घायल

घेराव को लेकर पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए थे, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश के आगे एक बार पुलिस को भी पीछे हटना पड़ा। नगर निगम के पास दोबारा बैरिकेडिंग लगाकर जुलूस को रोका गया, जहां जबरदस्त धक्का–मुक्की हुई और बैरिकेडिंग तोड़ दी गई। इस दौरान कांग्रेस के महिला और पुरुष कार्यकर्ता घायल हो गए, वहीं भिड़ंत में महिला पुलिस कर्मी भी घायल हुईं। आगे बढ़ते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेट बैंक तक पहुंच गए।

### सत्यमेव जयते की तख्तियां लेकर आगे बढ़े कार्यकर्ता

सभा के बाद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों का हुजूम सत्यमेव जयते लिखी तख्तियां हाथों में लेकर आगे बढ़ा। भारी पुलिस बल ने जुलूस को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं के जोश के आगे पुलिस को पीछे हटना पड़ा।

### एडीएम एफआर के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में साइबर ठगों द्वारा एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाए जाने का मामला सामने आया है। ठगों ने इस फर्जी आईडी पर एडीएम और उनकी पत्नी की तस्वीरें भी लगा दी हैं, ताकि लोग आसानी से उस पर विश्वास कर सकें। मामले की जानकारी स्वयं एडीएम ने सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

एडीएम अरविंद कुमार ने कुछ समय पहले अपनी फेसबुक आईडी बनाई थी, जिस पर वह अपने दैनिक कार्यों और पारिवारिक गतिविधियों से जुड़ी तस्वीरें साझा करते हैं। उन्हें जानकारी मिली कि उनके नाम से एक अन्य फेसबुक आईडी सक्रिय है, जिसमें उनकी और पत्नी की फोटो लगी हुई है। जब उन्होंने स्वयं इस आईडी को देखा तो वह हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने अपनी वास्तविक फेसबुक आईडी से एक संदेश साझा कर लोगों को सचेत किया। अपने संदेश में एडीएम ने लिखा है कि उनकी जानकारी के बिना किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है। उन्होंने अपील की है कि उस आईडी से न जुड़ें।

## कुर्क भूमि पर दबंगों ने बो दी गेहूं की फसल, शिकायत पर पुलिस ने जुतवाया

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई कृषि भूमि पर गेहूं की फसल बोने के मामले में लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई लालपुर उर्फ बड़ागांव क्षेत्र में की गई, जहां कुर्क भूमि पर अवैध रूप से गेहूं की बुवाई कर दी गई थी।

राजस्व विभाग के लेखपाल विनय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर 8 अक्टूबर 2025 को सदर बाजार थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा में भूमि को कुर्क किया गया था। कुर्की के समय इस भूमि पर बाजरे की फसल खड़ी थी। सरकारी बोर्ड भी लगाया गया था। हाल ही में क्षेत्र भ्रमण के दौरान लेखपाल द्वारा कुर्क की गई भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि बाजरा की फसल काटकर खेत में गेहूं की बुवाई कर दी गई है। लेखपाल ने गांव के लोगों से पूछताछ की तो ग्रामीणों ने बताया कि नवादा निवासी उपेंद्र सिंह और खिरिया लालपुर उर्फ बड़ागांव निवासी श्रीपाल

ने मिलकर सरकारी घोषणा बोर्ड हटाया था। इसके बाद बाजरा की फसल काटकर गेहूं की फसल की बुवाई कर दी। लेखपाल की शिकायत पर बुधवार शाम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया।

इसके बाद पुलिस टीम ने राजस्व विभाग के लेखपाल विनय कुमार की मौजूदगी में गैंगस्टर एक्ट में कुर्क की गई भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर नष्ट करा दिया। इस दौरान मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने बताया कि कुर्क संपत्ति से छेड़छाड़ करना गंभीर अपराध है। मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।



कुर्क भूमि पर बोई गई गेहूं की फसल को ट्रैक्टर से जुतवाती पुलिस। ● अमृत विचार

- सरकारी बोर्ड हटाकर की गई बुवाई, पुलिस ने गेहूं की फसल जुतवाकर कराई नष्ट

### सर्राफा दुकान से हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**सिधौली, अमृत विचार:** कस्बे में बुधवार रात ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा गांधी नगर निवासी नितिन गुप्ता की सिधौली कस्बे में नितिन ज्वेलर्स के नाम से दुकान है।

नितिन गुप्ता के अनुसार 17 दिसंबर की रात करीब एक बजे अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर शटर काटा और अंदर घुस गए। चोरों ने नकदी जेवर समेत लाखों की चोरी कर ली थी। इस प्रकरण में नितिन गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है और पूछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## नए सर्किल रेट को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई अहम बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नए सर्किल रेट निर्धारित करने के संबंध में प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण हेतु बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में किया गया। बैठक में आपत्तिकर्ताओं की उपस्थिति में प्रस्तावित सर्किल दरों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) द्वितीय संशोधन नियमावली 2013 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत जिला शाहजहांपुर में संपत्ति मूल्यांकन सूची दिनांक 5 जनवरी 2024 से लागू की गई थी। शासनादेश के क्रम में वार्षिक पुनरीक्षण करते हुए आगामी प्रभावी होने वाली मूल्यांकन सूची को अनन्तिम रूप से आम जनता के अवलोकन के लिए प्रकाशित किया गया था। प्रस्तावित दरों की प्रतियां अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा उपनिबंधकों के कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई थीं। प्रस्तावित सर्किल दरों के संबंध में जनसामान्य से आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई थी। आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 21 नवंबर 2025 निर्धारित की गई थी। उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 के नियम-4 उपनियम-1 के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा जारी मूल्यांकन सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के संबंध में बैठक में प्राप्त सभी आपत्तियों का आपत्तिकर्ताओं की उपस्थिति में निस्तारण किया गया। निस्तारण के उपरांत नई मूल्यांकन सूची को अंतिम रूप देते हुए लागू किया जाएगा। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व, सहायक महानिरीक्षक निबंधन, जिला के समस्त उपनिबंधक आदि रहे।



बैठक में मौजूद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- 01 जनवरी 2026 से जिले में लागू होंगी नई दरें
- आपत्तिकर्ताओं की मौजूदगी में हुआ निस्तारण

## कैफे मालिक से रंगदारी मांगने वाली महिला गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में रंगदारी मांगने की आरोपी महिला। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कैफे संचालक से रंगदारी मांगने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। रोजा थाना क्षेत्र के गांव बल्लिया निवासी सुनील ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनका बल्लिया में गोल्डन कैफे सहारा फील्ड के नाम से है। 13 दिसंबर को शाम 6.30 बजे कैफे पर शहाना बेग और उसके साथी कैफे का मुख्य दरवाजा तोड़कर कैफे में घुस आए और कहने लगे कि यहां देह व्यापार होता है। विरोध किया तो आरोपी महिला और उसके साथी मारपीट करने और वीडियो बनाने लगे। धमकी देकर 50 हजार रुपये ले लिए और एक लाख की मांग करने लगे। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग कछियानी खेड़ा के पास देर शाम 8:00 बजे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। वहां से गुजर रहे लोगों ने सूचना पीआरबी 112 को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को एंबुलेंस की सहायता से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

जहां से डॉक्टरों ने युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ले बहादुरगंज निवासी विजेंद्र पाल ने युवक की पहचान पुत्र संजू रूप में की है। उन्होंने बताया वह बंथरा स्थित कोका-कोला फैक्ट्री में काम करता है। शाम को फोन करके उन्हें बताया था कि वह मीरानपुर कटरा में आर्डर लेने गया था वहां से ऑर्डर लेकर फैक्ट्री जा रहा था इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

## ट्रेनिंग एकेडमी के नाम पर 4.76 लाख ठगे

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सिंधौली थाना क्षेत्र के पैना बुजुर्ग में रहने वाली महिला से जालसाज महिला ने फर्जी ट्रेनिंग के नाम पर 4.76 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने सदर बाजार थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पैना बुजुर्ग निवासिनी रमनदीप कौर ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी जान पहचान उत्तम विहार दिल्ली निवासिनी शिवानी से हुई। शिवानी ने बताया कि वह यूके से सर्टिफाइड इमीग्रेशन की कर्मचारी हूं और ट्रेनिंग एकेडमी चलाती है।

जो लोग इमीग्रेशन कंपनी चलाना चाहते है, उनको सही तरीके से वीजा ट्रेडिंग करती हूं। आरोपी ने उससे आठ लाख रुपये कंपलीट कोर्स तय किया तथा अंडर ट्रेनिंग वर्क की फाइनल बात की। 03 दिसंबर को आरोपी ने रमनदीप कौर से दो लोगों रमनदीप निवासी बरसौना जिला हरदोई व जितेंद्र निवासी रोशनपुर जिला हरदोई का वीजा परमिट ट्रेनिंग कोर्स आठ-आठ लाख रुपये में तय किया।

आरोपी ने उससे एक अन्य व्यक्ति ओम शर्मा निवासी अमृतसर का हंगरी स्टडी वीजा 6 लाख रुपये में शिवानी से तय किया, जिसमें एक लाख रुपये एंडवास देने की बात तय हुई थी।

पांच लाख रुपये वीजा आने के बाद देना तय हुआ था। पीड़िता ने 27 नवंबर 2024 को अपने नंबर से आरोपी के नंबर पर छह हजार रुपये ट्रांसफार किए। पीड़िता ने ऑन लाइन 1.76 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी ने कहा कि एक व्यक्ति घर पर आएगा, उसको रुपये दे देना।

पीड़िता ने उसे दो लाख रुपये दे दिए। ठगी की जानकारी होने पर पीड़िता ने रुपये मांगे तो धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने थाना सदर बाजार में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- आरोपी महिला ने पीड़िता को बताया कि वह यूके से सर्टिफाइड इमीग्रेशन की कर्मचारी है

### मूकबधिर महिला से की छेड़छाड़

**खुटार, अमृत विचार :** मजदूरी करने गई मूकबधिर महिला के साथ शोहदे ने अश्लील हरकत की। पीड़िता के चीखने पर उसकी सास मौके पर पहुंच गई और आरोपी के चंगुल से पीड़िता को छुड़ाया। पीड़िता की सास ने बताया कि आरोपी अपराधिक प्रकृति का व्यक्ति है। आरोपी ने थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की सास ने बताया कि उनके बेटे की 22 नवंबर को मौत हो गई थी। तब से वह और उसकी मूकबधिर बहू साथ रहते हैं।


श्रद्धांजलि सभा/ब्रह्म भोज



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे पूज्य पिता जी

श्री रविन्द्रनाथ कुनार

का देहांत 10.12.2025 हो गया उनका
क्षौर कर्म दिनांक 19.12.2025 (शुक्रवार) को
श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्म भोज दिनांक 20.12.2025 (शनिवार) को
शमशान बंधु, संबंधी एवं अन्य भोज दिनांक 21.12.2025 (रविवार) को
दोपहर 1.00 बजे से
मैत्रायी क्लब, नार्थ ऑफिस पारा, डोरंडा, रांची में
आयोजित किये जायेंगे

श्रद्धावनत
सबीता कुनार (धर्मपत्नी)
पार्थो कुनार - श्वेता कुनार (पुत्र-पुत्रवधु)
अरिंदम कुनार - सुनीति कुनार (पुत्र-पुत्रवधु)
अदित्य कुनार, आयुष कुनार (पौत्र)
एवं समस्त परिवार
+91 9631660415/9897100010/9582209092


## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नाना की दवा लेने के लिए जा रहे युवक की बाइक को मोहम्मदी रोड पर ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में युवक और उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी को परिजन निजी अस्पताल ले गए। हादसे की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव माडर निवासी महावीर सिंह (28) बुधवार शाम को निगोही थाना क्षेत्र निवासी अनुज यादव के साथ अपने नाना की दवा लेने के लिए बाइक से मोहम्मदी रोड पर जा रहे थे। पसगवां थाना क्षेत्र में सुखवसा छोटी नहर के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महावीर और अनुज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं चालक ट्रक लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस महावीर और अनुज को लेकर पसगवां सीएचसी पहुंची। जहां डॉक्टरों ने महावीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुज की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई। हादसे की खबर सुनकर महावीर के परिवार में कोहराम मच गया। महावीर सिंह अपनी छह बहनों के इकलौते भाई थे। उनकी शादी पांच साल पहले खुशबू से हुई थी। और उनका एक दो साल का बेटा है। इस घटना की जानकारी मिलने पर जैतीपुर के माडर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। महावीर की मौत से पत्नी खुशबू, पिता विशेषपाल, माता सावित्री का रो रोकर बुराहाल है।



महावीर सिंह।

- बाइक से नाना की दवाई लेने के लिए जा रहा था महावीर
- मोहम्मदी रोड पर ट्रक ने बाइक को सामने से मारी टक्कर

### हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

कलान थाना क्षेत्र के मोहल्ला उल्फत नगर निवासी अमित कुमार (25) की शादी तीन साल पहले बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव सौलिया निवासी रेखा देवी के साथ हुई थी। उसकी पत्नी गर्भवती होने के कारण मायके में थी। वह चार दिन पूर्व शाम को बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। मदनापुर थाना क्षेत्र के हैदलपुर में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार अमित घायल हो गया। उसका बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार देर शाम अमित की मौत हो गयी। परिवार वाले उसका शव लेकर मदनापुर थाना पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नवजात बेटे के सिर से उठा पिता का साया

मृतक अमित की गर्भवती पत्नी रेखा देवी मायके में रह रही थी। बुधवार को उसके पति अस्पताल में मौत हो गयी। इधर उसकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया। नवजात बेटे को दुनिया में आते ही पिता का साया नहीं मिल सका। खुशियां मातम में बदल गयी। मृतक के पिता श्रीपाल मजदूरी करके पालन पोषण करके परिवार का पालन पोषण करते है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। मौत खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। अमित की मौत से परिजनों का बुराहाल है।



# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch.
Neurosurgery
(AIIMS)
Senior
Consultant
Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रात: 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

# रास नहीं आ रही वंदे भारत ट्रेन

## यात्रियों पर पड़ रहा अधिक किराये का बोझ, ट्रेन संचालन का समय भी सही नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सहारनपुर से गोमतीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन लोगों को रास नहीं आ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण किराया महंगा होना और ट्रेन के संचालन का समय माना जा रहा है। रिजर्वेशन टिकट घर से वंदे भारत के प्रतिदिन करीब 20 टिकट बिक रहे है और पूरी ट्रेन खाली जा रही है।

रेल प्रशासन ने यात्रियों के आरामदायक सफर के लिए गोमतीनगर से सहारनपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का 9 दिसंबर से नियमित किया गया था। यह ट्रेन आठ कोच की है, जिसमें सात कोच चेयर कार एक कोच एग्जीक्यूटिन का है। ट्रेन में 530 सीटें है। यात्रियों को टिकट के साथ नाश्ता, दोपहर और शाम का भोजन मिलेगा। इसके अलावा डिमांड पर चिकेन की बिरियानी मिल सकती है। डाउन लाइन की वंदे भारत ट्रेन का आने का समय 11 बजकर 07 मिनट और अप लाइन के आने का समय शाम को 06 बजकर 10 मिनट है। वंदे भारत ट्रेन का शाहजहांपुर से बरेली का किराया 490 रुपये, शाहजहांपुर से सीतापुर का किराया 445 रुपये, शाहजहांपुर से गोमतीनगर का किराया 815 रुपये, शाहजहांपुर से मुरादाबाद का किराया 830 रुपये, शाहजहांपुर से रुड़की का किराया 1095 रुपये और शाहजहांपुर से सहारनपुर का किराया 1155 रुपये है। जबकि मेल और एक्सप्रेस का किराया काफी कम है। खास बात यह है कि अन्य ट्रेनों की तरह वंदे भारत ट्रेन गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने पर उतना ही समय लगता है। डाउन और अप लाइन की ट्रेन खाली दौड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सबसे बड़ा कारण ट्रेन का किराया अधिक और ट्रेन का संचालन समय से माना जा रहा है।



वंदे भारत ट्रेन। ● अमृत विचार

### देहरादून तक चलने पर बढ़ेगी आय

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को गोमतीनगर से सहारनपुर तक के लिए संचालित किया है। यदि इस ट्रेन का संचालन देहरादून तक कर दिया जाए तो लोगों को हरिद्वार जाने के लिए काफी राहत मिलेगी। रेल की आय में इजाफा होगा। हरिद्वार के लिए जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस जाती है, जिसमें काफी भीड़ रहती है और रिजर्वेशन नहीं मिलता है। रेल कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इसे देहरादून तक कर दिया जाए तो बेहतर रहेगा।



वंदे भारत ट्रेन के कोच खाली।

# खेल सप्ताह का पुरस्कार वितरण के साथ समापन



विजेताओं को पुरस्कार देतीं अतिथि।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बचपन स्कूल में खेल सप्ताह का समापन समारोह स्वर्ण जयंती स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवारनिवृत्त सीओ राम नरेश यादव, समाजसेवी विनय अग्रवाल तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर किया। परी नमकीन के मालिक विनय अग्रवाल व शिल्पी गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। खेल सप्ताह का समापन मेडल वितरण के साथ हुआ। अंत में निर्देशिका सुधा यादव व प्रधानाचार्य उज़्मा खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एसएसपीएस स्पोटर्स कार्निवल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निदेशक ने खिलाड़ियों को वितरित की टीशर्ट
- कार्यक्रम में छात्राओं को बताए गए महिला शक्ति के गुण

**अमृत विचार :** श्री सन्तनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल, मिर्जापुर में आयोजित एसएसपी एस स्पोर्ट्स कार्निवल 2025 के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिताओं में उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संस्थापक सन्तनपाल सिंह यादव ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, जो तनाव मुक्ति के साथ-साथ आपसी भेदभाव एवं मतभेद को समाप्त करता है। कॉलेज के डायरेक्टर नीलेश यादव ने कहा कि परिश्रम और ईमानदारी ही सफलता की कुंजी है।

चेयरमैन ने महिला शक्ति को आगे बढ़ाने हेतु विशेष रूप से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। डायरेक्टर और चेयरमैन ने सम्मान स्वरूप उपहार के रूप में टी-शर्ट वितरित की। उन्होंने घोषणा की कि टूर्नामेंट हेतु पंजीकरण 19 दिसम्बर तक खुले रहेंगे। इस आयोजन के सफल संयोजन में डॉ. पल्लवी सक्सेना, डॉ. विवेक सिंह पटेल, डॉ. मयंक राज गौड़, डॉ. शशि कुमार, डॉ. वी.एम. गुप्ता, डॉ. अरुण अवस्थी, डॉ. अरूणदीप एवं डॉ. संजय यादव का विशेष योगदान रहा। संचालन एवं व्यवस्थापन की जिम्मेदारी प्राचार्य डॉ. हनी एसआर प्रसाद सहित डॉ. ज्ञानेन्द्र यादव, डॉ. दीपक यादव, डॉ. शीना, डॉ. शुभम गुप्ता, डॉ. अभिषेक कुमार शुक्ला, डॉ. आदित्या, डॉ. रेखा एवं डॉ. रवि पाण्डेय ने निभाई।

# बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अवैध कट बंद करने और दोषियों पर कार्रवाई के आदेश
- कोहरे में हादसे रोकने को सुरक्षात्मक कार्य होंगे

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध कटों को प्रभावी ढंग से बंद कराया जाए और इन्हें तोड़ने या हटाने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवश्यकता के अनुसार पट्टी, संकेतक, रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड और ब्रेकर जैसे सुरक्षात्मक कार्य प्राथमिकता पर कराए जाएं, ताकि कोहरे के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विभाग की लापरवाही से दुर्घटना होती है तो संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि टोल प्लाजा से सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में नियमित अनाउंसमेंट कराया जाए। साथ ही नगरिया मोड़ की हाई मास्ट लाइट को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि नेशनल हाईवे पर लगी सभी लाइटें रात्रि में जलती रहें और सड़क पर बने गड्ढों को शीघ्र भरवाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिना नंबर प्लेट के कोई भी डंपर सड़क पर न चलने पाए और सभी डंपरों पर रिफ्लेक्टर सही स्थिति में लगे हों। जिलाधिकारी ने एडीएम प्रशासन और एआरटीओ को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# संसद में उठाई डिजिटल शिक्षा और कौशल विकास की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



संसद भवन में मांग रखते सांसद अरुण सागर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक संस्थान का पूर्ण विकसित स्थायी केंद्र स्थापित किए जाने की मांग संसद सांसद अरुण सागर ने की है। उन्होंने लोगों को डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण और तकनीकी कौशल की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एनआईईएलआईटी का स्थायी केंद्र बनाने की आवश्यकता बताई।

सांसद ने पत्र के माध्यम से कहा कि जिला सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा है। यहां एससी व ओबीसी वर्ग की आबादी अधिक है। इसके बावजूद जिले में डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण और तकनीकी कौशल विकास की सुविधाएं लगभग न के बराबर हैं। इस कारण युवाओं, महिलाओं और छात्र-छात्राओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसरों से वंचित रहना पड़ रहा है। 28 नवंबर को ष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक संस्थान गोरखपुर के निदेशक की ओर से पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें उल्लेख किया गया कि शाहजहांपुर में यदि कम से कम 3000 वर्गफुट का किराया मुक्त, उपयुक्त और सुसज्जित भवन उपलब्ध कराया जाए, तभी जिले में एनआईईएलआईटी केंद्र स्थापित किया जाना संभव है। सांसद ने कहा कि इस पत्र से यह भी स्पष्ट होता है कि जिले की जनसंख्या को देखते हुए किसी छोटे या सीमित स्थान पर केंद्र स्थापित करने से अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा।

# छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांट, अमृत विचार:** छात्राओं से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कांट क्षेत्र में स्थित एक इंटर कॉलेज के पास गुरुवार को एक युवक स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं पर अभद्र टिप्पणियां करने और अश्लील इशारे कर रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि छुट्टी होने के वक्त वह स्कूलों और कॉलेजों के पास पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा देंगे। उन्होंने कहा कि बेटियों को घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस सुरक्षा के लिए तत्पर है।

# नई पहल नई सीख कार्यक्रम हुआ आरंभ

**सिंधौली, अमृत विचार:** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गोरा रायपुर में नई पहल नई सीख कार्यक्रम के अंतर्गत दिसंबर माह में जन्मे छात्र-छात्राओं का जन्मदिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ कृष्ण देव यादव ने फीता काटकर किया। जन्मदिवस कार्यक्रम से पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों को मिठाई खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि को फूल भेंट कर सम्मान प्रकट किया। प्रधानाचार्य अमित सिंह चौहान, सहायक अध्यापिका नेहा मिश्रा, शिक्षामित्र संध्या मिश्रा सहित कई लोग रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट) (के.जी.एम.यू. लखनऊ)
नि:शुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें +91 78952 78992
समय : प्रात: 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें। | अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# युवा सहकार सम्मेलन से खुलेंगे रोजगार और उद्यम के नए रास्ते

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बैठक को संबोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर।

- 21 दिसंबर को लखनऊ में होगा भव्य आयोजन

**अमृत विचार:** सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा युवाओं को सहकारिता आंदोलन से जोड़ने और रोजगार व उद्यमिता के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 21 दिसंबर को राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में भव्य युवा सहकार सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए शाहजहांपुर जिले के युवाओं को विशेष रूप आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने शाहजहांपुर के ऊर्जावान युवाओं, छात्र-छात्राओं और नव उद्यमियों से 21 दिसंबर को लखनऊ पहुंचकर सम्मेलन में सहभागिता करने की अपील की। एआर कोआपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि सम्मेलन में विषय विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। वहीं महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम 21 दिसंबर रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर प्रतिभाग करेंगे। बैठक में जिला सहकारी अधिकारी आनंद श्रीवास्तव, उपमहाप्रबंधक राजेश कुशवाहा, शकील अहमद, नाजिर प्रवीण, पाठक कोआपरेटिव इंटर्न अभिषेक प्रताप आदि रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### शोहदों की तलाश में सड़क पर उतरे एसपी



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज के तहत महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए एसपी राजेश द्विवेदी टीम के साथ सड़क पर उतरे। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं के बाहर छात्राओं से संवाद किया और शोहदों की तलाश की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक दिन कालेज गेट के बाहर सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएगे। पुलिस प्रशासन को सदर बाजार थाना क्षेत्र में मोहल्ला कटिया टोला में एक इंटर कालेज के बाहर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की शिकायत को एसपी ने गंभीरता से लिया। गुरुवार को एसपी राजेश द्विवेदी छुट्टी होने से पहले पुलिस फोर्स के साथ कालेज गेट पर पहुंच गए। पुलिस बल को देखते ही शोहदे वहां से खिसक गए। इस दौरान एसपी ने छात्राओं से बातचीत की और सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। छात्राओं से कहा कि कोई परेशान करता है तो पुलिस को तुरंत सूचना दे। उन्होंने विद्यालय के आसपास दुकानदारों और ठेले वालों को निर्देश दिए कि संदिग्ध लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दे। एसपी ने दुकान और ठेले के पास खड़े युवकों से पूछताछ की। साथ ही सीसीटीवी चेक कराए। एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि छुट्टी के वक्त कॉलेज गेट पर पुलिस मौजूद रहे। इस मौके पर एसपी के साथ एएसपी ग्रामीण, सीओ सिटी, थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### शहीद पार्क में हुआ काकोरी के शहीदो तुम्हें प्रणाम कार्यक्रम का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जय भारत सामाजिक संस्था की ओर से बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद पार्क में काकोरी के शहीदो तुम्हें प्रणाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद पार्क भ्रमण पर आए सैकड़ों लोगों ने प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं मोमबत्तियां जलाकर राष्ट्र एवं मां भारती के अमर सपूतों को नमन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जय भारत संस्था के अध्यक्ष राजीव कृष्ण अग्रवाल ने शहीद ए वतन अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। संस्था के अनेक पदाधिकारी लीड कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों की टीम ने भी माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर अमर बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर जय भारत संस्था के महासचिव डॉ. मयंक भूषण पांडे, संयोजक आयुष अग्रवाल, लीड कान्वेंट की प्रिंसिपल तराना जमाल, ग्रीन वैली कान्वेंट की प्रिंसिपल शशि गुप्ता, रोटरी क्लब के अजय शर्मा, धीरेंद्र गंगवार, रमन गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सिटी डायरी



### प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर में किया स्वेटर वितरण

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** भारतीय युवा चेतना मंच की ओर से प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर में बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। संस्था ने लगभग 100 बच्चों को महरूम रंग के गर्म स्वेटर वितरित किए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। संस्था अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि चिन्मय किशन त्यागी के जन्मदिन पर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए संस्था की ओर से ग्राम वाजिदपुर भावलखेड़ा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्वेटर बांटने का कार्य किया गया। प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा गोपाल दीक्षित प्रधानाध्यापिका नीरा त्यागी, शान मोहम्मद आदि रहे।



### एडीएम वित्त ने पुवायां चीनी मिल में देर रात तक की छापेमारी

**पुवायां अमृत विचार :** एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने पुवायां क्षेत्र में देर रात तक निरीक्षण और कार्रवाई की। उन्होंने नगरपालिका के रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एडीएम वित्त अरविंद कुमार सीधे पुवायां चीनी मिल पहुंचे, जहां उन्होंने मिल में कांटा जांचा और तौल प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर मिल से जुड़ी व्यवस्थाओं, तौल, भुगतान और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। किसानों ने अपनी बात एडीएम के सामने रखी, जिसे उन्होंने गंभीरता से सुना।



### एलिम्को शिविर में दिव्यांग विद्यार्थियों को मिले उपकरण

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत मीरानपुर कटरा में नेशनल हाईवे किनारे स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में एलिम्को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए 194 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को कुल 220 सहायक उपकरण वितरित किए गए। एलिम्को शिविर में विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस, बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, बीईओ हेमेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र कुमार, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रकाश द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को उपकरण प्रदान किए गए। शिविर में प्रधानाचार्य संजीव सक्सेना, केसरी मिश्रा, सभासद सर्वेद अंसारी रहे।



### रेडक्रास सोसाइटी ने छात्राओं को सम्मानित किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर जनजागरूकता अभियान के तहत इंडियन रेडक्रास सोसयाटी ने नारी सशक्तिकरण मिशन के अन्तर्गत मोहल्ला अलीजई स्थित जेडएच खान मेमोरियल गर्ल्स इन्टर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें छात्रा अजीम, राखी गंगवार, नायला, निकहत हिरा, तस्मिया आदि प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्राओं को पुरूस्कार स्वरूप रेडक्रास का मेडल पहनाकर स्वच्छता किट प्रदान कर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्री मिलेगी मूंगफली बीज की मिनीकिट

**बदायूं, अमृत विचार :** उप निदेशक कृषि मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राज्य सहायतित योजना के तहत नि:शुल्क तिलहन बीज मिनी किट वितरण किया जाता है। जावद सीजन के लिए मूंगफली फसल की बुवाई करने के लिए 20 किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट किसानों में बांटा जाएगा। बीज किट प्राप्त करने को किसानों के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कराना होगा। कृषकों स ऑनलाइन आवेदन 15 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषको को बीज मिनीकिट दी जाएगी। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट दी जाएगी।

### आज होगा पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को होगा। इसमें जिलाधिकारी अवनीश राय भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय पर संपन्न होगा। कार्यक्रम में ईसीएचएस योजनाओं की जानकारी, स्पर्श की सुविधा, स्वत: रोजगार से सम्बन्धित जानकारी, विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, बैंक ऋण की जानकारी दी जाएगी। साथ ही वीर नारियों व विजेता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों का सम्मान किया जाएगा।

### बेटी को बुलाने ससुराल गई मां को पीटा, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** बदायूं से बेटी को बुलाने उसकी ससुराल आई मां के साथ बेटी के ससुराल वालों ने मारपीट की और मां बेटी को जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदायूं के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी निशा पुत्री हंसपाल ने बताया कि उसकी मां कमलेश 16 दिसंबर को उसे बुलाने चौबारी थाना कैंट स्थित उसकी ससुराल आई थी। पति अनिल, सास मीना, देवर अरुण तथा जेठ अर्जुन ने महिला को उसकी मां के साथ भेजने से मना कर दिया। और उन लोगों ने मां कमलेश के साथ गाली गलौज तथा विरोध पर मारपीट शुरू कर दी। धक्के मार कर मां बेटी को घर से बाहर निकाल दिया। महिला ने कैंट थाने में पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# 18 साल पूरे करने वालों के मतदाता सूची में जुड़ेंगे नाम

## सूची में नाम दर्ज कराने के लिए भरना होगा फार्म नंबर छह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सूची में नाम दर्ज न होने वाले लोगों को देना होगा घोषणा पत्र और अभिलेख
- जिले में चल रहा एसआईआर काम 26 दिसंबर तक रहेगा जारी

**अमृत विचार :** मतदाता सूची 2025 में अगर नाम नहीं है तो इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को मतदाता बनने के लिए अवसर प्रदान कर रहा है। आयोग के निर्देश पर पात्र नागरिकों को मतदाता बनाने के लिए बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-छह वितरित किया जा रहा है। 1 जनवरी को 18 साल पूर्ण करने वाले युवा और छुटे हुए मतदाता अपना नाम फार्म छह के माध्यम से सूची में दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद 31 दिसंबर से दावों व आपत्तियां मांगी जाएगी। इनके मांगने की अवधि 30 जनवरी तक रहेगी।

जिले में एसआईआर का कार्य चल रहा है। यह कार्य 26 दिसंबर तक जारी है। ऐसे लोगों की तलाश हो रही है जिन्होंने एसआईआर फार्म लेने के बाद जमा नहीं किया है। वहीं नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए बीएलो द्वारा फार्म नंबर छह वितरण किया जा रहा है। उप निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि ऐसे मतदाता जो एक जनवरी 2026 को 18 साल की आयु पूर्ण कर रहे हैं या कर रहे हों और नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो मतदाता बनने का मौका दिया जा रहा है। इसके लिए उन्हें फॉर्म-छह भरना होगा। वहीं, स्थानांतरित होने के कारण गणना प्रपत्र न भर पाने अथवा 2025 की मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने वाले लोगों को घोषणा पत्र और तय अभिलेखों के साथ फॉर्म-6 भरना होगा। एडीएम ने बताया कि ऐसे युवा जो एक जनवरी 2026 या 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर को 18 साल की आयु पूर्ण कर रहे हैं व ऐसे लोग जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, उनको मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और नए मतदाता बनने के लिए निर्धारित पात्रता पूर्ण करना अनिवार्य होगा। बताया कि फॉर्म-6 ऑफलाइन भरकर बीएलओ को मतदाता के लिए देना होगा। इसके साथ ही उन्हें घोषणा पत्र भी भरकर देना होगा। साथ ही अभिलेख भी उपलब्ध कराने होंगे। इसके बाद उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करा दिया जाएगा।

## खाद की कालाबाजारी करने पर होगी कार्रवाई

**बदायूं, अमृत विचार :** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता मुन्ना लाल मिश्रा ने बताया कि इस समय उर्वरकों का पीक सीजन चल रहा है।

कृषकों में यूरिया व डीएपी की भारी मांग है। ऐसे में कृषकों को उनकी आवश्यकतानुसार यूरिया व डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराने के समितियों पर खाद का वितरण कराया जा रहा है।

संचालित समिति व केन्द्र प्रभारियों को शासन के निर्देशों पर एआर को-आपरेटिव ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी समिति पर उर्वरक की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग अन्य उत्पादों की टैगिंग न की जाए। और न ही किसी कृषक को बिना उनकी इच्छा के प्रमुख उर्वरकों के अलावा कम प्रचलित उर्वरक खरीदने के लिये बाध्य किया जाए। अन्यथा की स्थिति में संबंधित सचिव के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक व विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# एक दुकान का लाइसेंस निलंबित, चार सैंपल लिए



उर्वरक प्रतिष्ठान का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कृषि अधिकारी ने 20 से अधिक दुकानों का किया औचक निरीक्षण
- पांच दुकानों में रजिस्टर अपडेट न रखने पर नोटिस जारी किया

**अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी ने ब्लॉक उझानी, कादरचौक क्षेत्र में 20 से अधिक खाद व बीज दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक दुकान बंद मिली जिसका उन्होंने लाइसेंस निलंबित कर दिया है। साथ ही चार उर्वरकों के सैंपल लिए। उन्हें जांच को भेजे हैं। पांच दुकानों में रजिस्टर अपडेट न रखने पर नोटिस दिया है।

जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत ने गुरुवार को उझानी, मुजरिया, ज्योरपारवाला, बितरोई, कछला, ननाखेड़ा, भदरौल आदि क्षेत्र में खाद और बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद वितरण रजिस्टर और स्टॉक को देखा। निरीक्षण के दौरान एक दुकानदार अपनी दुकान कर भाग गया। उसकी दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया। कृषि अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के समय चार उर्वरकों के सैंपल लिए। लिए गए सैंपल जांच को भेजे जा रहे हैं। करीब पांच दुकानों पर अनियमितताएं मिली हैं उन्हें नोटिस जारी किया गया है।

## 10 दिन बाद भी चोरी हुई भैंसों का नहीं लगा सुराग

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव कपरोल निवासी भगवान देवी पत्नी पहलवान सिंह की घेर में बंधी भैंसों की चोरी को 10 दिन बीत चुके है। अभी तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है।

घटना 8 दिसंबर की रात की है। जब चोर घेर में बंधी भैंसों को खोलकर ले गए। सुबह जब पीड़िता भगवानदेवी घेर पर पहुंचीं तो चोरी की जानकारी हुई। चोरी के बाद परिजनों और ग्रामीणों के साथ आसपास के गांवों व संभावित ठिकानों पर भैंसों की काफी तलाश की, लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थक-हारकर पीड़िता ने थाना इस्लामनगर पहुंचकर तहरीर देकर चोरी हुई भैंसों की बरामदगी की गुहार लगाई। भैंसों की चोरी से परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है, क्योंकि यही भैंसें उनके परिवार की आय का मुख्य साधन थीं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

# भाजपा कार्यालय के घेराव की सूचना पर कांग्रेसी नजरबंद



कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह से बात करते सिविल लाइन कोतवाल हरेंद्र सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रांतीय आह्वान भाजपा कार्यालय के घेराव की सूचना पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह अपने आवास पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर, गौरव सिंह राठौर, शफी अहमद, हसन खान, सर्वेश के साथ कार्यालय के घेराव की रणनीति बना रहे थे। इसी दौरान सिविल लाइन कोतवाल हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ आवास पर पहुंचे और सभी को नजरबंद कर दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को परेशान करने के लिएकेस दर्ज किए जा रहे हैं। खासकर गांधी परिवार को सताने के लिए केस किया गया है। शहर अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने कई लोगों पर केस करके सताया है। कहा कि ईडी-सीबीआई के केस डालकर उनका राजनीतिक उपयोग किया गया। केस डालकर कई सांसदों को अपनी ओर ले लिया है। कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

# 10 साल की सजा, 70 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने दोषी माना है। दोषी को 10 साल के कठोर कारावास समेत 70 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की पूरी धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के लिए दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने 14 जून 2017 को थाना इस्लामनगर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दोपहर लगभग 1 बजे वह और उसकी पत्नी किसी काम से नगर इस्लामनगर गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में रंजीत उनके घर में घुस आया और उनकी 14 साल की बेटी को बहला फुसलाकर बाइक से ले गया। वह गांव लौटे तो ग्रामीणों ने उसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपनी बेटी को इधर-उधर तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। किशोरी को बरामद कर लिया गया। उसने बताया कि माता-पिता इस्लामनगर गए थे तो अगरास निवासी रंजीत उसे घुमाने ले जाने की बात कहकर साथ ले गया था। मना करने पर उसने जबरदस्ती बाइक पर बैठा लिया। उसे कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गई। रंजीत उसे दिल्ली में कमरे पर ले गया जहां किशोरी के साथ गलत काम किया। न्यायालय में इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव अगरास निवासी रंजीत पर नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया था। आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई है।

### कातिलाना हमला के दो दोषियों को 10-10 साल की कैद

**बदायूं, अमृत विचार :** घर में घुसकर कातिलाना हमला करने के दो आरोपियों को सत्र न्यायाधीश विवेक सगल ने 10–10 साल की कैद समेत सात–सात हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के बिचपुरी निवासी महेंद्र सिंह ने 8 मई 2014 को तहरीर देकर बताया था कि गांव के होरीलाल और दरियाब से जमीन का पुराना विवाद चल रहा है। कई दिन से आपसी झगड़ा होता रहा है। 7 में 2014 को उसने राम खिलाड़ी और गांव के अन्य लोगों से कहा कि गांव के झगड़े से बढ़िया पंचों का फैसला होता है। कल सभी लोग बैठकर फैसला कर दें। आरोप है कि विरोधी तमंचे और राइफल लेकर आ गए। कहा कि वह कौन होते हैं पंचों से फैसला कराने वाले। उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और फायरिंग की। जिससे राधे और विजय को गोली लग गई। दोनों को अलीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। न्यायालय में राजेंद्र, भजनलाल उर्फ पप्पू पर घर में घुसकर कातिलाना हमला करने का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के डीजीसी अनिल कुमार सिंह राठौड़ और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# जगह-जगह धधक रहीं भट्ठी बन रहे कोयले से लोग परेशान

संवाददाता उसहैत



कोयला बना रही कच्ची भट्ठी।

**अमृत विचार :** सर्दी शुरू होते ही हर साल कोयला माफिया सक्रिय हो जाते हैं। कच्ची भट्ठी में लकड़ी लगा कर उसमें आग लगा दी जाती है। लकड़ी का कोयला बन जाता है, जो बाजारों में ऊंचे भाव में बिकता है। प्रशासन इस पर हर साल रोक लगाता है, लेकिन इस बार जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

इससे करीब आधा दर्जन स्थानों पर लकड़ी जला कर कोयला बनाया जा रहा है। धुएं के कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। जहरीला धुआं श्वास लेने में परेशानी पैदा कर रहा है। इस काले धुएं से कई तरह की बीमारियां पैदा हो रही हैं। टीबी के मरीजों को यह धुआं ज़हर का काम करता है। आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों की साठगांठ से इस धंधे को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं चंद रुपयों के लालच कोयला माफिया इस जहरीले काम को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले साल दातागंज एसडीएम ने कई भट्ठियां नष्ट कर दी थीं। इस संबंध में दातागंज तहसील के नायब तहसीलदार छविराम ने कहा कि इसकी जिम्मेदारी वन विभाग की है।

वन विभाग में संपर्क किया गया तो बताया गया कि लकड़ी जलाकर कोयला बनाने वाली भट्ठियां पूर्णतया प्रतिबंधित हैं। यह अवैध तरीके से चलाई जा रहीं हैं लेकिन कार्रवाई प्रदूषण विभाग को करनी चाहिए।

# सड़क दुर्दशा पर ग्रामीण कर रहे पलायन

- 30 साल से प्रयास करने के बाद भी आश्वासन तक सीमित जनप्रतिनिधियों की कार्रवाई

संवाददाता, ओरछी



गांव के मुख्य मार्ग की दयनीय स्थिति से संबंधित ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आजादी के बाद से आश्वासन मिले, सरकारें बदली, लेकिन तहसील बिसौली के विकास क्षेत्र आसफपुर के गांव ढोरनपुर के लोगों की परेशानी दूर नहीं हुई। ग्रामीण सड़क से वंचित हैं। इसके चलते ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की है। बताया कि मुख्य मार्ग की स्थिति दयनीय होने की वजह से कई ग्रामीण पलायन कर चुके हैं। सड़क नहीं बनी तो पांच गांवों के ग्रामीण भूख हड़ताल करेंगे।

ज्ञापन में बताया कि गांव का मुख्य मार्ग कच्चा है। ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार मांग की, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर बताया कि वह गांव के एकमात्र मार्ग बनवाने के लिए लगभग 30 साल से प्रयास कर रहे हैं। बारिश के दिन में स्थिति बदतर हो जाती है। मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है।

बारात घरों तक नहीं पहुंच पातीं। बच्चे स्कूल जाने से कतराते हैं। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की दुर्दशा की वजह से अब तक 34 परिवार गांव से पलायन कर चुके हैं। आगे भी कई परिवार गांव छोड़कर जाने की तैयारी में हैं। कई घर खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य सरकार तक कई बार प्रार्थना पत्र दिए गए। आश्वासन तो मिला, लेकिन आज तक सड़क नहीं बन सकी। ग्रामीण 15 साल से ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार तक कर रहे हैं। चुनाव के दौरान अधिकारियों के आश्वासन पर वोट डाल देते हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर कहा कि अगर इस बार ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 25 दिसंबर से पांच ग्राम पंचायत ढोरनपुर, नगला, डरेला, थानपुर, नवाबपुरा के ग्रामीण मिलकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि अब तो शासन-प्रशासन से एक ही उम्मीद है कि गांव को सड़क दें या संघर्ष करने को मजबूर करें।

## बिना ओटीपी निकाले 23 हजार कार्रवाई की मांग

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। मुख्य बाजार स्थित शशि ट्रेडर्स की संचालिका शशि सागर के एसबीआई खाते से इंटरनेट बैंकिंग के जरिए बिना ओटीपी 23,083 रुपये निकाल लिए गए।

खाते से रकम कटते ही पीड़िता ने बैंक और साइबर सेल को शिकायत देकर जांच की मांग की है।

पीड़िता का कहना है कि न तो उनके मोबाइल पर कोई ओटीपी आया और न ही उन्होंने किसी से बैंक संबंधी जानकारी साझा की। घटना के बाद नगर के व्यापारियों में इंटरनेट बैंकिंग को लेकर भय और अविश्वास का माहौल है। व्यापारियों ने प्रशासन और बैंक अधिकारियों से ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच जारी है।

# बिजली बिल राहत योजना में 12 करोड़ जमा हुए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 19 हजार उपभोक्ताओं ने उठाया योजना का लाभ, मिली 10 करोड़ की छूट

**अमृत विचार :** बिजली विभाग ने बिजली बिल राहत योजना 1 दिसंबर से शुरू की है। इस योजना के तहत अब तक विभाग ने 12 करोड़ से अधिक की बकाया राशि जमा कराई है। 19 हजार उपभोक्ता योजना का लाभ ले चुके हैं और 10 करोड़ का ब्याज माफ किया जा चुका है। विभाग के कैंपों में बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिल जमा कर योजना का लाभ ले रहे हैं। वहीं कुछ उपभोक्ता योजना में कमी भी बता रहे हैं।



चंद्रशेखर कुमार।

शासन के निर्देश पर 1 दिसम्बर से बिजली बिल राहत योजना जिले में शुरू की गई है। ओटीएस योजना के गांव गांव कैंप लग रहे हैं। इस योजना से बड़े बकाएदारों को अधिक लाभ मिल रहा है। जिन बिजली उपभोक्ताओं ने मार्च से पहले अपने बिजली बिल जमा किए हैं उन्हें योजना का लाभ मिल रहा है। ओटीएस योजना को जिले के चारों खंडों में चलाया जा रहा है।

गुरुवार को नवागत अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने योजना के बारे में बताया कि ओटीएस पूरे जनपद में चल रही हे। अब तक जिले में करीब 19 हजार उपभोक्ता योजना का लाभ ले चुके हैं। करीब 12 करोड़ रुपये की प्राप्ति हो चुकी है। इस योजना से 10 करोड़ का ब्याज माफ किया जा चुकी है। यह बडी बात है। योजना का प्रचार पसार भी किया जा रहा है। इससे अधिकांश उपभोक्ता लाभविन्त हो सकें। उन्होंने बताया कि योजना के नियमानुसार जिन उपभोक्ताओं ने मार्च से पहले बिल जमा किए हैं उन्हीं उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा मार्च के बाद बिल जमा करने वालों को लाभ नहीं मिलेगा। कहा कि जो लोग योजना में कमी बता रहे हैं उन्हें योजना के नियमों के बारे में जानकारी नहीं है। कहा कि 10 महीने से जिन उपभोक्ताओं ने अपना बिजली बिल जमा नहीं किया है उन लोगों को इसका अधिक लाभ मिलेगा।अधीक्षण अभियंता ने बताया कि योजना का प्रचार करने को विभाग ने टीम बनाई है जो गांव गांव योजना का प्रचार प्रसार कर रही है। बताया कि जिस गांव कस्बा में कैंप लगाया जाता है वहां पर दो दिन पहले अनाउंस कराया जाता है जिससे उपभोक्ता अपनी तैयारी कर ले। ओटीएस योजना 31 दिसम्बर तक फिलहाल चलेगी। बाद में शासन का जो निर्देश होगा उसके अनुसार काम किया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्थानीय बिजली घरों पर बिल जमा करने का भी विकल्प दिया गया है। जबकि गांव गांव कैंप लगाए जा रहे हैं। दूर दराज के क्षेत्रों में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

### शिविरों में उमड़ी भीड़, 196 बकाएदार ओटीएस में पंजीकृत

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी समेत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गुरुवार को बिजली विभाग की ओर से उपभोक्ता सुविधा एवं समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। रायपुर, मझारा, हथरा, बेहटा गुंसाई, कोठा और पुसंगवां गांवों में लगाए गए शिविरों में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे और एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) एवं बकाया जमा कराने से जुड़ी अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। उपखंड अधिकारी जयप्रकाश राजपूत ने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। शिविरों में कुल 196 बकायेदार उपभोक्ताओं का ओटीएस योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराया गया। वहीं बकाया वसूली के तहत विभाग ने करीब 19 .50 लाख रुपये की धनराशि भी जमा कराई। अवर अभियंता गजेंद्र पाल सिंह, उमाशंकर, रामस्वरुप, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सूरज पटेल सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

**मांगे आवेदन** | 11 जनवरी तक शिक्षक और परीक्षार्थी कर सकेंगे आवेदन, जनवरी 2026 में होगा कार्यक्रम

# परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा करेंगे पीएम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री बोर्ड परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा करेंगे। विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करने का अवसर मिल सकता है। यह कार्यक्रम जनवरी 2026 में आयोजित होगा।

इसमें प्रधानमंत्री परीक्षा की तैयारी कर रह विद्यार्थियों से तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल आदि विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके लिए भारत सरकार की ओर से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। पोर्टल पर कक्षा छह से इंटर तक के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक व अभिभावकों के प्रतिभाग कर सकेंगे। आवेदन 11 जनवरी तक होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र भेज कर आवेदन करने के निर्देश दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र भेज कर आवेदन करने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं और अपने प्रश्न प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थियों से परीक्षा से जुड़े तनाव, पढ़ाई के बेहतर तरीकों, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बढ़ाने जैसे विषयों पर प्रश्न पूछने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। परीक्षा पे चर्चा में प्रतिभाग करने के लिए पोर्टल विद्यार्थियों, शिक्षक और अभिभावकों को अपना पूरा ब्योरा भरना होगा। इसके बाद पांच बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

सही उत्तर चयन करने के बाद इसे समिट कर दिया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

### आवेदन में पूछे जा रहे पांच प्रश्न

आवेदन के दौरान पांच प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें अभिभावकों से पूछा जा रहा है कि बच्चों के नंबर कम आने पर उनसे क्या कहेंगे, बच्चा अगर रोज कहता है कि कल से पढ़ाई करेंगे तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी। बच्चा पढ़ते–पढ़ते किताबों पर सो जाता है तो आप क्या करेंगे। पांच प्रश्नों के अलावा प्रधानमंत्री से पूछे जाने वाले प्रश्न को भी समिट करना होगा। इस छात्र की सफलता की व्याख्या कैसे की जानी चाहिए जो कला और संगीत में उत्कृष्ट है लेकिन पढ़ाई में संघर्ष करता है। बच्चों से भी पूछा जा रहा है कि कौन सा दस्तावेज भारतीय सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देता है।

- डीआईओएस ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र भेजकर आवेदन के दिए निर्देश

> परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए 11 जनवरी तक आवेदन होंगे। पोर्टल पर छात्र–छात्राओं के साथ शिक्षक एवं अभिभावकों को भी प्रतिभाग करना है। सभी बोर्ड के स्कूलों को पत्र जारी कर अधिक से अधिक आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं।
> **-लालजी यादव,** जिला विद्यालय निरीक्षक

## सीएम के तत्काल संज्ञान पर डीसीबी अध्यक्ष ने किया धन्यवाद

**बदायूं, अमृत विचार :** कई जगहों पर खाद की कालाबाजारी के मामले भी सामने आए हैं। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जेके सक्सेना ने लखनऊ सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, हरदोई के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सिद्धार्थ नगर के अध्यक्ष विक्रम सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 15 दिसंबर को मुलाकात करके खाद की समस्या और कालाबाजारी से अवगत कराया था। मुख्यमंत्री ने शिकायत का तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया। डीसीबी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद किया है कि किसानों की समस्या का तत्काल संज्ञान लिया।



जेके सक्सेना, डीसीबी चेयरमैन।

# परिवार के साथ 86 किमी लंबी दंडवत यात्रा पर निकला मनौना धाम का श्रद्धालु रिंकू

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** श्रद्धा भक्ति में अटूट विश्वास और आस्था के साथ मनौना धाम का एक भक्त 86 किमी लंबी दंडवत यात्रा पर निकला है। कड़ाके की ठंड में सड़क पर दंडवत करता हुआ भक्त अपने परिवार के साथ मनौना धाम की ओर बढ़ रहा है। भक्त को देखने वालों का रोड पर मजमा लग रहा है।

मुरादाबाद के जयंतीपुर गांव का रिंकू कठेरिया मनौना धाम की दंडवत यात्रा पर 14 दिन पहले अपने घर से निकला है। रिंकू के साथ उसका परिवार हे जो हर कदम पर साथ साथ चल रहा है। गुरुवार को सुबह रिंकू कठेरिया मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे स्थित कस्बा औरछी चौराहे पर पहुंचा। उसके साथ भाई अजय कठेरिया, पत्नी बाइक पर खाने पीने के सामान के साथ उसके साथ चल रहे थे। रिंकू कठेरिया की पत्नी वह भाई की पत्नी इस यात्रा में मुख्य रूप से सफर तय करा रहे हैं। बारी-बारी से दंडवत यात्रा में सहयोग कर रहे थे। बाइक पर भजन चल रहे थे। बाइक पर बिस्तर और फ्लेक्सी आदि वस्तुएं रखी है। अजय कठेरिया ने बताया कि जयंतीपुर मुरादाबाद से 14 दिन पहले मनौना धाम दंडवत यात्रा पर निकले हैं हमारी भाभी और पत्नी पूरा सहयोग कर रही है। मन में आस्था का भाव लेकर आगे बढ़ रहा है जिससे उसे हर कदम पर हौसला मिल रहा है। उसकी दंडवत यात्रा देखने वाले लोग भी आश्चर्यचकित हैं।



दंडवत यात्रा पर जाता मनौना धाम का भक्त रिंकू कठेरिया। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### कक्षा 8 तक के बच्चों का दो दिन रहेगा अवकाश

**बदायूं, अमृत विचार :** सर्दी के लगातार बढ़ते कहर के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह स्कूल जाने में बच्चों को परेशानी हो रही है। पूरा दिन कंपकपी छूट रही है। जिसके चलते डीएम के अनुमोदन के बाद बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का अवकाश घोषित किया है। परिषदीय, सहायता प्राप्त, सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालय 19 व 20 दिसंबरं को बंद रहेंगे।

### चार महिलाओं का शांतिभंग में चालान

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत क्षेत्र के एक विद्यालय की कक्षा आठ में पढ़ने वाली छात्रा से अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चार नाबालिग लड़कों की माताओं का शांतिभंग में चालान किया है। नगर के एक स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर चार नाबालिग लड़कों पर अभद्र व्यवहार और छेड़ने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपियों की माताओं को बुलाया। दोपहर बाद चारों का शांतिभंग में चालान किया।

### बिसौली के दुकानदार पर कॉपीराइट की रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** कंपनियों के नकली उपकरण बेचने पर एक दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने दुकान से फर्जी स्टीकर लगे उपकरण भी बरामद किए हैं। स्पीड सर्च एंड सिक्योरिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के फील्ड ऑफिसर दीप सिंह ने तहरीर देकर बताया कि बिसौली नगर में उनकी कंपनियों के नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। पुलिस दुकान पर पहुंची और जांच की। दुकान से ऊषा कंपनी लिखे 27 मिक्सर ग्राइंडर, प्रेस्टीज के 21 उत्पाद, वी गार्ड की 33 केतली व अन्य 18 उत्पाद और होलोग्राम मिले। पुलिस ने दुकानदार नीरज के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है।

### प्रेमी युगल फरार, युवती के भाई ने दी तहरीर

**कैला देवी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक और युवती के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर दोनों के मिलने-जुलने पर रोक लगा दी गई थी। मंगलवार को दोनों फरार हो गए। युवती के भाई ने थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर दी है।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर किया गोष्ठी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन मदरसा आलिमा जनाब पब्लिक स्कूल में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद शीराज आलम रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व वाली सरकार में विश्वास के साथ विकास के सकारात्मक माहौल से बहुसंख्यक समुदायों के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदायों को भी समान रूप से लाभ हुआ है। अल्पसंख्यकों के विकास को देश के विकास से अलग देखना उन्हें प्रगति की मुख्यधारा से काटने का राजनीतिक छल है। सच्चर कमेटी के नाम पर मुसलमानों के भरोसे को भय और भ्रम में बदलने की कोशिश हुई। दलितों, आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण से प्रतिस्पर्धा का बहाना बनाकर मुसलमानों का सियासी तुष्टीकरण का खेल खेला गया, भ्रम पैदा किया गया कि मुसलमानों के हालात दलितों से ज्यादा खराब हैं। सच्चाई यह है कि दलितों का पिछड़ापन ऐतिहासिक-सामाजिक कारणों से रहा, जबकि मुसलमानों की गरीबी सियासी छल का परिणाम है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों में बड़ी तादाद में अल्पसंख्यक समुदाय से भी हैं। इस अवसर पर मोअज्जम, तनवीर खान व वसीम मौजूद रहे।

### यूपी बोर्ड : पूर्व में 99 कॉलेजों की जारी हुई थी अनंतिम सूची, आई थीं 75 आपत्तियां

## अंतिम सूची जारी, जिले के 98 कॉलेज बने परीक्षा केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बोर्ड की ओर से अब 22 दिसंबर तक मांगी गई हैं आपत्तियां

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी है। एक परीक्षा केंद्र कम किया गया है। 98 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया है। सूची जारी करने के बाद 22 दिसंबर तक आपत्तियां मांगी है।

यूपी बोर्ड द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 27 नवंबर को 99 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाते हुए अनंतिम सूची जारी की गई थी। सूची जारी होने के बाद आपत्तियां मांगी गईं। विभाग को 75 आपत्तियां मिली थी। उन आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद ब्योरा माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजा गया था। जिसमें 9 कॉलेजों के नाम सूची से हटाने के साथ ही 8 नए कॉलेजों के नाम जोड़े गए थे। गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जिले के 98 कॉलेजों को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र बनाया है। इनमें 9 राजकीय, 35 वित्त पोषित और 54 वित्त विहीन कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया है।

सूची जारी करने के बाद माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्य, बच्चों के अभिभावकों से 22 दिसंबर तक आपत्तियां मांगी गई हैं। जिनका निस्तारण कर 26 दिसंबर तक भेजा जाना है। 27 नवंबर को 99 कॉलेजों को केंद्र बनाते हुए सूची जारी हुई थी। इसमें जनता इंटर कॉलेज मूसापुर, नकविका गर्ल्स इंटर कॉलेज बदायूं, सोम शंकर इंटर कॉलेज ब्योर, ऊं नमः शिवाय इंटर कॉलेज रोहान, उमराव सिंह इंटर कॉलेज रसूलपुर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल सोही, गौस मोहम्मद इंटर कॉलेज डूंडपुर, वैद्य गोपाल राम इंटर कॉलेज मनकापुर कौर, चंद्रपाल सिंह इंटर कॉलेज गलौथी। इन कॉलेजों का परीक्षा केंद्र की सूची से हटा दिया गया है। इन में से कई कॉलेजों में व्यवस्थाएं सही नहीं थी तो अन्य के द्वारा परीक्षा केंद्र न बनाने के लिए आवेदन किया था।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। 98 कॉलेज परीक्षा केंद्र बनाए हैं। 22 दिसंबर तक आपत्तियां मांगी है।
>
> – **लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

### इन कॉलेजों को बनाया परीक्षा केंद्र

यूपी बोर्ड की ओर से जारी हुई परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची से नौ कॉलेजों के नाम हटा दिए गए हैं। इनके स्थान पर आठ कॉलेजों के नाम जोड़े गए हैं। इनमें नगर पालिका इंटर कॉलेज बदायूं, देवनागरी इंटर कॉलेज उझानी, एमएल राजपूत जौरा, माधोराम इंटर कॉलेज उघैती, संजय गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज रुदायन, राम श्री देवी इंटर कॉलेज परसिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज डिलवरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### सत्यापन के दौरान अन्य सुविधाओं के साथ टीम का बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान रहेगा

यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए मुकम्मल व्यवस्था की जाएगी। केंद्र बनने के बाद अब स्कूलों का एक बार से सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के दौरान स्कूलों में अन्य सुविधाओं के साथ-साथ बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान रहेगा। सीसी कैमरा 24 घंटे सक्रिय रहेगा। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर कैमरे के नहीं चलने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। जबकि एक माह तक कैमरे के फुटेज को सुरक्षित रखने के साथ ही 24 घंटे कैमरे चालू रखने का नियम है। इसमें विद्यालय में जनरेटर या फिर अन्य विकल्प न होने का हवाला दे दिया जाता है। इसके लिए फिर से केंद्र बनाए गए स्कूलों का सत्यापन किया जाएगा।

## कोहरे से फसलों पर संकट गहराया

### आलू को लगा झुलसा रोग, सरसों का झड़ने लगा फूल, किसानों की मुश्किलें बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



खेतों में खड़ी सरसों और आलू की फसल। ● अमृत विचार

- आलू की ग्रोथ पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव, सरसों का झड़ रहा फूल

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से कोहरे से जनजीवन अस्त व्यस्त है। फसलों पर भी कोहरे की मार पड़ रही है। कोहरे से सबसे अधिक सरसों और आलू की फसल को नुकसान हो रहा है। भारी लागत लगाने के बाद भी आलू में झुलसा रोग लग चुका है। इससे आलू की ग्रोथ रुक गई है और सरसों का फूल झड़ने लगा है।

कोहरे का सितम हर साल फसलों को क्षति पहुंचाता है। पिछले पांच दिन से कोहरे ने कोहराम मचा दिया है। दिनभर कोहरा छाया रहता है। सुबह 4 बजे से 11 बजे तक सड़कों पर कुछ भी नहीं दिखाई देता है। खेतों में आलू को भारी नुकसान हो रहा है। कोहरे से आलू की फसल को झूसला रोग की बीमारी लग चुकी है। इससे आलू का पत्ता झुलस रहा है। इससे आलू की ग्रोथ पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसी तरह कोहरे ने सरसों को नुकसान पहुंचाता है। कोहरे के चलते सरसों का फूल झड़ रहा है। फूल झड़ने से सरसों पर फली नहीं आएगी। यदि आएगी तो बहुत पतली होगी। इसलिए किसानों को भारी नुकसान होने का अंदेशा है। किसान उदमई निवासी किसान मुन्ना सिंक मौर्य ने बताया कि कोहरे से आलू और सरसों को भारी क्षति हो रही है। 10 बीघा आलू कोहरे के कारण झुलस रहा है उसमें अब आलू कम पड़ेगा, जो आलू बन गया है वह अब बड़ा नहीं होगा। इसलिए कोहरे से आलू को भारी नुकसान हो रहा है। किसान इतवारी ने कहा कि इस बार कोहरा अधिक पड़ रहा है। यदि दस दिन तक कोहरा इसी रफ्तार से पड़ेगा तो आलू और सरसों को भारी नुकसान होगा। इसलिए किसान को भारी क्षति होगी। किसानों का कहना है कि पिछले साल कोहरा कुछ दिन ही पड़ा था जिससे पिछेती सरसों की फसल को भारी क्षति हुई थी। लेकिन इस बार अभी से कोहरे की चादर हर रात को देखने को मिलती हे। जिससे नुकसान ही है।

जनपद में इस बार करीब पांच हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा में सरसों की फसल है। अधिकांश किसान सरसों काटने के बाद मक्का की फसल करते हैं इसलिए किसानों को सरसों की बुवाई करने से दोहरा लाभ मिलता है, लेकिन कोहरे के कारण किसानों को सरसों में इस बार भारी नुकसान होने की अंदेशा है जिससे किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं।

### सब्जियों को भी हो रहा नुकसान

भारी कोहरे से फसलों के साथ ही कुछ सब्जियों को भी नुकसान होता है। कोहरे से बैंगन का पौधा नष्ट होने के कगार पर है। कई खेतों में बैगन खत्म हो चुका है। जो शेष है वह कोहरे से खत्म हो जाएगा। इसके साथ ही कोहरे से टमाटर को भी क्षति होने की आशंका है। हल्के कोहरे से अधिक क्षति नहीं होती है भारी कोहरा कई दिनो तक पड़ने से सब्जियों को अधिक क्षति होती है। कृषि विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि नदी के किनारे होने वाली सब्जियों को कम नुकसान होता है, जबकि अन्य जगहों पर पाला नुकसानदायक होता है। जिले में गंगा नदी और सोत नदी के आस पास सब्जियां उगाई जाती हैं।

## पेट्रोल पंप के शौचालयों का होगा उच्चीकरण

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले में 100 से अधिक पेट्रोल पंप संचालित हैं। इनके रिटेल आउटलेट पर जनसामान्य को शौचालय व पेयजल आदि की व्यवस्था उपलब्ध रहती है। पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कमियां पाई जा रही है। शौचालय और अन्य सुविधाओं का अभाव है। पंप संचालकों को शौचालयों का उच्चीकरण करने के आदेश जिला पूर्ति अधिकारी सतीश चंद्र मिश्रा ने दिए गए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में स्थापित पैट्रोल पंपों पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसमें महिला एवं पुरुषों के उपयोगार्थ अलग-अलग शौचालय एवं रख रखाव की स्थिति देखी जा रही है। देखा जा रहा है कि शौचालयों का उच्चीकरण (रिनोवेशन) कराया गया है या नहीं। शौचालय में सीट, पानी के पाइप, पानी की टंकी, फर्श की टाइल आदि के साथ वॉश बेसिन साफ है या नहीं। इन सब व्यवस्थाओं को देखा जा रहा है। पंपों पर शौचालयों की स्थिति ठीक नहीं हैं। उन्हें शौचालय की स्थिति सही करने के आदेश दिए गए हैं।

## ताइक्वांडो : नेशनल में अभिमन्यु को कांस्य पदक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 12 से 14 दिसंबर तक हैदराबाद में हुई थी नेशनल स्तर की प्रतियोगिता



पदक दिखाते अभिमन्यु।

**अमृत विचार :** शहर के डीएम रोड निवासी अभिमन्यु सैनी बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने हैदराबाद में आयोजित तीन दिवसीय ताइक्वांडो सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया है। इससे पहले वह कई प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त कर चुके हैं। वह पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का अभ्यास करते रहते हैं।

डीएम रोड निवासी सुभाष चंद्र सैनी के बेटे अभिमन्यु ने साल 2022 में आगरा के कॉलेज से बीपी एड किया था। साल 2024 में योग से एमए किया। वर्तमान में वह पंजाब की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से डाइट एंड न्यूट्रीशियन का कोर्स कर रहे हैं। उन्होंने 12 से 14 दिसंबर तक हैदराबाद में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। उन्होंने उत्तर प्रदेश की टीम में प्रतिभाग किया था। वह 2024 में कोलकाता में आयोजित सीनियर ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। साल 2021 में केरल में हुए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में आठवां और 2022 में अमृतसर में हुई प्रतियोगिता में आठवां, फिर 2024 में भी अमृतसर में हुई प्रतियोगिता में पांचवा स्थान हासिल किया था। वह साल 2022 में तेहरान में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग कर चुके हैं। उन्होंने लखनऊ में साल 2023, 2024 और 2025 में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। वह स्टेट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया स्कीम के अंतर्गत संचालित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के पूर्व खिलाड़ी रह चुके हैं। वह गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के एक्टिव एथलेटिक्स हैं। अभिमन्यु ने बताया कि हैदराबाद में आयोजित प्रतियोगिता में मेडल मिलने के बाद छात्रवृत्ति देने का नियम है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**बबराला, अमृत विचार :** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने किया। प्रबंधक कपिल गोयल एवं कार्तिक गोयल उपस्थित रहे। संचालन विनीता अग्रवाल ने किया। प्ले ग्रुप की कछुआ दौड़ में ऋषभ गुप्ता ने प्रथम, विदित ने द्वितीय तथा आरना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नर्सरी कक्षा की बाल एवं रिंग रेस में छवि यादव प्रथम, काव्य द्वितीय और शिव तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी वर्ग में वेद ने प्रथम, अभिनंदन ने द्वितीय और काव्यांश ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल**

N.H.-30, बंथरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश

**Radiation Oncology Department**

**Cancer Facilities (कैंसर उपचार एवं सुविधाएं)**

**कैंसर की सटीक जाँच (Accurate Diagnosis)**

नवीनतम तकनीक द्वारा कैंसर की प्रारंभिक एवं सटीक पहचान की सुविधा

- बायोप्सी
- रेडियो इमेजिंग (CT, MRI)
- ब्लड मार्कर जाँच



**कीमोथेरेपी (Chemotherapy)**

- सभी प्रकार के कैंसर की कीमीथेरेपी द्वारा उपचार की पूर्ण व्यवस्था

**कैंसर की पूर्ण देखभाल (Comprehensive Cancer Care)**

- कैंसर रोगियों के लिए पोषण, काउंसलिंग एवं पुर्नवास सहायता
- व्यक्तिगत (Individualised) उपचार योजना

**रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट परामर्श उपलब्ध**

- कैंसर के हर चरण के लिए सही मार्गदर्शन व उपचार योजना उपलब्ध।

(प्रतिदिन ओ.पी.डी. कमरा नं. 171 में प्रातः 9:00 से सायं 4:00 बजे तक)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तकनीक बताई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुजरिया के कृषि इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का आरंभ



शिविर में स्काउट-गाइड को सैल्यूट करने का तरीका समझाते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव शर्मा।

**अमृत विचार :** मुजरिया के कृषि इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का आरंभ हुआ। पहले दिन स्काउट-गाइड को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तकनीक, सीमित संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की कला और समाज सेवा के व्यावहारिक तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को जल, जंगल और जमीन जैसी प्रकृति की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।

प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह सोलंकी ने कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा और अद्भुत क्षमता होती है। अगर इस शक्ति को सही दिशा मिले तो वह सृजनात्मक कार्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्काउटिंग अनुशासन, सेवा और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भाव को जागृत करती है। आज के परिवेश में युवाओं को प्राकृतिक आपदाओं, आकस्मिक परिस्थितियों और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाती है। स्काउट प्रशिक्षण उन्हें हर स्थिति में धैर्यवान, संयमित और आत्मनिर्भर बनाता है। विद्यालय प्रबंधक सत्यपाल सिंह सोलंकी ने शिविर का निरीक्षण किया और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क का विकास होता है, जो उन्हें जीवन भर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ शिक्षक अवधेश शर्मा ने प्रतिभागियों की टोलियां गठित कर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपीं। टोली संचालन, अनुशासन और सहयोग से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर शिक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा, ज्ञान प्रकाश, पुष्पेंद्र, उषा यादव आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम के जीवन से युवाओं को मिलती है संस्कारों की सीख

**उझानी, अमृत विचार :** गांव बरसुआ में चल रही श्री राम कथा महोत्सव के आठवें दिन कथा वाचक रवि ने भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन युवाओं के लिए कर्तव्यबोध की प्रेरणा देता है। कठिन परिस्थितियों में भी धर्म, सत्य और संयम का पालन ही समाज को सही दिशा देता है। आज के युवाओं को श्री राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस मौके पर अंजू चौहान, शिवम लाड़ला, टेकचंद यादव, विकास चौहान, आशुतोष तोमर, कुलदीप शर्मा, इलु श्रीवास्तव, कुक्कू सक्सेना, रोनी सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## दो जगह से भैंसें और खोखानुमा दुकान से चोरी

**विजय नगला, अमृत विचार:** थाना मूसाझाग क्षेत्र में भैंस चोर सक्रिय हो गए हैं। क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही हैं। पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही है। गांव कथरा निवासी अवधेश पुत्र महेश ने तहरीर देकर बताया कि उनकी एक लाख रुपये की कीमत की भैंस चोरी कर ली गई। अहिरामई गौटिया निवासी जसवीर सिंह ने बताया कि कथरा मोड़ पर उन्होंने खोखा चलाते हैं। चोरों ने खोखा से सामान चोरी कर लिया। वहीं किसरुआ निवासी ओमकार सिंह ने बताया कि चोरों ने उनकी 80 हजार रुपये की भैंस चोरी कर ली। तहरीर के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। ग्रामीणों के अनुसार चोर लगभग दो महीने पहले अहिरामई गौटिया के चोब सिंह की दो भैंस चोरी करके ले गए थे। चोरों की सक्रियता की वजह से किसान रात भर जागकर पशुओं की रखवाली करने को मजबूर हैं।

मौसम का मिजाज

### रात और भोर में दृष्टया शून्य, दिन में 50 मीटर तक दिखाई नहीं देता

## कोहरे ने बिगाड़ी दिनचर्या, बेहाल कर रहा सर्द मौसम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



घने कोहरे में लाइट जलाकर चलते वाहन। ● अमृत विचार

- वाहनों की थमी रफ्तार, स्कूली बच्चे परेशान, नहीं निकली धूप
- अधिकतम तापमान 24, न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

**अमृत विचार :** साल बीतने वाली है। सर्दी भी अपनी पूरी रौ में आ गई है। पिछले कई दिनों से वातावरण में कोहरा छाया हुआ है। इसने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है। सुबह 11 बजे तक व शाम होते ही पूरी रात कोहरा रहता है। रात और भोर में तो दृष्टया शून्य रहती है। 50 मीटर तक का भी दिखाई नहीं देता। जिससे वाहन रेंग-रेंग कर चलते हैं। स्कूल-कॉलेज जो खुले हैं उनके अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को आने जाने के दौरान काफी कठिनाई होती है।

सुबह के समय कि कोहरे का प्रभाव इस कदर रहता है कि घर से बाहर मोटर साइकिल से निकलने पर कपड़े भीग जाते है। सुबह 10-11 बजे तक 50 मीटर की दूरी तक कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता। कोहरे के कारण वाहन चलाते समय हर पल दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गंतव्य तक पहुंचने में भी देर लगती है। स्कूल में बच्चे भी समय से नहीं आ पाते हैं। विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी कोहरे के चलते 11 बजे तक कर्मचारी आ रहे हैं। देर से आने का कारण कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार धीमी हो जा रही है। मौसम के इस बदलाव के कारण जनजीवन पर भी असर पड़ने लगा है। बुधवार की देर रात कोहरा छाना शुरू हुआ जो गुरुवार की सुबह 10 बजे तक तक छाया रहा। पूरे दिन सूरज की रोशनी दिखाई नहीं दी। 2 बजे के बाद कुछ देर के लिए सूरज की किरणें दिखी भी परंतु उनमें तेजी नहीं थी। वहीं गलन बढ़ने से बच्चों व बुजुर्गों की सेहत प्रभाव पड़ रहा है। वह सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। जिसके चलते जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### निमोनिया और खांसी के बढ़े मरीज

ठंड अधिक होने से अस्पताल में निमोनिया, खांसी जुकाम और बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या में इजाफा हो रहा है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक यह सब पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण हो रहा है। शाम से सुबह तक बढ़ी ठिठुरन से लोग अलाव का सहारा लेने को विवश हो रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी का कहना कि आने वाले दिनों में तापमान गिरने के साथ-साथ कोहरा का प्रकोप और अधिक बढ़ेगा। दिन का तापमान नीचे आने की संभावना बनी हुई है।

**ब्रीफ न्यूज**

### खेल कूद से तैयार होता है सफलता का मार्ग

**चंदौसी, अमृत विचार :** न्यू सत्यम एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी प्रमिला भारती, प्रबंधक नमिता चौधरी, प्रधानाचार्य एससी गंगवार एवं उप प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता ने किया। खो-खो, कबड्डी, रग्बी, सॉफ्टबॉल और रिले रेस में बच्चों ने फुर्ती, साहस और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बैडमिंटन मुकाबलों में खिलाड़ियों की तकनीक और संतुलन ने दर्शकों को आकर्षित किया। इसके अलावा लूडो, कैरम और शतरंज जैसी इनडोर प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रधानाचार्य सतीश चंद्र गंगवार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं, जो जीवन में सफलता के लिए आवश्यक हैं।

### हिजाब खींचने पर नीतीश की तीखी निंदा

**संभल, अमृत विचार :** बिहार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला का हिजाब खींचे जाने के मामले को लेकर सियासी और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। संभल में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे महिला सम्मान और संविधान के खिलाफ बताया है। साथ ही महिला आयोग से कार्रवाई की मांग की। मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना वसी अशरफ ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति से इस तरह के आचरण की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि यह बेहद निंदनीय और गिरी हुई हरकत है, जिसे भारतीय समाज कभी स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री के लिए आत्ममंथन का विषय बताते हुए कहा कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देकर जिम्मेदारी किसी अन्य को सौंप देनी चाहिए। मुफ्ती आलम रज़ा नूरी ने कहा कि यदि वास्तव में महिला का हिजाब खींचा गया है तो यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय कृत्य है। मुफ्ती नूरी ने कहा हिंदू समाज की महिलाएं घूंघट करती हैं व मुस्लिम समाज की महिलाएं हिजाब पहनती हैं, दोनों का सम्मान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की।

# 25 लाख से होगी कंबलों की खरीद, मिला बजट

## तहसीलों में जलेंगे अलाव, जल्द शुरू होगा कंबल का वितरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **आपदा प्रबंधन के तहत जिला प्रशासन को मिला शासन से बजट**

> आपदा प्रबंधन के तहत 25 लाख का बजट मिला है। जिसके तहत कंबलों की खरीदारी की गई है। कंबलों को तहसीलों पर भेजा जा रहा है। अलाव की व्यवस्था के लिए भी 50-50 रुपये की धनराशि तहसीलों को दी गई है।
> – **डॉ. वैभव शर्मा**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

**अमृत विचार :** गरीबों को ठंड और शीतलहर से बचाने के लिए आपदा प्रबंधन के तहत जिला प्रशासन को शासन की ओर से 25 लाख रुपये का बजट मिला है। इसमें 50-50 हजार रुपये तहसीलों में अलाव जलाने के लिए भेज दिए गए हैं। साथ ही लोगों में वितरण के लिए कंबलों भी भेजा गया है। कंबलों का वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा।

ठंड के मौसम में गरीबों में कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था करने लिए हर साल प्रशासन को शासन की ओर से बजट मुहैया कराया जाता है। इस बार भी आपदा प्रबंधन विभाग को शासन की ओर से 25 लाख रुपये का बजट उपलब्ध कराया गया है। आपदा प्रबंधन के तहत मिले बजट से तहसील स्तर पर गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया जाना है। बजट प्राप्त होने के बाद आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा कंबलों की खरीदारी की गई है। खरीदे गए कंबलों को जिले की सभी तहसीलों में भेजा जा रहा है। एक तहसील में करीब दो हजार के आस पास कंबल भेजे गए हैं। इन कंबलों का वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। इसके अलावा रात के समय अलाव की व्यवस्था के लिए अलग से जिले की पांचों तहसीलों में 50-50 रुपये भेजे गए हैं। धनराशि भेजने के साथ ही एडीएम वित्त एवं राजस्व ने सभी एसडीएम को अधिक ठंड बढ़ने पर रात के समय अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं।

## कार चोरी कर भाग रहे ऑटो लिफ्टर का साथी भी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** चंदौसी क्षेत्र के गांव कैथल जाने वाले मार्ग पर मंगलवार की शाम वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध स्विफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया। कार सवार बदमाश ने भागने की कोशिश की और पीछा करने पर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से आकाश बाबू पुत्र विजयपाल निवासी इंदिरापुरम, गाजियाबाद घायल हो गया था। मुठभेड़ के दौरान उसका साथी फरार हो गया था। इंस्पेक्टर अनुज तोमर ने बताया कि आईटीआई के पास से उसे पकड़ लिया । उसने अपना नाम आबिद निवासी सेक्टर-63, नोएडा, मूल निवासी बिनाबर, जिला बदायूं बताया। आकाश और आबिद के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। आबिद के खिलाफ कोतवाली चंदौसी में वाहन चोरी और चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े तीन मुकदमे दर्ज हैं।

## समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पिछले पांच दिनों से विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर हड़ताल कर रही आशा संगिनी ने गुरुवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता को ज्ञापन देकर समस्या समाधान करने की मांग की।

सदर विधायक को ज्ञापन देते हुए आशा संगिनी संघ की जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि उनको कई सालों से पिछला मानदेय नहीं दिया गया है। विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में काम करने का पारिश्रमिक व अन्य भत्ते नहीं दिए गए हैं जिससे वह लोग पिछले कई सालों से धरना प्रदर्शन कर रही हैं। पांच दिन से मालवीय आवास गृह पर हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन कोई अधिकारी उनसे मिलने नहीं आया। मुख्यमंत्री को भी पत्र भेज कर समस्या समाधान की मांग की जा चुकी है मगर किसी स्तर पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।


विधायक को ज्ञापन देतीं आशा जोली वैश्य।

● **विधायक से मिली आशा संगिनी पांचवें दिन भी जारी रही हड़ताल**

विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जा रहा है और जल्द ही लंबित मांगों को स्वीकार करने की गुहार की जा रही है। आशा संगिनी ने कहा कि अब जब तक उनकी मांगों को नहीं मान लिया जाएगा तब तक वह लोग हड़ताल से नहीं हटेंगे। सदर विधायक ने आश्वासन दिया कि वह ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजेंगे। इस मौके पर दर्जनों आशा और संगिनी मौजूद रहीं।

## सगे भाइयों से ब्याही दो बहनों को दहेज के लिए निकाला

**बबराला,अमृत विचार :** बुलंदशहर के थाना रामघाट क्षेत्र के गांव झंडू घेर निवासी गंगाधर ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 2 जुलाई 2025 को उन्होंने अपनी दोनों बेटियों नीतू और भूरी का विवाह गुन्नौर के गांव शाहपुर निवासी दो भाइयों अनेक सिंह और विनोद के साथ किया था।

विवाह के समय दोनों दामादों को एक-एक लाख रुपये नकद के साथ घरेलू सामान दिया गया था। शादी के कुछ समय बाद से ही मोटर साइकिल और सोने की चेन की मांग को लेकर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। भूरी को करीब तीन माह पूर्व मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया गया था, जबकि नीतू को 30 अक्तूबर को घर से बाहर कर दिया। नीतू उस समय गर्भवती थी और मारपीट के कारण उसके गर्भ को नुकसान पहुंचने की आशंका है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# विद्यार्थियों ने समझी ईंट निर्माण की प्रक्रिया

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में कक्षा 1 के विद्यार्थियों को गढौली गांव स्थित ईंट भट्ठा का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को यह समझाना था कि ईंटें कैसे बनाते हैं और उनका उपयोग कहां होता है।

बच्चों को बताया गया कि सबसे पहले मिट्टी तैयार की जाती है, फिर उसे सांचों में डालकर ईंटों का आकार दिया जाता है। इसके बाद ईंटों को धूप में सुखाया जाता है और फिर भट्ठे में पकाया जाता है। बच्चों ने ध्यानपूर्वक देखा कि भट्ठा कैसे काम करता है, ईंटें कैसे मजबूत बनाते हैं। इस शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में नई चीजें जानने की जिज्ञासा बढ़ी, उन्होंने बहुत आनंद लिया। ईंट भट्ठा संचालक अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों को उत्पादन प्रक्रिया दिखाना उनके लिए खुशी की बात है, इससे नई पीढ़ी उद्योगों और श्रम के महत्व को समझती है। रविन्द्र सिंह, रूबी मौर्य, नाहिद सैफी, शिफा सैफी, दीक्षा राठौर, प्रिया सैनी, आलिया तारिक, हर्षित शर्मा और अनम अंसारी उपस्थित रहें।


ईंट भट्ठे का भ्रमण करते स्कूली बच्चे।

## महिला दो बच्चों को लेकर प्रेमी संग फरार

**कैला देवी,अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में प्रेमी संग दो बच्चों को लेकर महिला फरार हो गई। पति ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी व बच्चों की बरामदगी की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी युवक ने बताया कि वह एक सप्ताह पूर्व काम करने दिल्ली गया था। घर पर पत्नी और दो बच्चे थे। उसके दिल्ली जाते ही पत्नी अपने प्रेमी के साथ दोनों बच्चों को लेकर फरार हो गई। बताया कि महिला का प्रेमी उसके बहनोई का सगा भाई है। उसका घर आना जाना है। वह अपने साथी के साथ आया और पत्नी को ले गया। पुलिस तलाश कर रही है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता जीतने के लिए दिखाया दम


बैडमिंटन की प्रतियोगिता में शिरकत करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार


प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **महात्मा गांधी नगर पालिका इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिताएं**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से महात्मा गांधी नगर पालिका इंटर कॉलेज मैदान पर विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन की प्रतियोगिताएं हुईं।

बैडमिंटन एकल के सब जूनियर वर्ग में पुलकित पहले, युगल में सौरभ व अरुण कुमार की जोड़ी विजेता बनी। जूनियर वर्ग में अजय शाक्य, सीनियर वर्ग में सूरज, युगल में आमिर व कृष्णा की जोड़ी जीती। सीनियर महिला वर्ग बैडमिंटन एकल में जोया अंसारी पहले और युगल में जोया अंसारी व शीतल पाल विजेता बनीं। वहीं फुटबॉल के पुरुष वर्ग के सब जूनियर व जूनियर वर्ग में उझानी की टीम विजेता बनी। समापन पर उप निरीक्षक अनुज यादव, प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रमाण पत्र सौंपे। अंबियापुर के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रंजीत सिंह व कांति प्रसाद, पीटीआई रामदास यादव, सत्यवीर सिंह, देवेंद्र कुमार, सचिन राठौर, सीपी सिंह, मनोज यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, इकबाल यादव, राजीव कुमार का सहयोग रहा।

# मुशायरे में बरेली के शायरों ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कारवान ए अमजद अकादमी के अध्यक्ष व संस्थापक शायर अहमद अमजदी बदायूंनी के आवास पर बरेली के शायर डॉ. अमन बरेलवी व डॉ. शगुफ्ता गजल ने दो किताबें सदा ए बख्शिश और माता ए बख्शिश पेश की। इसके बाद कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष वफाती मियां के आवास पर एक मुशायरे का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. शगुफ्ता गजल व विशिष्ठ अतिथि डॉ. अमन बरेलवी रहे। सर्वप्रथम शेरी नशिस्त का आगाज नाते पाक से अहमद अमजदी बदायूंनी ने किया। इस जमी के लिए आसमान के लिए, आप रहमत हैं दोनों जहां के लिए, डॉ. शगुफ्ता ने अपनी चर्चित गजल से समां बांध दिया। उन्होंने कहा साकी लिखा खुमार लिखा जाम लिख दिया। इक दिल बचा था वो भी तेरे नाम लिख दिया। अमन बरेलवी ने कहा जिन्दा रहो तो हुस्न की आबादियों के साथ, किया फायदा है जीने का तन्हाइयों के साथ। अध्यक्षता कर रहे चौधरी बफाती मियां ने अपने ख्यालात का इजहार करते हुए कहा कि आज के इस कश्मकश के दौर में शायर और कवि अपनी शायरी से दुनिया को मुहब्बत का पैगाम दे रहे हैं।


शायरी सुनातीं शगुफ्ता गलज।

# मरीजों से मिले भारतीय किसान यूनियन नेता

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष अतुल तोमर ने किसानों की शिकायत पर राजकीय मेडिकल कालेज में मरीजों से बात की। भाकियू नेता ने मरीजों से कहा कि वह लोग बाजार से दवाएं न खरीदें।

मरीजों से बात करने के बाद अतुल तोमर ने प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार से बात की। मरीजों को अच्छा उपचार देने का अनुरोध किया। प्राचार्य ने कहा कि यदि किसी मरीज को कोई दिक्कत है तो वह उनसे मिल सकता है। इस दौरान जिला संगठन मंत्री अनिल ठाकुर, मुजाहिद, फिरोज, विकेश, सुरजीत, हरनेश, श्रीपाल, अजीत, उमेश विशेषपाल, अमर सिंह, नेत्रपाल, संदीप, अखिलेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वहीं तमिलनाडु के किसान नेता पीआर पाड्यन व सेल्वराज को झूठे केस में फंसाने पर भाकियू महात्मा टिकैत ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर उनको रिहा करने की मांग की है। भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष परवेज आलम ने गुरुवार को राष्ट्रपति को भेजे पत्र में कहा है कि तमिलनाडु में किसान नेता पीआर पांड्या ने अपना पूरा जीवन किसानों की सेवा को समर्पित किया है। किसानों ने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में दोनों नेताओं को रिहा करने की मांग की है। मांग करने वालों में परवेज आलम, दिनेश कुमार मौर्य, कुलदीप सिंह, सैयद अहमद अली, शिवकुमार, सबीना, ध्यान पाल सिंह आदि शामिल हैं।


मरीजों से बात करते अतुल तोमर। ● अमृत विचार

● **शिकायत पर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे, प्राचार्य से मिले**


ज्ञापन देते परवेज आलम व अन्य।

# शीतलनाथ का ज्ञान कल्याणक मनाया

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या आठ स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बृहस्पतिवार को जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी का ज्ञान कल्याणक धूमधाम से मनाया गया।

जैन श्रावकों ने जिनेंद्र भगवान का मंगल जलाभिषेक कर शांतिधारा की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अर्घ समर्पित किए। श्री दिगंबर जैन महासमिति के मंडल अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि पौष मास की कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शीतलनाथ ने केवल ज्ञान प्राप्त किया था। इस दिन दिगंबर जैन मंदिरों में विशेष धर्म आराधना की जाती है। परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार अभिषेक, शांतिधारा सहित अन्य विधान संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि भगवान शीतलनाथ का जन्म इक्ष्वाकु वंश में भद्दिलपुर नगरी में राजा दृढ़रथ और रानी नंदा के यहां हुआ था। दीक्षा प्राप्ति के बाद कठोर तपस्या कर उन्होंने भद्रिकापुर में प्लक्ष वृक्ष के नीचे केवल ज्ञान प्राप्त किया था।

इस मौके पर अरविंद जैन, अनिल जैन, ज्योति जैन, नीलम जैन, दीपिका जैन, स्तुति जैन, आराध्या जैन, भूपेंद्र जैन, प्रीति जैन आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


भगवान शीतलनाथ स्वामी की पूजा अर्चना करते भक्त।

# अब रिफ्लेक्टर लगे वाहनों से होगी गन्ना ढुलाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोहरे में रात को सड़कों पर दौड़ने वाले गन्ना लदे वाहनों पर अब शत प्रतिशत रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। यदि किसी वाहन पर रिफ्लेक्टर टैप पट्टी नहीं लगी होगी तो वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला गन्ना अधिकारी ने बैठक करते हुए शासनादेशों का पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

सर्द मौसम में गन्ना किसान अपने ट्रैक्टर ट्रॉलियों से गन्ना का ढ़लान करते हैं। गन्ना किसान क्रय केंद्रों और चीनी मिलों को गन्ना लेकर जाते हैं। अधिकांश किसान रात को गन्ना वाहनों में भरते हैं और चीनी मिलों को लेकर जाते हैं इन वाहनों में कोई निशान नहीं लगा होता है, जबकि शासन के निर्देश हैं कि गन्ना ढोने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाई जाए। इससे रात को वाहन रोड पर दूर से देखे जा सके और हादसे से बचा जा सके। आदेशों का अभी तक पालन नहीं किया जा रहा था। अब जिला गन्ना अधिकारी अशफी लाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए उक्त शासनादेश का शत प्रतिशत पालन कराने के निर्देश दिए हैं। केन इम्पलीटेंशन कमेटी की बैठक में जिला गन्ना अधिकारी अशफी लाल ने कहा कि चीनी मिलों को उक्त आदेशों का पालन कराना होगा। चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि गन्ना आयुक्त द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत ही काम किया जाएगा। सट्टा एवं आपूर्ति नीति में दी गयी व्यवस्था के अनुसार गन्ना क्रय केंद्रों पर समानुपातिक रूप से एवं निर्धारित वजन तथा क्रय केंद्रों पर बिना तुली गाड़ी खड़ी न करने व टोकिन रजिस्टर उपलब्ध रखने के साथ ही किसानों से लोडिंग अनलोडिंग शुल्क न लिया जाए। बैठक में न्यौली और बिसौली चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि पिछले गन्ना पेराई सत्र का शेष भुगतान अति शीघ्र किया जाए। बैठक में कमेटी द्वारा गन्ना किसानों के विभिन्न प्रकार के 26 संशोधन तथा किसी प्रकार का क्रय केंद्र परिवर्तन न करने का निर्णय लिया गया।


केन इम्प्लीमेंटेशन की बैठक की अध्यक्षता करते जिला गन्ना अधिकारी अशफी लाल।

● **केन इम्प्लीमेंटेशन की बैठक में जिला गन्ना अधिकारी ने दिए निर्देश**

### गुलड़िया क्षेत्र में होगा आकस्मिक निरीक्षण

गुलड़िया क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्रों पर आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र में गन्ना किसानों की घटतौली की शिकायत न मिले। गन्ना विभाग द्वारा पिछले दिनों लखनपुर के क्रय केंद्र पर छापा मारा गया कांटा और वाट भी चेक किए गए थे। गन्ना किसानों का आरोप था कि क्रय केंद्र पर तौल करते समय गन्ना किसानों को परेशान किया जाता है। इसी कारण विभाग ने इस क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। सभी क्रय केंद्रों पर किसानों को जागरूक किया गया है कि कोई भी गड़बड़ी मिले तो उसकी शिकायत अवश्य करें जिससे क्रय केंद्र संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# सड़क किनारे मिला शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **अलापुर क्षेत्र के गांव सुंदर नगर दारानगर का मामला**

● **परिवार के ही लोगों से जमीन को लेकर चल रहा था विवाद**

**अमृत विचार :** एक युवक का खून से लथपथ शव सड़क किनारे मिला। उसके सिर में चोट लगी थी। सूचना पर परिजन पहुंचे। जमीन के विवाद में परिवार के ही लोगों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मामला थाना अलापुर क्षेत्र के गांव सुंदर नगर दारानगर का है। गुरुवार सुबह गांव निवासी मोनू (35) पुत्र रामपाल सिंह का शव गांव के बाहर सड़क किनारे पड़ा मिला, जो खून से लथपथ था। पास में ही उनकी बाइक पड़ी थी। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। रामपाल सिंह ने बताया कि मोनू बुधवार रात लगभग 11 बजे कस्बा जगत जाने की बात कहकर घर से बाइक लेकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। गुरुवार सुबह उनका शव और बाइक गांव के पास पड़ी मिली। आरोप लगाया कि उनका परिवार के लोगों से जमीन का विवाद चल रहा है। उन्होंने मोनू को बहाने से बुलाया। शराब पिलाई, खाना खिलाया और चाकू से हत्या कर दी। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। शव के पास बाइक पड़ी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2025 अनुक्रमांक 1250775349 व अन्य दस्तावेज दिनांक 01.12.2025 को कचहरी जाते समय रास्ते में कहीं गिर गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **केतन सैनी पुत्र मुकेश सैनी निवासी मोहल्ला हयातपुरा नि. दुर्गा कालोनी, शाहजहांपुर। मो. 8881340411, 9235526195**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र शाकिर बेग व पुत्रवधू रेहाना व उनके बच्चों लाईवा, शाजिल व इब्राहिम को गलत चाल-चलन व दुर्व्यहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मुकदद्र बेग पुत्र बहार बेग निवासी 151, रोड नं. 01 रहपुरा चौधरी थाना इज्जतनगर, जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्रवधु गोमती पत्नी स्व. अजय को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **श्याम किशोर पुत्र मूलचन्द निवासी ग्राम जेठरा थाना खमरिया जिला खीरी।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**NOTICE**
I, Vijayalakshmni Kaveri, Mother of Army No. 23101622A Rank SEP Name Bharathi K Presently residing at House No. 4/13, Vill-Javan Kottai, Krishnagiri- Teh. Krishnagiri-Dist Tamil Nadu-State, Pin 635112 have changed my name from Vijayalakshmi to Vijayalakshmi Kaveri as per Aadhar records vide affidavit declaration date 12 Dec. 2025, Advocate and Notary Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur (UP)

**NOTICE**
I, Kaveri Arunasalam, Father of Army No.23101622A Rank SEP Name Bharathi K presently residing at House No. 4/13, Vill-Javan Kottai, Krishnagiri-Teh. Krishnagiri-Dist, TamilNadu-State, PIN-635112. Have changed my name from Kaveri to Kaveri Arunasalam as per Aadhar records vide affidavit declaration date 12 Dec 2025 Advocate and Notary : Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur (UP)

**सूचना**
मेरा एक मूल बैनामा जो दिनांक 24.4.2004 जिसका विवरण सब रजिस्टर कार्यालय बरेली पृष्ठ संख्या 99 से 110 तक दस्तावेज संख्या 3411 वर्गमीटर 132 खसरा नंबर 111 मोहनपुर तहसील जिला बरेली जिसको उषा शर्मा पत्नी दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा अश्वनी शर्मा पुत्र दिनेश चंद्र शर्मा के हक में निष्पादित किया था उक्त बैनामे की मूल प्रति मुझ से मेरे घर सिविल लाइन्स से कहीं गुम हो गई है। उक्त संपत्ति मैंने अश्वनी शर्मा से क्रय की थी।
**सुधीर मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री राज किशन मेहरा निवासी 179/23 सिविल लाइन्स, बरेली। मो.नं. 9219602961**

**सूचना**
मेरा एक मूल बैनामा जो दिनांक 31.3.2003 जिसका विवरण सब रजिस्टर कार्यालय बरेली पृष्ठ संख्या 59 से 66 तक खंड 405 क्रम संख्या 1820 वर्गमीटर 132 खसरा नंबर 111 मोहनपुर तहसील जिला बरेली जिसको उषा शर्मा पत्नी दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा प्रशांत शर्मा पुत्र दिनेश चंद्र शर्मा के हक में निष्पादित किया था उक्त बैनामे की मूल प्रति मुझ से मेरे घर सुभाष नगर में कहीं गुम हो गई है उक्त संपत्ति मैंने प्रशांत शर्मा से क्रय की थी।
**लाल सिंह पुत्र स्वर्गीय दीवान सिंह निवासी 231 किताब बाबू का हाता स्टेट के पास सुभाष नगर, बरेली। मो.नं. 9219602961**

# युवक पर जानलेवा हमले में छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर युवक पर लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। सिर पर कई वार कर उसे अधमरा कर दिया। उसे बचाने के लिए बहन आई तो अश्लीलता की गई। एडीजी के आदेश पर छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के युवक ने बताया कि 13 दिसंबर की रात करीब साढ़े दस बजे मोहल्ले के बेनीराम के बेटे बबलू, सोनू, मोनू, विपिन और सचिन गाली-गलौज करते हुए घर के बाहर हंगामा कर रहे थे। मना करने पर आरोपी भड़क उठे और हथियारों के साथ घर में घुस आए। आरोप है कि बबलू ने उसकी बहन के बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। दुपट्टा खींचकर फेंक दिया और अभद्रता की। मोनू ने युवक को पीछे से दबोच लिया और सोनू ने ईंट से सिर पर वार किए। युवक खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया, लेकिन आरोपी उसे लात-घूंसों से पीटते रहे। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग जुटे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजन उसे कोतवाली ले गए, जहां से उसे अस्पताल भेजा गया। उसके सिर में 23 टांके आए हैं। आरोप है कि वह पहले भी शिकायत लेकर थाने जाता रहा, लेकिन हर बार टालमटोल होती रही। फिलहाल, पुलिस ने एडीजी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुठभेड़ : दो गो तस्करों के लगी गोली

## गोली लगते ही बोले गोकश, माफ कर दीजिए साहब! गलती हो गई

- घने कोहरे में पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई फायरिंग
- घुमंतू गायों को सुनसान इलाकों में काटकर बेच देते हैं मांस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : घने कोहरे के बीच में बुधवार की देर रात बारादरी थाना क्षेत्र में गोकशी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे दो गो तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में दोनों पशु तस्कर पुलिस की गोली पैर में गोली लगने से घायल हो गए। गोली लगते ही दोनों तस्करों ने हाथ जोड़ कर कहा कि माफ करो साहब गलती हो गई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सूफी टोला निवासी रिजवान उर्फ पिन्ना और सैलानी के जुनैद के रुप में हुई। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि फाइक एन्क्लेव के पीछे जंगल में बुधवार की रात पशु तस्करों के होने की सूचना मिली। सूचना देने वाले ने बताया कि घुमंतू गोवंशीय पशुओं की तलाश में दो तस्कर लगे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। घने कोहरे के बीच घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम को देखते ही संदिग्धों ने भागने की कोशिश की और खुद को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए।

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को मौके से दबोच लिया और तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी रिजवान उर्फ पिन्ना और जुनैद के पास से तमंचे और कारतूस बरामद किए। दोनों के पास से संयुक्त रूप से मीट काटने का लकड़ी का बड़ा गुटका, तीन चाकू, तीन रस्सियां, टॉर्च, चार प्लास्टिक की बोरियां और दो पॉलीथिन बैग भी बरामद किए। दोनों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह सुनसान इलाकों में घुमंतू गोवंशीय पशुओं की तलाश करते हैं। मौका मिलते ही पशुओं को काटकर उनका मांस बेच देते हैं। पुलिस अब इनके नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। इसी क्रम में दोनों ने बताया कि गिरोह का लीडर वसीम जेल में बंद है। जेल में होने के कारण गिरोह की कमान जमानत पर छूटे रिजवान उर्फ पिन्ना ने संभाल रखी है।

# जिला अस्पताल रोड पर गरजा निगम का बुलडोजर

- निगम की कार्रवाई शुरू होते देख भागे ठेले और फड़ वाले
- बड़ी संख्या में दुकानों के बाहर जमा सामान भी किया जब्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : नावल्टी से जिला अस्पताल रोड पर गुरुवार को नगर निगम की प्रवर्तन टीम का बुलडोजर गरजा। टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, ठेले और फड़ वालों में अफरा तफरी मच गई, करीब एक घंटे तक चले इस अभियान में सड़क किनारे सजी दुकानों का टीम ने सामान जब्त कर लिया, अतिक्रमणकारियों पर 19 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे की अध्यक्षता में बुधवार को हुई जिला व्यापारी बंधु की बैठक में व्यापारियों ने कोतवाली से लेकर कुतुबखाना तक अतिक्रमण होने और नगर निगम द्वारा अभी तक न हटाने का मुद्दा दूसरी बार उठाया। इस पर एडीएम सिटी ने निगम के अधिकारी से नाराजगी जताते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। निर्देश के अनुपालन में नगर निगम की प्रवर्तन टीम गुरुवार दोपहर करीब दो बजे नावल्टी चौराहा पहुंची, यहां सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में ठेले और फड़ वालों के साथ ही स्थानीय दुकानदारों ने भी बाहर शेड लगा रखे थे, टीम ने बड़ी संख्या में दुकानदारों का सामान जब्त कर नोटिस भी जारी किए। वहीं, करीब दो दर्जन अतिक्रमणकारियों से 19 हजार रुपया जुर्माना भी वसूला। इस संबंध में निगम के राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि लगातार शहर के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान आलमगिरीगंज के कुछ व्यापारी भी निगम टीम के साथ रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखीमपुर खीरी

पत्रांक 3641 /16ए/ई–टेण्डर–प्रा0खं0/2025–26 दिनांक 05.12.2025

–ई–प्रोक्योरमेण्ट निविदा सूचना–

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में ''मार्ग श्रेणी'' हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | खीरी/प्रा0खं0 | गढी इब्राहीमपुर सम्पर्क मार्ग कि0मी0–1 में 1ग3मी0 स्पान के कल्वर्ट का कार्य | 32.50 | 3.25 | 944.00 | 02 माह | A, B, C, D, |
| 2. | खीरी/प्रा0खं0 | मिन्नापुर सम्पर्क मार्ग कि0मी0–1 में 1ग3मी0 स्पान के कल्वर्ट का कार्य | 33.00 | 3.30 | 944.00 | 02 माह | A, B, C, D, |
| 3. | खीरी/प्रा0खं0 | रसूलपुर सम्पर्क मार्ग कि0मी0–1 में 1ग3मी0 स्पान के कल्वर्ट का कार्य | 32.80 | 3.28 | 944.00 | 02 माह | A, B, C, D, |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 26.12.2025 से 05.01.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 05.01.2026 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 05.01.2026 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

UP – 242621 दिनांक: 17/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखीमपुर खीरी


### मेले में बिजली के लिए ट्रांसफार्मर से सीधे जोड़ा तार

बरेली, अमृत विचार : हार्टमन क्षेत्र में चल रहे एक मेले में चोरी की बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर से सीधे तार जोड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है। मुख्य अभियंता ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। सीबीगंज सबस्टेशन के हार्टमन क्षेत्र में इन दिनों एक मेला आयोजित किया जा रहा है।


ता. पेशी 29.12.2025
एफ.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग–7
हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार
पसगवां महोदय मोहम्मदी खीरी

वाद संख्या 714 सन् 2025 ई. पंकज कुमार बनाम शिव शंकर लाल महेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र शिवशंकर लाल नि. ग्राम महमूदपुर नाजिर पर. पसगवां तह. मोहम्मदी जिला खीरी

चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने लिए 2025 के 12 – 29 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से चुना जायेगा। व अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 200 के दिवस को निकाली गई।

दिनांक 18.12.25 न्यायालय नायब तहसीलदार
पसगवां, खीरी


# नगर निगम ने बड़े बकाएदारों पर दूसरे दिन भी की सीलिंग की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

> विभागीय टीम ने 6 व्यावसायिक भवनों पर सीलिंग की कार्रवाई की है। पूर्व में ही भवन स्वामियों को टैक्स भुगतान संबंधी नोटिस जारी किए थे। बड़े बकायेदारों के खिलाफ निरंतर अभियान जारी रहेगा।
> – पीके द्विवेदी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी।

- तीन बकायेदारों ने कार्रवाई के बाद टैक्स जमा करके खुलवाई सील

**अमृत विचार** : नगर निगम ने सालों से लाखों का टैक्स दबाए लोगों के नींदे उड़ा दी हैं। निगम ने बकाया टैक्स की वसूली के लिए भवनों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को लाखों का टैक्स बकाया होने पर 6 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की कार्रवाई की है।

निगम ने पूर्व में एक लाख से अधिक के बड़े बकायेदारों को अंतरिम नोटिस जारी कर टैक्स भुगतान न करने पर कुर्की का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद न चेतने पर अब कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। निगम की टैक्स विभाग की टीम ने गुरुवार को प्रेमनगर के कानून गोयान निवासी श्याम स्वरूप पुत्र राम स्वरूप पर 8,13.958.68 रुपये टैक्स बकाया होने पर संपत्ति सील की। कार्रवाई के दौरान भवन स्वामी ने एक लाख रुपये की धनराशि नगर निगम कोष में जमा कराई। आजम नगर के सराय खाम निवासी हुसैन खां उर्फ दुलारा खां पर 3,06,459.45 की धनराशि बकाया पाये जाने पर भवन सील किया गया, लेकिन कार्रवाई के बाद भवन स्वामी ने दो लाख पचास हजार रुपये की धनराशि जमा की। सुभाष नगर निवासी शशि सक्सेना पत्नी गंगाराम सक्सेना पर 2,21.907.09 की धनराशि बकाया होने के चलते संपत्ति सील की, लेकिन उन्होंने तत्काल बीस हजार रुपये की धनराशि निगम कोष में जमा की। आवास विकास निवासी बिहारी लाल 1.22,157.31 की धनराशि बकाया पाये जाने पर व्यावसायिक संपत्ति सील की गई। आवास विकास निवासी राजीव गुप्ता पर 1,40.702.14 की धनराशि बकाया और आवास विकास निवासी कस्म सक्सेना पर 1.94,511.17 की धनराशि बकाया पाये जाने पर उनके व्यावसायिक भवन पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मनहेरा वि.खं.बिथरी चैनपुर, बरेली

निविदा सूचना

अधिकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि विकास खंड बिथरी चैनपुर की ग्राम पंचायत मनहेरा मे मनरेगा कार्ययोजना/ ग्राम निधि के अनुसार वर्ष 2025–26 मे प्राप्त धनराशि से 1- मोर सिंह के घर से नन्हे के घर तक सी सी व नाली निर्माण कार्य। 2- नत्थू के घर से गुड्डू के घर तक सी सी व नाली निर्माण कार्य। 3–बुद्धसेन के घर से शब्बीर अहमद के घर तक सी सी व नाली निर्माण कार्य। 4–रामेश्वर के घर से मुन्ने के घर तक सी सी व नाली निर्माण कार्य जिसके लिय ,सीमेंट, बजरफुट रेता , ईट एव अन्य अनुमन्य वस्तुओ की पूर्ति हेतु सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। नियम व शर्ते किसी भी दिवस मे ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखी जा सकती है।

सचिव – मोरपाल प्रधान– मंजूर अहमद

## कार्यालय ग्राम पंचायत रजपुरी नवादा, वि.खं. बिथरी चैनपुर, बरेली

निविदा सूचना

सभी अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रजपुरी नवादा वि. खं. बिथरी चैनपुर में ग्राम निधि, राज्य वित्त व केन्द्रीय वित्त/SBM व OSR से वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईट की रोड़ी आदि सामग्री की सीलबंद निविदाएं दिनांक 24.12.2025 को दोपहर 12 बजे तक पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबंद निविदांए निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 24.12.2025 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण इस प्रकार है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | अमलोनीपुर में सत्यपाल के घर से रामवीर के घर तक नाला मरम्मत कार्य | 2,35,000 |
| 2. | अमलोनीपुर में राम औतार के घर से झब्बू सिंह के घर तक इण्टर लॉक व नाली निर्माण कार्य | 4,85,000 |
| 3. | अमलोनीपुर में वेदपाल के घर से वीरपाल के घर तक नाली निर्माण | 2 लाख |
| 4. | बढैपुरा में कश्यप गली में इण्टरलॉक/सीसी व नाली निर्माण कार्य | 2 लाख |
| 5. | अमलोनीपुर में सत्यपाल के घर से रामसहाय के घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.25000 |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

माया देवी–ग्राम प्रधान सचिव–चन्द्रभान सिंह



## कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद - शाहजहाँपुर

पत्रांक:–96/न.पं.काँट/नि.का./2025–26 दिनांक 18.12.2025

निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँट, जनपद–शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2023–2024 में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले सिविल निर्माण कार्य हेतु दिनांक 08.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 07.01.2026 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके क्रय किये जा सकते है। धनराशि मु. 5.00 लाख रुपये से अधिक की निविदा दिनांक 09.01.2026 को प्रात: 11:00 बजे अपर जिलाधिकारी कार्यालय में खोली जायगी। शेष निविदायें दिनांक 09.01.2026 को अपरान्ह 03:30 बजे नगर पंचायत काट कार्यालय में खोली जायगी। आगणन व अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी कार्य दिवस में देखे जा सकते है। उक्त तिथियों में अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस की तिथि मान्य होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित/आगणन राशि | धरोहर धनराशि 2% | निविदा मूल्य जिसमें जी.एस.टी. मूल्य 18 प्रतिशत सम्मिलित है | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मो. केलेवाली चौपाल में अहमद दराज के मकान से वली दराज के मकान तक नाला का निमार्ण कार्य। | 4,91,109.40 | 9830.00 | 481+87=568 | दो माह |
| 2. | मो. केलेवाली चौपाल में रेहाना के मकान से हाजी कवि दराज के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,17,603.14 | 8360.00 | 418+75=493 | दो माह |
| 3. | मो. तकिया में छुट्टन के मकान से मोवीन के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,20,615.65 | 8420.00 | 421+76=497 | दो माह |
| 4. | मो. तकिया में सत्तार के मकान से साजिद के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,20,545.80 | 8420.00 | 421+76=497 | दो माह |
| 5. | मो. तकिया में कमरुल के मकान से वब्ले के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,17,603.14 | 8360.00 | 418+75=493 | दो माह |
| 6. | मो. तकिया में लल्ला के मकान से अजीम के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,20,615.65 | 8420.00 | 421+76=497 | दो माह |
| 7. | मो. तकिया में पप्पू आढ़ती के मकान से जाहिदा के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,19,109.40 | 8385.00 | 419+75=494 | दो माह |
| 8. | मो. तकिया में गुडडू खां के मकान से लल्ला खां के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,20,615.65 | 8420.00 | 421+76=497 | दो माह |
| 9. | मो. तकिया में नूर अहमद के मकान से चाँद मियाँ के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,20,615.65 | 8420.00 | 421+76=497 | दो माह |
| 10. | मो. तकिया में नाजिर अली मार्केट के कोने से होते हुए बाबू के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,19,109.40 | 8385.00 | 419+75=494 | दो माह |
| 11. | मो. तकिया में लल्लू हाजी जी के मकान से तंजीम के मकान तक नाला का निर्माण कार्य। | 4,17,603.14 | 8360.00 | 418+75=493 | दो माह |
| 12. | मो. नवीपुर में नजमी के मुर्गी फार्म से मौलाना वशीरुद्दीन के मकान तक नाली का निर्माण कार्य। | 8,42,948.38 | 16860.00 | 843+152=995 | दो माह |
| 13. | मो. नवीपुर में जिलानी के मकान से असलम के मकान तक नाली का निर्माण कार्य। | 8,31,693.64 | 16640.00 | 832+150=982 | दो माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर


### बेंगलुरु फ्लाइट समय से आई और गई, 382 यात्रियों को मिली राहत

- बेंगलुरु से आने और बरेली से जाने वाले यात्रियों की संख्या रही समान

बरेली, अमृत विचार : कोहरे में दृश्यता कम होने की वजह से पिछले दो दिन मुंबई फ्लाइट निरस्त होने से यात्रियों ने दिक्कतें झेलीं, वहीं, गुरुवार को बेंगलुरु फ्लाइट के निर्धारित समय पर एयरपोर्ट आने पर 382 यात्रियों को बड़ी राहत मिली। बेंगलुरु से आने और बरेली से जाने वाले यात्रियों की संख्या समान रही।

गुरुवार को दिन में धूप खिलने से मौसम साफ हो गया। इसका फायदा इंडिगो की एयरबस को लैंडिंग और उड़ान भरने के दौरान मिला। निर्धारित समय पर 321 सीटर एयरबस ने बेंगलुरु एयरपोर्ट से बरेली के लिए उड़ान भरी और दोपहर में निर्धारित समय 2.20 बजे एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। यहां से भी बेंगलुरु फ्लाइट ने निर्धारित समय 2.55 बजे उड़ान भरी। इससे बेंगलुरु से आने और बरेली से जाने वाले यात्रियों ने बड़ी राहत महसूस की। बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी ने बताया कि बेंगलुरु से 191 यात्री बरेली आए और बरेली से भी 191 यात्री बेंगलुरु गए। मौसम साफ रहने पर ही शुक्रवार को मुंबई-बरेली के परिचालन की संभावना जताई है।

### पहली पत्नी के जिंदा रहने पर भी रचाई दूसरी शादी

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र में महिला ने पति पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि बिना तलाक दिए उसके पति ने परिवार के साथ मिलकर दूसरी महिला से हरिद्वार में शादी कर ली। पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी वर्ष 2019 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी और उसकी दो नाबालिग बेटियां हैं। आरोप है कि पति ने उसे अंधेरे में रखकर गुपचुप तरीके से दूसरी शादी कर ली और उसी युवती के साथ रहने लगा।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त,
लो०नि०वि०, बरेली

पत्रांक : 8947/7 निविदा (सी0डी0–2) (ई–टेण्डर) – 08/2025–26 दिनांक 04.12.2025

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ / पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट / पोर्टल पर दिनांक 23.12.2025 से दिनांक 06.01.2026 की मध्यान्ह 12: 00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 06.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) | | | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | | | |
| 1 | जनपद बदायूँ में वर्ष 2025–26 में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु राजस्व ग्राम/बसावटों को पक्के सम्पर्क मार्ग से जोड़ने के अंतर्गत बिल्सी से सुकटिया मार्ग का निर्माण कार्य। | 104.00 | 8.00 | 112.00 | 7.60 | 2714.00 | 12 माह |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

UP – 242596 दिनांक: 17/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(वन्दना सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2,
लो0नि0बि0, बदायूँ

(के0 के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ / पीलीभीत वृत्त,
लो0नि0वि0, बरेली,



## कार्यालय ग्राम पंचायत कुंवरगांव, उसावां (बदायूँ)

पत्रांक : 04/निविदा/मनरेगा/ग्रा.पं./2025–26 दिनांक : 18.12.2025

अल्पकालीन निविदा

विकास खण्ड उसावां की ग्राम पंचायत कुंवरगांव में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, रेता, बदरपुर एवं इण्टरलॉकिंग ईट आदि की आपूर्ति की इच्छुक समस्त फर्मे, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.12.2025 समय 11:00 बजे तक निविदा शर्तो तथा सामग्री की मात्रा की जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी कर निग्रत सायं 4:00 बजे निविदा दाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर नियत कमेटी द्वारा खोले जाने एवं आपूर्ति की जाने वाली सामग्री हेतु किसी भी कार्य दिवस से सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में एवं निर्धारित अवधि में निर्धारित शुल्क 100/– प्रति फार्म प्राप्त कर सकते है।

ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का नाम | कार्य की माप एवं सं. (लxचौ) | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुंवरगांव | कुंवरगांव चिरानी में खेमकरन धोबी के खेत से मलखान के खेत तक खडन्जा निर्माण कार्य | 150x4 मी. | 329871 |
| 2. | कुंवरगांव | कुंवरगांव चिरानी में मलखान जाटव के खेत से कुंवरगांव सी. सी. रोड तक खडन्जा निर्माण कार्य | 150x4 मी. | 327360 |
| 3. | कुंवरगांव | कुंवरगांव चिरानी में पुलिया से खेमकरन धोबी के खेत तक खडन्जा निर्माण कार्य | 160x4 मी. | 351139 |

निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा तथा किसी भी वाद विवाद में मा. न्यायालय बदायूँ ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत कुंवरगांव
उसावां (बदायूँ)

# खाद माफिया पर कसेगा शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उर्वरक कालाबाजारी को सामान्य अपराध नहीं मानने का फैसला एनएसए तक कार्रवाई की बन रही कार्ययोजना

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट और सख्त निर्देशों के बाद अब खाद एवं कृषि विभाग ने उर्वरक कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई की ठोस कार्ययोजना तैयार करना शुरू कर दिया है। शासन स्तर पर यह तय किया गया है कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग को अब सामान्य या रूटीन अपराध की तरह नहीं देखा जाएगा। इसे सीधे खाद्य सुरक्षा, किसान हित और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर अपराध मानते हुए सख्त कानूनी कदम उठाए जाने की कार्ययोजना तैयार हो रही है।

मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के बाद विभागों को निर्देश मिले हैं कि कालाबाजारी में लिप्त तत्वों के खिलाफ एफआईआर से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) तक की कार्रवाई का स्पष्ट खाका तैयार किया जाए। खाद एवं रसद, कृषि और जिला प्रशासन मिलकर यह तय कर रहे हैं कि किन परिस्थितियों में साधारण धाराएं लगेंगी और किन मामलों में एनएसए जैसी कठोर कार्रवाई आवश्यक होगी। प्रदेश के सभी जिलों में डेली स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम को सख्ती से लागू कराने की योजना है। हर खाद दुकान और गोदाम से रोजाना स्टॉक और बिक्री का विवरण ऑनलाइन लेने के बाद उसकी क्रॉस चेकिंग की जाएगी, ताकि किसी भी जिले या ब्लॉक में संभावित कमी का समय रहते आकलन हो सके। योजना के तहत औचक निरीक्षण को और प्रभावी बनाया जाएगा। निगरानी में चूक करने वाले अफसरों की भी भूमिका तय की जा रही है।

# सभी एक्सप्रेस-वे पर 20 से 40 किमी तक घटी गति सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** घने कोहरे और धुंध के मौसम में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने सभी एक्सप्रेस-वे पर कार, जीप और हल्के वाहन वाहनों की अधिकतम गति सीमा 100 किमी में 20 से 40 किमी कटौती कर दी है। इसी तरह बस और मल्टी-एक्सल यात्री वाहन और मालवाहक पर भी गति सीमा घटाई गई है। यह नई व्यवस्था 19 दिसंबर से 15 फरवरी तक प्रभावी रहेगी।



- यूपीडा का फैसला, 19 दिसंबर से 15 फरवरी तेज रफ्तार पड़ेगी भारी, नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई के संकेत

यूपीडा के अनुसार, सर्दियों में दृश्यता कई बार 50 मीटर से भी कम रह जाती है। ऐसे में तेज़ रफ्तार न केवल वाहन चालक के लिए, बल्कि अन्य यात्रियों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए एक्सप्रेस-वे पर चलने वाले सभी श्रेणी के वाहनों के लिए समयवार और वाहन-प्रकार आधारित गति सीमा तय की गई है। यूपीडा ने साफ किया है कि यह गति सीमा अस्थायी लेकिन अनिवार्य है और कोहरे की स्थिति समाप्त होने तक लागू रहेगी। यूपीडा ने एक्सप्रेस-वे पर सरप्राइज पेट्रोलिंग, डेली मॉनिटरिंग और 24x7 एम्बुलेंस तैनाती के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एक्सप्रेस-वे पर फॉग लाइट्स, रिफ्लेक्टिव बोर्ड, डेलिनेटर और रोड स्टड्स की संख्या बढ़ाई जा रही है, ताकि कम दृश्यता में भी रास्ता स्पष्ट दिखे। अधिकारियों का कहना है कि नियमों का पालन न करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, क्योंकि यह केवल यातायात नियम नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

### अब इस तरह होगी रफ्तार

- कार, जीप और हल्के वाहन (एम-1 श्रेणी) – सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक : 80 किमी/घंटा, रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक : 60 किमी/घंटा
- बस और मल्टी-एक्सल यात्री वाहन (एम-2 व एम-3)- दिन में : 60 किमी/घंटा, रात में : 50 किमी/घंटा
- मालवाहक वाहन – दिन में : 50 किमी/घंटा-रात में : 40 किमी/घंटा

### चालकों से अपील बरतें सावधानी

- कोहरे में हाई बीम का प्रयोग न करें।
- वाहन के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
- अचानक ब्रेक लगाने से बचें।
- फॉग लाइट का उपयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छता अभियान से अटल को श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी के निर्देशानुसार 25 दिसंबर को पूरे प्रदेश में विशेष और व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से अटल के स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। 18 से 22 दिसंबर के बीच जनपद स्तर पर निबंध लेखन, भाषण, चित्रकला और कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं 25 दिसंबर को लखनऊ स्थित लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 25 दिसंबर की शाम उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से अटल के कवि व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### ओसैट यूनिट से यूपी बनेगा सेमीकंडक्टर हब

**अमृत विचार, लखनऊ:** देश के सेमीकंडक्टर मिशन को प्रदेश में नई गति मिलने जा रही है। एचसीएल और फॉक्सकॉन की संयुक्त ओसैट यूनिट लगने जा रही है। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्रति माह 20,000 सिलिकॉन वेफर्स प्रोसेसिंग क्षमता है, जो प्रदेश को सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में मजबूत स्थान दिलाने के साथ ही भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी। अधिकारियों के अनुसार, जनवरी के मध्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी के बाद परियोजना पर तेजी से काम शुरू हो जाएगा। यह यूनिट यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास स्थापित की जाएगी। करीब 3706 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाली यह इकाई प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्टिंग सुविधा होगी।

### रेपर्टवा फेस्टिवल का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ:** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि रेपर्टवा जैसे महोत्सव उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मक प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं। पर्यटन मंत्री, गुरुवार को राजधानी के जनेश्वर मिश्र पार्क में 'रेपर्टवा फेस्टिवल 2025' के 13वें सीजन का दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। चार दिवसीय रेपर्टवा फेस्टिवल 18 से 21 दिसंबर तक जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ देशभर की कला प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी।

# संस्कृति में ही निहित राष्ट्र की आत्मा : योगी

## भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी महोत्सव में मुख्यमंत्री बोले- संस्कृति से कटते ही राष्ट्र हो जाता है निस्तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है। यदि राष्ट्र से उसकी संस्कृति को अलग कर दिया जाए तो वह निस्तेज हो जाता है और अपनी पहचान खो देता है। उन्होंने कहा कि कलाकार भी राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। सरकार से पूरी मदद आश्वासन देते हुए योगी ने कहा कि कला एक ईश्वरीय गुण है, जिसकी अवमानना नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में शताब्दी महोत्सव के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे आत्मा के बिना शरीर निष्प्राण हो जाता है, उसी प्रकार संस्कृति से विहीन राष्ट्र खंडहर में बदल जाता है। योगी ने यह शताब्दी समारोह केवल एक संस्थान का उत्सव नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वर, लय और परंपरा की निरंतरता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि भारत की कला, संगीत और लय ने विषम परिस्थितियों में भी अपनी पहचान बनाए रखी, यही कारण है कि सनातन संस्कृति आज भी विश्व को दिशा देने में सक्षम है। उन्होंने कलाकार की कला को ईश्वरीय गुण बताते हुए कहा कि इसका सम्मान होना चाहिए और किसी भी विधा से जुड़े कलाकार को प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ने बीते 100 वर्षों में भारतीय संगीत, नृत्य, नाट्य और ललित कलाओं को संरक्षित ही नहीं किया, बल्कि उन्हें आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़कर प्रतिष्ठा भी दिलाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक संस्कृति कर्मी भी राष्ट्र निर्माण में उतना ही योगदान देता है, जितना कोई अन्य क्षेत्र का नागरिक। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के संस्थापक पं. विष्णु नारायण भातखण्डे को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री योगी ने वर्ष 1940 में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखे गए उस पत्र का उल्लेख किया। उन्होंने कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह द्वारा तैयार किए गए विश्वविद्यालय के कुलगीत और लोगो 'नादाधीनं जगत्' की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकार सृष्टि का पहला स्वर है और नाद योग इसकी वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुष्टि करता है। योगी ने कुम्भ 2019 और महाकुम्भ 2025 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मिथक टूट गया है कि युवा अपनी संस्कृति से दूर हो रहे हैं।



लखनऊ : भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उद्घाटन समारोह में डाक विभाग के विशेष आवरण का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी, कुलपति प्रो. मांडवी सिंह व अन्य।

### कलाकारों को सशक्त मंच दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय इस दिशा में सरकार का महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने विश्वविद्यालय के नए प्रस्तावित परिसर, आधुनिक ऑडिटोरियम, ओपन थिएटर और पुराने परिसर को संग्रहालय के रूप में विकसित करने की योजना की भी जानकारी दी। इस अवसर पर 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल बुक 'ए लिगेसी ऑफ एक्सिलेंस', डाक विभाग के विशेष आवरण और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।


भातखंडे विवि की पूर्व छात्रा पद्मश्री मालिनी अवस्थी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### ये पूर्व छात्र-छात्रा किए गए सम्मानित

डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय (कथक), पद्मश्री मालिनी अवस्थी (लोक गायिका), दिलराज कौर (शास्त्रीय गायन), केवल कुमार (संगीत संयोजक)

# 40.19 लाख नए वोटर मतदाता सूची में जुड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## पंचायत चुनाव

- नई सूची में जुड़े करीब 15 लाख पहली बार वोट डालने वाले युवा कुल मतदाता बढ़कर हुए 12.69 करोड़
- वृहद पुनरीक्षण के बाद 1.41 करोड़ नाम हटे, 23 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन : राज्य निर्वाचन आयुक्त



**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत कराए गए मतदाता सूची वृहद पुनरीक्षण-2025 के बाद उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची में 40.19 लाख नए वोटर जुड़े हैं, जिससे प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई है। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में यह संख्या 12.29 करोड़ थी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि नए मतदाताओं में बड़ी हिस्सेदारी युवाओं की है। इनमें लगभग 15 लाख ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर पहली बार मतदाता सूची में जगह बनाई है। उन्होंने बताया कि 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या अब 1.05 करोड़ हो चुकी है, जो पंचायत चुनावों में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का संकेत है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण के दौरान 1.41 करोड़ नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इनमें ऐसे मतदाता शामिल हैं, जिनका नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज था, जिनका निधन हो चुका है या जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से की गई है।

उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण शुरू करने से पहले वर्ष 2021 की मतदाता सूची में शामिल सभी 12.29 करोड़ मतदाताओं को स्टेट वोटर नंबर (एसवीएन) आवंटित किया गया। इसके बाद ई-बीएलओ एप और गणना प्रपत्रों के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया गया। जिन मतदाताओं के नाम एक से अधिक बार पाए गए, उन्हें सूची से विलोपित किया गया।

राज प्रताप सिंह ने कहा कि एसवीएन किसी भी मतदाता को जीवन में केवल एक बार ही दिया जाएगा। यदि किसी मतदाता का नाम सूची से हटाया जाता है, तो उसका एसवीएन नंबर फ्रीज कर दिया जाएगा और भविष्य में किसी अन्य को आवंटित नहीं होगा। इससे फर्जी और दोहरे मतदाताओं पर पूरी तरह रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। इस अवधि में मतदाता दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। सभी आपत्तियों के निस्तारण के बाद 6 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# रोजगार सृजन कर रही खादी: खन्ना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. खादी एवं ग्रामोद्योग की 10 दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत

**अमृत विचार :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि खादी भारत की स्वतंत्रता, स्वदेश और स्वावलंबन का प्रतीक है। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभा रहा है।

संसदीय कार्यमंत्री गुरुवार को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

स्वदेशी, स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में उप्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में 18 से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाली मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी-2025 की प्रशंसा की।


खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद चरखे पर हाथ आजमाते मंत्री सुरेश खन्ना।

# प्रधानाचार्य समेत तीन पर एफआईआर दर्ज

## मदरसा नियुक्ति फर्जीवाड़ा : मृतक आश्रित कोटे में दो बार लॉकडाउन में की गई नियुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के बलरामपुर जिले में मदरसा जामिया अनवारूल उलूम, तुलसीपुर में कनिष्ठ सहायक की नियुक्ति को लेकर सामने आया फर्जीवाड़ा अब गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। लॉकडाउन जैसी आपात अवधि में की गई इस नियुक्ति ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। 25 मई 2020 को मो. हसन रजा को मदरसा जामिया अनवारूल उलूम में सहायक शिक्षक आलिया के पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्रों की प्रामाणिकता पर संदेह हुआ, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू हुई।

बलरामपुर के तुलसीपुर थाने में जिला अल्पसंख्यक अधिकारी यशवंत मौर्या ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि मो. हसन रजा की नियुक्ति 25 मई 2020 को मदरसा जामिया अनअवारूल उलूम में सहायक शिक्षक आलिया के पद पर हुई। उनके द्वारा जमा किये गये दस्तावेज पूरी तरह से संदेहास्पद दिखे। जिसकी जांच कराई गई। मो. हसन रजा ने दो शपथ पत्र दिये। जिसमें एक को खुद ही फर्जी बताया। जांच में सामने आया कि पहले शपथ पत्र में हसन रजा के पास आवश्यक योग्यता न होने की बात कही गई थी, जबकि बाद में दिए गए दूसरे शपथ पत्र में पहले को फर्जी बताया गया। इस विरोधाभास ने मामले को और संदिग्ध बना दिया। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फोरेंसिक) से कराई गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि विवादित शपथ पत्र पर किए गए हस्ताक्षर मो. हसन रज़ा के वास्तविक हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते। रिपोर्ट के अनुसार, यह फर्जी शपथ पत्र मदरसे के लिपिक अजीज अहमद अंसारी द्वारा अपने हाथ से लिखा गया था। खुलासे के बाद मदरसा प्रधानाचार्य मेराज अहमद, लिपिक अजीज अहमद अंसारी सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल

मामले में यह भी आरोप है कि एक ही व्यक्ति को दो बार मृतक आश्रित कोटे में नियुक्त किया गया। यह गंभीर अनियमितता तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह और तत्कालीन रजिस्ट्रार मदरसा बोर्ड आरपी सिंह की भूमिका पर सवाल खड़े करती है। हालांकि शासन के पत्रों में विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए हैं, लेकिन अब तक उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## उपलब्धि

### मुख्यमंत्री योगी को उच्चाधिकारियों ने सौंपा विभागवार खाली पदों का ब्योरा

# नए वर्ष में युवाओं के लिए 1.5 लाख सरकारी नौकरियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस-शिक्षा में सर्वाधिक भर्ती रिकार्ड भर्ती करने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

**अमृत विचार:** प्रदेश के युवाओं के लिए वर्ष 2026 रोजगार के लिहाज से ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार अगले वर्ष डेढ़ लाख से अधिक सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके साथ ही योगी सरकार के नाम 10 वर्षों में 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का रिकॉर्ड दर्ज होने जा रहा है, जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में हुई एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सभी विभागों से रिक्त पदों का अद्यतन और विभागवार ब्यौरा तलब किया है। इसके आधार पर वर्ष 2026 के लिए मेगा भर्ती कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। सरकार का फोकस उन विभागों पर है, जहां लंबे समय से पद रिक्त हैं और जिनका सीधा असर कानून-व्यवस्था, शिक्षा और जनसेवाओं पर पड़ता है।

सरकारी तैयारियों के अनुसार, वर्ष 2026 में सबसे अधिक भर्ती पुलिस और शिक्षा विभाग में होगी। दोनों विभागों में करीब 50-50 हजार पदों पर नियुक्तियां प्रस्तावित हैं। पुलिस विभाग में 30 हजार आरक्षी, 5 हजार उप निरीक्षक (एसआई) और 15 हजार अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक, प्रवक्ता (लेक्चरर) और प्रधानाचार्य जैसे पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां होंगी।

इसके अलावा राजस्व विभाग में करीब 20 हजार पद, जिनमें अधिकांश लेखपाल के होंगे। करीब 8 हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू भी हो गई है। स्वास्थ्य, आवास विकास, कारागार और बाल विकास पुष्टाहार विभाग में मिलाकर 30 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

2026 की इस मेगा भर्ती योजना के साथ उत्तर प्रदेश न सिर्फ रोजगार के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा, बल्कि देश का पहला राज्य बनेगा, जिसने एक दशक में 10 लाख युवाओं को सरकारी सेवा में अवसर दिया हो।



प्रदेश का युवा हमारी प्राथमिकता है। हर रिक्त पद को भरना सरकार की जिम्मेदारी है। भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हो, समय पर हो और योग्य युवाओं को अवसर मिले, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

### भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती से बढ़ा युवाओं का भरोसा

पिछले साढ़े आठ वर्षों में योगी सरकार ने साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, तकनीक आधारित चयन और सख्त निगरानी के चलते पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। यही कारण है कि युवाओं का भरोसा भर्ती बोर्डों और सरकार पर लगातार मजबूत हुआ है।

# सपा समर्थकों के वोट काटने के दिए जा रहे निर्देश : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए सपा के समर्थकों के वोट कटवाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं। मुख्यमंत्री जहां भी जा रहे हैं, वहां अधिकारियों को कमियां निकालकर सपा समर्थकों के वोट काटने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

सपा प्रमुख गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में विधानमंडल दल की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से अभी कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं हुआ है, फिर भी चार करोड़ वोट कटने की बात कही जा रही है। सवाल उठाया कि जब आंकड़े ही नहीं आए तो मुख्यमंत्री को यह जानकारी कैसे हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता और विधायक निजी कंपनियों के साथ मिलकर हेराफेरी कर रहे हैं।


पत्रकारों से संवाद करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह व अन्य।

### सत्र में उठाएंगे जनसमस्याएं

अखिलेश यादव ने कहा कि सपा के विधायक विधानसभा में महंगाई, बेरोजगारी, किसान, खाद संकट और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने बिहार में महिला डॉक्टर का हिजाब खींचने की घटना को निंदनीय बताया और कहा कि ऐसा व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।



संघर्ष से मुझमें आत्मविश्वास पैदा हुआ, जो पहले मुझमें नहीं था।
-सुभाष चंद्र बोस

# सुधार का विस्तार हो

दिल्ली-एनसीआर की दमघोंटू हवा पर न्यायालय की सक्रियता और उसके निर्देशों का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण हर साल दोहराई जाने वाली समस्या बन चुकी है। इसे काबू करने के लिए तत्काल जरूरी उपायों के अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग दीर्घकालिक उपायों की रणनीति की समीक्षा कर उसे अभी से मजबूत करे, ताकि अगले वर्ष ऐसी स्थिति न आए। सवाल यह नहीं कि अदालती आदेश के बाद दिल्ली की हवा सुधरेगी या नहीं; बड़ा प्रश्न यह है कि क्या यह सुधार टिकाऊ होगा और क्या इसका दायरा दिल्ली से आगे बढ़ेगा? क्योंकि महज दिल्ली ही देश नहीं है। देश के दर्जनों शहर- कानपुर, लखनऊ, पटना, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद की हवा दिल्ली से कम विषैली नहीं। इन शहरों के लिए अदालत कब विचार करेगी और सरकारें कब चेतेंगी?

हवा को शुद्ध करने से पहले उसकी अशुद्धि मापना अनिवार्य है। देश के लगभग 50 प्रतिशत शहरों में पीएम 2.5 का मापन ही नहीं होता। 64 प्रतिशत जिले मॉनिटरिंग नेटवर्क से बाहर हैं। महानगरों में भी 22 से 55 प्रतिशत शहरी इलाके कवरेज से बाहर हैं और मात्र 2 प्रतिशत आबादी ही किसी मॉनिटरिंग स्टेशन के दो किलोमीटर के दायरे में रहती है। जब देश का दो प्रतिशत से भी कम हिस्सा सीधे मॉनिटरिंग कवरेज में हो और 10 किलोमीटर त्रिज्या जोड़ने पर भी यह हिस्सा दस प्रतिशत तक पहुंचे तो इतने कम सैंपल से राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता का आकलन कैसे विश्वसनीय होगा? 289 शहरों के मैनुअल मॉनिटरिंग स्टेशन सप्ताह में केवल दो बार एयर सैंपल लेते हैं। यह तकनीकी अक्षमता नीतिगत अंधेपन को जन्म देती है। मैनुअल स्टेशनों को स्वचालित, रियल-टाइम सेंसर में बदले बिना और डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित किए बिना न चेतावनी समय पर जा सकती है, न उपचार सटीक होगा। आज स्थिति यह है कि देश की केवल 15 प्रतिशत आबादी ही रियल-टाइम मॉनिटरिंग के 10 किलोमीटर दायरे में है। इस कवरेज को 50 प्रतिशत तक ले जाने के लिए हजारों नए स्टेशन चाहिए और इसके लिए स्पष्ट टाइमलाइन, बजट और जवाबदेही तय करनी होगी। इस अक्षमता के चलते 85 प्रतिशत शहर समय पर एयर-क्वालिटी अलर्ट जारी करने में अक्षम हैं। इसके लिए डेटा इंटीग्रेशन, नगर-स्तरीय कंट्रोल रूम, स्कूलों-अस्पतालों के लिए प्रोटोकॉल और मोबाइल-आधारित चेतावनी प्रणालियां जरूरी हैं। उतना ही जरूरी है मॉनिटरिंग स्टेशनों का नियमित ऑडिट। क्या वे तय मानक प्रोटोकॉल पर काम कर रहे हैं, सेंसर कैलिब्रेट हैं या नहीं, यह पारदर्शी ढंग से सार्वजनिक किया जाए।

प्रदूषण नियंत्रण की जिम्मेदारी महज पर्यावरण मंत्रालय पर छोड़ कर वाणिज्य, ऊर्जा, स्वास्थ्य, उद्योग, रेलवे, शिक्षा और शहरी विकास मंत्रालयों की भी स्पष्ट भूमिकाएं तय होनी चाहिए। प्रदूषण कोई स्थानीय आपदा नहीं, यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल है। इसे केवल न्यायालयों के भरोसे छोड़ना शासन की विफलता मानी जाएगी। अतीत गवाह है, सुप्रीम कोर्ट या उच्च न्यायालयों की फटकार से कुछ तात्कालिक कदम उठते हैं, पर जड़ में जाकर समस्या सुलझाने की राजनीतिक-प्रशासनिक इच्छाशक्ति अक्सर कमजोर पड़ जाती है।

## प्रसंगवश

# 'रख दे कोई जरा सी खाके वतन कफन में'

19 दिसंबर 1927 को आज के ही दिन काकोरी कांड के अमर क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां एवं ठाकुर रोशन सिंह हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। उनकी इस शहादत ने नौजवानों के दिलों में आजादी की ज्वाला को भड़का दिया। अंग्रेज सरकार के खिलाफ पूरे देश में गहरा आक्रोश फैल गया। नौजवान सिर पर कफन बांधकर जंगे आजादी में कूद पड़े।

देश की पराधीनता के दिन थे। भारत माता परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ी हुई थीं। अंग्रेज शासकों के देश की जनता पर दमन एवं अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे थे। पूरे देश में लोगों के दिलों में आजादी की आग सुलग रही थी। देश की आजादी के लिए नौजवानों ने सशक्त क्रांति का मार्ग अपनाया। सशस्त्र क्रांति के लिए हथियारों की जरूरत थी। हथियार खरीदने के लिए धन कहां से जुटाया जाए? यह समस्या क्रांतिकारियों के सामने मुंह बाए खड़ी थी। काफी विचार-विमर्श के बाद क्रांतिकारियों ने सरकारी खजाने को लूटने का निर्णय लिया।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

प्रखर, क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में इस खजाने को लूटने की योजना बनाई गई। अमर क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी इस योजना में शामिल थे। योजना के अनुसार सहारनपुर से लखनऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के द्वितीय श्रेणी के डिब्बे में कुछ नौजवान क्रांतिकारी यात्रियों के रूप में सवार हुए। जैसे ही ट्रेन काकोरी स्टेशन से आगे बढ़ी क्रांतिकारियों ने चैन पुलिंग कर ट्रेन को रोक लिया। उस स्थान पर कुछ सशस्त्र क्रांतिकारी नौजवान पहले से ही खड़े थे। यह घटना नौ अगस्त 1925 में काकोरी स्टेशन के पास घटी, इसलिए इतिहास में इसे काकोरी कांड के नाम से जाना जाता है।

क्रांतिकारियों की इस दुःसाहसिक वारदात को देखकर अंग्रेज दंग रह गए। अंग्रेज शासकों का दमन चक्र तेज हो गया। देशभर में क्रांतिकारियों की धर पकड़ तेज हो गई। रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह और राजेंद्र लाहिड़ी सहित 22 नौजवान क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन्हें अलग-अलग जेलों में कैद कर उनके खिलाफ सरकारी खजाने की लूट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा चलाया गया। 18 महीने तक चले मुकदमे के बाद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह और राजेंद्र लाहिड़ी को फांसी की सजा सुनाई गई। शेष क्रांतिकारियों को आजन्म कारावास की सजा मिली।

19 दिसंबर सन 1927 को राम प्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल में फांसी दी गई। फांसी के तख्ते पर खड़े होकर उन्होंने एक शेर पढ़ा, "अब न अहले वलवले हैं और न अरमानों की भीड़, एक मिट जाने की हसरत अब दिले बिस्मिल में है।" अशफाक उल्ला खां को फैजाबाद जिले में फांसी पर लटकाया गया। फांसी का फंदा चूमने से पहले उन्होंने यह शेर कहा, "कुछ आरजू नहीं है, है आरजू तो यह है, रख दे कोई जरा-सी, खाके-वतन कफन में।" फिर भारत माता की जय का नारा लगाते हुए वे फांसी के तख्ते पर झूल गए। ठाकुर रोशन सिंह को इलाहाबाद जेल में 19 दिसंबर को फांसी दी गई। जैसे ही जेलर का बुलावा आया, वे हाथ में गीता पकड़े मुस्कराते हुए चल दिए। फांसी के तख्ते पर चढ़ते ही उन्होंने 'वंदे मातरम्' का उद्घोष किया और शहीद हो गए। चौथे नौजवान क्रांतिकारी राजेंद्र लाहिड़ी को तेजी से बढ़ रहे जनाक्रोश से भयभीत अंग्रेज अफसरों ने गोंडा जेल में घोषित तिथि से दो दिन पहले ही फांसी दे दी। फांसी को फंदे को चूमने से पूर्व उन्होंने वंदे मातरम् का जयघोष किया। फिर उन्होंने मुस्कराते हुए फांसी का फंदा गले में डाल लिया।

# अब मनरेगा पर मचा सियासी घमासान





विवेक सक्सेना
अयोध्या

मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम और कई प्रावधान बदले हैं। इससे संसद में बवाल मच गया है। मनरेगा का नया नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी-जी रामजी कर देने से विपक्ष हमलावर है। शुरुआत में इस योजना का नाम नेशनल रूरल एंप्लायमेंट गारंटी एक्ट (नरेगा) था। वर्ष 2009 में यूपीए सरकार ने इसमें बदलाव किया और महात्मा गांधी का नाम जोड़ा।

इसके बाद यह महात्मा गांधी नेशनल रूरल एंप्लायमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) कहलाने लगी। दोनों एक ही योजना हैं और नाम बदलने का उद्देश्य गांधीजी के ग्राम स्वराज के विचारों से इसे जोड़ना था। आजकल लोग इसे आमतौर पर मनरेगा ही कहते हैं। यह योजना साल 2005 में यूपीए सरकार के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अगुवाई में शुरू हुई। उस समय गांवों में काम की कमी के कारण लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे थे।

इस योजना का उद्देश्य गांवों में गरीबी कम करना, बेरोजगारी दूर करना और लोगों को गांव में ही सम्मानजनक काम और कमाई देना था। पहले की कई योजनाओं, जैसे- जवाहर रोजगार योजना और संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना को मिलाकर इसे नया और मजबूत रूप दिया गया था। गांवों में रहने वाले जरूरतमंद और मेहनतकश परिवारों के लिए मनरेगा एक ऐसी सरकारी योजना है, जो जीवन का सहारा बन चुकी है। यह योजना ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी और गरीबी से लड़ने का सबसे मजबूत हथियार है।

**मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम और कई प्रावधान बदले हैं। नया नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी-जी रामजी कर देने से विपक्ष हमलावर है।**

दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना के रूप में जानी जाने वाली मनरेगा लाखों लोगों को साल भर में काम और कमाई का भरोसा देती है। यह न केवल रोजगार उपलब्ध कराती है, बल्कि गांवों का विकास भी करती है। अब केंद्र सरकार इस योजना का नाम बदलने जा रही है। अब इसको शॉर्ट में जी राम जी कहा जा रहा है, जिसको लेकर बवाल मचा है। सरकार का तर्क है कि इससे खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोनों को संतुलित तरीके से मजबूती मिलेगी। रोजगार गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने का भी प्रावधान है। ग्रामीण परिवारों को 125 दिन का रोजगार मिलेगा, लेकिन राज्यों को खर्च का 10-40% वहन करना होगा। फसल के मौसम में काम नहीं मिलेगा, जिससे कृषि कार्यों में मजदूरों की कमी न हो।

केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नए सांचे में ढालने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार का दावा है कि यह बिल 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण रोजगार और आजीविका को मजबूत करेगा। नए बिल में यह भी प्रस्ताव है कि बुवाई और कटाई के मौसम के करीब 60 दिनों में इस योजना के तहत काम नहीं दिया जाएगा, ताकि कृषि कार्यों के दौरान मजदूरों की कमी न हो। वहीं इस बदलाव पर सियासी बहस तेज हो गई है।

बीजेपी सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि 'राम' शब्द पर विपक्ष का विरोध उनकी सोच दर्शाता है। योजना में सुधार जैसे ग्राम पंचायत योजनाओं को पीएम गति शक्ति से जोड़ना, जल संरक्षण पर जोर, बुआई-कटाई में काम रोकना और बायोमेट्रिक सत्यापन से फर्जीवाड़ा रुकना ग्रामीण आय व इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और मजदूरों को अधिक रोजगार उपलब्ध होगा।

विपक्ष ने इस बिल को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्ष का कहना है कि इससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और गरीबों का नुकसान होगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह कानून मनरेगा को केंद्र के नियंत्रण का औजार बना देगा। बजट और नियम केंद्र तय करेगा, जबकि राज्यों पर अतिरिक्त बोझ डाला जाएगा। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को यह योजना हमेशा खटकती रही और 10 सालों से इसे कमजोर करने की कोशिश करते रहे हैं। आज वो मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा हैं।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सरकार पर योजनाओं के नाम बदलने की 'सनक' का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि नाम बदलने से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी, बल्कि राज्यों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होगा। बिहार में भी इस बिल को लेकर सियासत गर्म है। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि केंद्र सरकार का कोई नया विजन नहीं है और वह यूपीए काल की योजनाओं का नाम बदलकर अपनी उपलब्धि बता रही है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महात्मा गांधी केवल एक नाम नहीं, बल्कि प्रेरणा हैं। बापू रामराज की स्थापना की बात कहते थे। पता नहीं 'विकसित भारत- जी राम जी' के नाम पर विपक्ष क्यों भड़क गया। उनका संकल्प था कि सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण हो। उन्होंने दावा किया कि यह बिल गरीबों के सम्मान और गांधीजी के सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है।

यह भी उल्लेखनीय है कि मजदूरी के दिवस बढ़ाने के साथ राज्यों को वर्ष में 60 दिन काम रोकने का अधिकार दिया गया है। इसकी मांग भी होती थी। सरकार इस अधिनियम में बदलाव के जरिए ग्रामीण विकास को एक ऐसी दिशा देना चाहती है, जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सके। उचित यह होगा कि संसद में इस विधेयक के गुण-दोष के आधार पर व्यापक बहस हो, जिससे कि इस अधिनियम को कहीं प्रभावी रूप दिया जा सके। सुधार की पहल के अतिरंजित विरोध से बचा जाना चाहिए।

## आमने



अधिकारियों का काम था कि फोटो से सत्यापित करके लाते। उन (नीतीश कुमार) के दिमाग में रहा होगा कि वही हैं या कोई अलग हैं, इसलिए हिजाब हटा दिया होगा। इसे अलग तरह से नहीं लेना चाहिए। नकाब पर आप लोग इतना कह रहे हैं। कहीं चेहरा-वेहरा छू लेते तब क्या करते आप लोग?
-संजय निषाद
मंत्री, उत्तर प्रदेश

## सामने



ये इनकी महिला विरोधी सोच को दिखाता है। एक गलत काम को सही साबित करने के लिए एक महिला की इज्जत को, उसके सम्मान को दरकिनार किया जा रहा है। चाहे वो बीजेपी हो या बीजेपी के सहयोगी दल। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, ये सब महिला विरोधी मानसिकता वाले लोग हैं।
-प्रियंका चतुर्वेदी
नेता, शिवसेना (यूबीटी)

# 2025 के तीन बड़े आर्थिक सुधार और उम्मीदें



प्रो. एचसी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

2025 भारत में तीन बड़े आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाएगा, क्योंकि इन सुधारों से अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिलेगी। इसमें आयकर स्लैब का बदलाव, जीएसटी दरों में कटौती तथा देश की श्रम शक्ति को समर्पित लंबे अंतराल के बाद श्रम कानून में सुधार की तीन श्रम संहिताएं प्रमुख हैं। इन सुधारों का असर दिखना शुरू हो गया है। आज विश्व में तकनीकी क्षेत्र की प्रमुख टेक कंपनियां भारत में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं। हाल के वर्षों में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेज़न जैसी दिग्गज कंपनियों ने भारत में कई अरब डॉलर निवेश की परियोजनाएं प्रारंभ करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह निवेश तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करने, विनिर्माण को गतिशील बनाने के साथ ही रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम बनेगा।

निवेशकों का यह उत्साह वैश्विक स्तर पर भारत की राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता तथा अन्य देशों की तुलना में अधिक विश्वसनीयता को समझा जा सकता है। तकनीकी क्षेत्र की इन तीन कंपनियों द्वारा भारत में तेजी से उभरते डिजिटल बाजार में निवेश की योजना, भारत की विकासोन्मुखी और निवेश-अनुकूल नीति को भी प्रदर्शित करती है। तकनीकी परियोजनाओं की स्थापना से रोजगार सृजन के साथ-साथ एआई, क्लाउड, मशीन लर्निंग, डेटा प्रोसेसिंग-प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में युवाओं को तकनीकी कौशल प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध होंगे, जो औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों के सुचारु संचालन में सहायक होंगे। देश में डिजिटल केंद्रों के विस्तार से नागरिक सेवाओं का विस्तार और उनका सुचारु संचालन संभव होगा। विशेष तौर पर कृषि एवं औद्योगिक उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखला, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, बैंकिंग, शिक्षा, बीमा इत्यादि सेवाओं के संचालन को एआई की मदद से गति मिलेगी, जिससे आर्थिक अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ना तय है।

**2025 भारत में तीन बड़े आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाएगा। इसमें आयकर स्लैब का बदलाव, जीएसटी दरों में कटौती तथा श्रम कानून में सुधार प्रमुख हैं। इन सुधारों से अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिलने की उम्मीद है।**

भारत के उपभोक्ता वैश्विक आशावाद में सबसे आगे हैं, जैसा कि बीसीजी ग्लोबल कंज्यूमर रडार की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि ऑटोमोबाइल और मोबाइल जैसी वस्तुओं के क्रय में उनका खर्च करने का इरादा है। रिपोर्ट से यह भी स्पष्ट है कि 62% भारतीय उपभोक्ता दैनिक जीवन की खरीदारी के लिए जेनरेटिव एआई (Generative AI) टूल का उपयोग कर रहे हैं, इस कारण भारत उपभोग के लिए एआई अपनाने में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश बन गया है।

भारत के उपभोक्ताओं का तकनीक के प्रति विश्वास और खर्च करने का इरादा भारत के घरेलू उपभोग चक्र में महत्वपूर्ण वृद्धि ला रहा है। इससे ऑटोमोबाइल, मोबाइल उपकरण और खुदरा क्षेत्रों को लाभ होने की संभावना है। उपभोक्ताओं की इस प्रवृत्ति का लाभ उठाने में वे ब्रांड या कंपनियां सर्वोत्तम स्थिति में होंगे, जो तकनीकी मदद से वस्तुओं का क्रय-विक्रय कर रहे हैं। भारतीय उपभोक्ताओं का तकनीक के प्रति यह लचीलापन देश का एक मजबूत आर्थिक आधार एवं पारदर्शी तंत्र का संदेश देता है।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा जारी अनुमानों के अनुसार भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत से बढ़कर 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। एडीबी की रिपोर्ट से पूर्व फिच और आरबीआई ने भी भारत की विकास को तेज गति से बढ़ने का पूर्वानुमान किया है। इसका प्रमुख कारण भारत की दीर्घकालीन सुधारवादी नीतियां हैं, जिनके कारण विनिर्माण क्षेत्र में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। साथ ही सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन भी निरंतर सुधर रहा है, जो अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को गतिशील बनाए रखने में सहायक हो रहा है।

इस वर्ष हुए तीन बड़े सुधारों का आर्थिक मोर्चे पर प्रभाव आने वाले समय में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के जारी रहने से घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को लगातार गति मिल रही है और इस योजना का असर पिछले कुछ वर्षों के निर्यात में भी दिखा है। अमेरिका द्वारा टैरिफ दर बढ़ने के बावजूद भी भारत का निर्यात 19.3 फीसदी बढ़कर छह माह के उच्चतम स्तर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंचा है और व्यापार घाटा पांच माह के निचले स्तर पर 24.53 अरब डॉलर पर पहुंचा है, जबकि आयात 1.88 फीसदी घटकर 62.66 अरब डॉलर रह गया है। विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि और आर्थिक सुधारों से बेरोजगारी दर अप्रैल माह के बाद घटकर नवंबर में 4.7 फीसदी रह गई है, जैसा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सर्वे इंगित कर रहे हैं।

अर्थव्यवस्था कि यह वृद्धि सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, इसका ग्रामीण इलाकों में भी व्यापक प्रभाव दिख रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की भी क्रय शक्ति में खासा इजाफा हो रहा है, जैसा कि नाबार्ड के आठवें ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं मत सर्वेक्षण (आरईसीएसएस) इशारा कर रहे हैं कि पिछले एक वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में उल्लेखनीय सुधार, आय में बढ़ोतरी और जीवन स्तर में बेहतर बदलाव के स्पष्ट संकेत मिले हैं। नाबार्ड के अध्ययन से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खपत की रफ्तार तेज रही है और इसके और बढ़ने की उम्मीद है।

## सोशल फोरम

# कला के दो दिग्गज भाई बलराज और भीष्म





रंजन शर्मा
रिटायर ऑफिसर

बलराज साहनी और भीष्म साहनी : दो भाई, दो दिग्गज। कुछ रिश्ते सिर्फ खून के नहीं होते, वो इतिहास रचते हैं। बलराज साहनी और भीष्म साहनी ऐसे ही दो नाम हैं, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और साहित्य को एक नई दिशा दी। बलराज साहनी, भारतीय सिनेमा के सबसे सशक्त और सहज अभिनेताओं में से एक थे। 'दो बीघा जमीन' का संघर्षशील किसान हो या 'काबुलीवाला' की इंसानियत, या 'वक्त' का ज़िम्मेदार पिता- उन्होंने हर किरदार को जीवन से भर दिया। उनकी आखिरी फिल्म 'गर्म हवा' आज भी विभाजन की त्रासदी को सबसे मार्मिक ढंग से दिखाती है। वे केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक चिंतक, लेखक और समाज के लिए आवाज़ उठाने वाले इंसान थे।

भीष्म साहनी, छोटे भाई, लेकिन साहित्य की दुनिया के विशाल स्तंभ। उपन्यास 'तमस' ने जैसे भारत के बंटवारे की पीड़ा को शब्दों में उकेर दिया। उन्होंने आम आदमी की कहानियों को गहराई और सच्चाई के साथ कहा। सिर्फ लेखक नहीं, मंच और फ़िल्मों के भी उम्दा कलाकार थे। 'मोहन जोशी हाज़िर हों!' और 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' जैसी फिल्मों में उनका अभिनय भी यादगार रहा।

एक ने परदे पर कहानियां जीवंत कीं, तो दूसरे ने काग़ज़ पर, लेकिन दोनों के दिलों में एक ही आग थी- सच्चाई को सामने लाने की, समाज को जगाने की। इन दो महान आत्माओं की विरासत हमें आज भी प्रेरणा देती है। यही सच्ची कला की ताक़त है।

## सामयिकी

# युद्ध में आम इंसानों को निशाना बनाने पर चिंता

मौजूदा दौर में समूची दुनिया में लगातार गहराती हिंसा, युद्ध, जातीय संघर्ष और धार्मिक उन्माद चिंता का विषय बने हुए हैं। कई देशों में आम नागरिक सीधे निशाने पर हैं, कहीं घर उजड़ रहे हैं और कहीं सत्ता के संघर्ष में निर्दोष लोग बलि चढ़ रहे हैं। इस वैश्विक चिंता के दौर में हाल ही में जनसंहार की रोकथाम का जिम्मा संभालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में नव नियुक्त सलाहकार चलोका बेयानी ने पूरी दुनिया को आगाह करते हुए कहा कि अनेक देशों में टकरावों और युद्धों के दौरान आम लोगों को जानबूझ कर निशाना बनाए जाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे अत्याचार और गंभीर मानवाधिकार अपराधों का जोखिम तीव्र गति से बढ़ा है। उन्होंने नौ दिसंबर को जनसंहार के भुक्तभोगियों की समृति व गरिमा और इस अपराध की रोकथाम के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस बात पर भी चिंता जताई है कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के प्रति सम्मान में आ रही गिरावट एक बेहद खतरनाक संकेत है।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

बेयानी की यह चेतावनी एक ओर जहां समस्या की गंभीरता को दर्शाने वाली है, वहीं पूरी मानवता के सामने संकट को व्यापक रूप में प्रस्तुत करती है। इसी के साथ यह तथ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत को लेकर विश्व के किसी भी मंच पर इस प्रकार की कोई आशंका व्यक्त नहीं की गई है। इस बात पर हर देशवासी को गर्व होना चाहिए कि समूचा विश्व आज भी भारत को एक ऐसे देश के रूप में देखता है, जहां विविध संस्कृतियों, भाषाओं, खान-पान, जाति-धर्मों के बावजूद परस्पर सहयोग, शांति, समन्वय और लोकतांत्रिक संतुलन कायम है।

दुनिया में हमारा देश ही ऐसा है, जहां सैकड़ों भाषाएं, अनेक धर्म, दर्जनों जातियां और अनगिनत सांस्कृतिक धाराएं एक साथ बहती चली आ रही हैं। अनेक विविधताओं के बावजूद हमारा समाज आज भी सहअस्तित्व, भाईचारे और सहयोग की भावना को अपने में समेटे हुए है। हमारे गांवों से लेकर शहरों तक, सबका अलग पहनावा है। अलग बोली है। अपने-अपने त्योहार हैं। अलग खान-पान है, फिर भी सब एकजुटता से परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाने में जुटे हुए हैं। इसी मजबूत आधार पर देश खड़ा है और यह संदेश देता प्रतीत होता है कि अगर दृढ़ इच्छा हो तो विविधता को भी सबसे बड़ी ताकत बनाया जा सकता है।

इस बात को स्वीकारना होगा कि बीते कुछ सालों में देश के कुछ हिस्सों से हिंसा और सामाजिक तनाव की चंद घटनाएं सामने आई हैं। कहीं भीड़ के हाथों किसी की जान गई है। कहीं धार्मिक पहचान को लेकर आंशिक टकराव की स्थिति बनी है। कहीं उत्तेजक बयान देने वालों ने सामाजिक एकता में विष घोलने का प्रयास किया है, मगर ऐसी घटनाओं की संख्या, उनका प्रभाव और उनके फैलाव को हम भारत की विशाल जनसंख्या और व्यापक सामाजिक ढांचे के संदर्भ में देखें तो यह कोई बड़ी बात नजर नहीं आती। हमारा संविधान इस मामले में देश की ढाल बना हुआ है, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, समान सुरक्षा और समान अवसर की गारंटी देता है।

संयुक्त राष्ट्र सलाहकार बेयानी ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब किसी क्षेत्र में इन जोखिमों का स्वरूप लगातार हिंसक होने लगता है, तब उनका कार्यालय चेतावनियां जारी करता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय स्थापित किया जाता है। इस प्रक्रिया में संयुक्त राष्ट्र के साथ-साथ अफ्रीकी संघ, यूरोपीय संघ जैसे क्षेत्रीय संगठनों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रणालियों से भी निकट संपर्क रखा जाता है। वह कहते हैं कि जब एक बार खतरे की घंटी बज जाती है, तो इसका अर्थ यह होता है कि संकट अपनी सीमा लांघने के बेहद करीब पहुंच चुका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# सूर्य चिकित्सा

## खरी है आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर

आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा में धूप स्नान या सूर्य की किरणों से उपचार की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है, जिसे आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर भी खरा पाया गया है। युवा वैज्ञानिक और शोधार्थी डॉ. प्रभात उपाध्याय ने इस विषय पर गहराई से अध्ययन किया तो सुखद व आश्चर्यजनक परिणाम सामने आए हैं। प्रकाश चिकित्सा विज्ञान (मेडिकल साइंस) में क्रांतिकारी हथियार के रूप में उभर रहा है। इसे फोटोमेडिसिन या प्रकाश चिकित्सा कहा गया है, जिससे प्रकाश की किरणें बीमारियों से लड़ने के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं। यह न केवल त्वचा की समस्याओं का इलाज करती है, बल्कि मांसपेशियों को मजबूत करने, आंतों के सूक्ष्म जीवों को संतुलित करने और यहां तक कि कैंसर जैसी जटिल बीमारियों पर नियंत्रण पाने में सहायक सिद्ध हो रही है। शोधार्थी डॉ. उपाध्याय के शोध ने आंतों के सूक्ष्म जीवों और मांसपेशियों के बीच के रहस्य को उजागर किया है। साथ ही प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति से जुड़ाव और भारत में इसके उपयोगी अनुप्रयोगों पर विस्तार से बताया है। हाल ही में प्रकाशित शोध 'प्रकाश संवर्धन द्वारा आंतों के सूक्ष्म जीवों के माध्यम से मांसपेशियों को मजबूत करना' ने फोटो मेडिसिन को एक नई दिशा दी है। यह अध्ययन लखनऊ विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधार्थी डॉ. प्रभात उपाध्याय और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। **-मार्कण्डेय पाण्डेय**

### आधुनिक फोटो मेडिसिन का प्रारंभ

भारत में हजारों वर्ष से सूर्य चिकित्सा की विभिन्न प्रणालियां प्रचलित हैं, लेकिन आधुनिक दौर में 1970 के दशक में अमेरिका के मैसाचुसेट्स में लेजर तकनीक सामने आई। यहां पर स्थित वेलमैन सेंटर ने इसे चिकित्सा क्षेत्र में इसका प्रयोग शुरू किया। अब यह सेंटर विश्व का सबसे बड़ा शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र है, जो प्रकाश के जीवविज्ञान और चिकित्सा पर प्रभावों की जांच करता है। यहां प्रकाशिकी, फोटॉनिकी, अभियंत्रण, रसायन विज्ञान, भौतिकी और उन्नत जैविक तकनीकों पर शोध चल रहे हैं। इस केंद्र के अनुसंधान से विकसित 26 से अधिक चिकित्सीय नवाचार वर्तमान में उपयोग में हैं। इनमें लगभग 20 प्रमुख प्लेटफॉर्म तकनीकें शामिल हैं, जिनके अनेक अनुप्रयोग हैं और 40 से अधिक स्टार्टअप कंपनियां इन पर आधारित हैं। उदाहरण के तौर पर लेजर द्वारा बाल हटाने, टैटू मिटाने, ऊतक मरम्मत (झुर्रियां, निशान और त्वचा की रंगत सुधारने) जैसी तकनीकें अब सामान्य चिकित्सा का हिस्सा बन चुकी हैं।

### शोध में निकले नतीजे

- गैर-आक्रामक फोटो बायोमॉडुलेशन थेरेपी मांसपेशी सहनशक्ति बढ़ाती है।
- पेट पर प्रकाश लागू करने से आंत मांसपेशी अक्ष पुनर्गठित होता है।
- यह उपचार तीव्र व्यायाम से बिगड़े आंत माइक्रोबायोटा को संतुलित करता है।
- शॉर्टचेन फैटी एसिड उत्पादक बैक्टीरिया को बढ़ाता है।
- रोगजनक जीवाणुओं को घटाता है और जैव-विविधता में वृद्धि करता है।
- इससे मांसपेशियों की थकान घटती है और माइटोकॉन्ड्रिया की ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ती है।
- पहली बार सिद्ध हुआ है कि बाहरी प्रकाश बिना किसी औषधि या शल्य-प्रक्रिया के आंतों के सूक्ष्मजीवों को प्रभावित कर सकता है। यह खोज आयुर्वेद की "सूर्य चिकित्सा" की आधुनिक पुनर्व्याख्या के समान है।



### प्राचीन ज्ञान व आधुनिक विज्ञान का संगम

भारत में प्रकाश चिकित्सा का इतिहास प्राचीन है। आयुर्वेद में सूर्य चिकित्सा या सूर्योपासना का उल्लेख मिलता है, जिसमें सूर्य की किरणों से शरीर के दोषों- वात, पित्त और कफ को संतुलित करने की विधियां बताई गई हैं। 'त्राटक' जैसी विधियां, जहां दीपक की लौ पर दृष्टि केंद्रित की जाती है। यह सभी विधियां आधुनिक फोटोथेरेपी के सिद्धांतों से मेल खाती हैं। हाल के अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि सूर्य प्रकाश शरीर के चक्रों को सक्रिय कर ऊर्जा संतुलन स्थापित करता है, जो फोटो बायोमॉडुलेशन के सिद्धांतों के समान है।

### भारत में सस्ता, सुरक्षित चिकित्सा विकल्प



भारत में जहां लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण है, फोटो मेडिसिन विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। प्रकाश आधारित उपचार गैर आक्रामक हैं, इनमें न दर्द है न दवा का दुष्प्रभाव। उपकरण भी किफायती हैं। साधारण एलईडी युक्त चिकित्सा उपकरण 5 हजार से 10 हजार रुपये तक में उपलब्ध हैं। यह चिकित्सा विधि वृद्धावस्था में मांसपेशी कमजोरी, आंत-संबंधी विकार, थकान, मधुमेह और संक्रमण जैसी स्थितियों में सहायक सिद्ध हो सकती है। व्यायाम के साथ इनका प्रयोग मांसपेशियों की पुन:स्थापना की गति को लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह घाव भरने और संक्रमण नियंत्रण के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकती है। डॉ. प्रभात उपाध्याय जैसे शोधकर्ता इस क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टि से योगदान के साथ आयुर्वेदिक परंपराओं को आधुनिक प्रमाणों से जोड़ रहे हैं। भारत में प्रकाश चिकित्सा करोड़ों लोगों के लिए सुलभ, सस्ती और सुरक्षित स्वास्थ्य प्रणाली का रूप ले सकती है। वास्तव में प्रकाश ही भविष्य है, भारत उसका उज्ज्वल अध्याय लिखने की दहलीज पर है।

### लेजर कृत्रिम प्रकाश पर आधारित है आधुनिक विज्ञान

आधुनिक विज्ञान लेजर और कृत्रिम प्रकाश पर केंद्रित है, वहीं आयुर्वेद प्राकृतिक प्रकाश को उपचार का साधन मानता है। त्रिफला जैसी औषधियों के साथ प्रकाश चिकित्सा का संयोजन भविष्य की समग्र (होलिस्टिक) चिकित्सा प्रणाली का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

---

**जंगल की दुनिया**

## सिवेट पाम: भारत का रहस्यमयी निशाचर जीव

भारत की समृद्ध जैव-विविधता में सिवेट पाम एक ऐसा स्तनधारी है, जिसके बारे में आम लोगों को बहुत कम जानकारी है। यह भारत में पाई जाने वाली सबसे व्यापक सिवेट प्रजातियों में से एक है। अत्यधिक शुष्क पश्चिमी क्षेत्रों को छोड़कर यह लगभग पूरे देश में पाई जाती है। जंगलों के साथ-साथ ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में भी इसकी मौजूदगी देखी गई है। अपने निशाचर स्वभाव के कारण यह दिन में छिपी रहती है और रात के समय सक्रिय होकर भोजन की तलाश में निकलती है।

सिवेट पाम को ताड़ के फलों के प्रति विशेष लगाव होता है, इसी वजह से इसका नाम सिवेट पाम पड़ा। हालांकि इसे आम बोलचाल में सिवेट कैट या टॉडी कैट कहा जाता है, लेकिन यह बिल्ली परिवार का सदस्य नहीं है। इसका शरीर लंबा और पतला होता है, चेहरे पर नुकीली बनावट और लंबी, घनी पूंछ इसकी पहचान है। इसकी चाल-ढाल और फुर्ती इसे अन्य छोटे मांसाहारी जीवों से अलग बनाती है। इस प्रजाति की एक खास बात यह है कि यह मानव बस्तियों के आसपास भी आसानी से रह लेती है। पारंपरिक घरों की छप्पर वाली छतें, पुराने गोदाम, सूखी नालियां, बाहरी शौचालय और सुनसान कोने इसके पसंदीदा आश्रय स्थल होते हैं। दिन के समय यह इन्हीं स्थानों में छिपकर आराम करती है और रात ढलते ही भोजन की खोज में निकल पड़ती है। इसका भोजन मुख्य रूप से फल, कीड़े-मकोड़े और छोटे जीव होते हैं। निशाचर और अत्यंत सतर्क स्वभाव के कारण सिवेट पाम को प्रत्यक्ष रूप से देख पाना मुश्किल होता है। यही वजह है कि वन्यजीव विशेषज्ञ इसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरा ट्रैप और दूरस्थ निगरानी उपकरणों का सहारा लेते हैं। इन अध्ययनों से पता चलता है कि यह जीव पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फलों को खाने के बाद बीजों को अलग-अलग स्थानों पर छोड़कर यह प्राकृतिक रूप से वनस्पतियों के प्रसार में योगदान देता है।

आज बदलते पर्यावरण, आवासों के नष्ट होने और मानवीय गतिविधियों के कारण सिवेट पाम के प्राकृतिक ठिकानों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके बावजूद यह जीव मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व का एक अनोखा उदाहरण है। सिवेट पाम का संरक्षण न केवल इस प्रजाति के लिए, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।



## पृथ्वी की है एक चुंबकीय पूंछ



सुनकर अजीब लगता है कि पृथ्वी की एक पूंछ भी है और यह बहुत लंबी है। यह चुंबकीय पूंछ अंतरिक्ष में 20 लाख किलोमीटर लंबाई में फैली हुई है। यह पूंछ नंगी आंखों से दिखाई नहीं देती, लेकिन अंतरिक्ष में घूमने वाले हमारे उपग्रह और दूरबीन इसे देख सकते हैं। सौर मंडल में हमारी पृथ्वी ब्रह्मांडीय वातावरण की ताकतों के साथ कैसे अपना अस्तित्व कायम रखती है, यह पूंछ के बारे में वैज्ञानिक जानकारी जुटाने से मालूम होता है। पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र या मैग्नेटोस्फीयर एक कुदरती फिनॉमिना है, जो हमारे लिए एक अदृश्य ढाल है, जो हमें कॉस्मिक और गामा किरणों के अलावा एक्स-रेज के प्रभाव और सौर-तूफानों से बचाता है। इस चुंबकीय क्षेत्र के परिणामस्वरूप पृथ्वी के उत्तरी अक्षांशों में नीली-पीली रौशनी अर्थात ऑरोरा दिखने की शानदार ब्रह्मंडलीय घटनाएं होती हैं।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

### पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर

मैग्नेटोस्फीयर पृथ्वी के बाहरी कोर के अंदर पिघली हुई धातुओं की गति अर्थात डायनामिक्स ऑफ अर्थ्स मैटेलिक कोर के कारण बनता है। यह चुंबकीय क्षेत्र सूर्य की सतह के नीचे मौजूद प्लाज्मा से बाहर की तरफ तेज आंधी के तरह निकलने वाले आवेशित ऊर्जा कणों सोलर कोरोनल मॉस इजेक्शन को फंसाता और निर्देशित करता है। पृथ्वी का अपना एक चुंबकीय क्षेत्र है, यह अच्छी तरह से ज्ञात है, लेकिन इस बाबत पूरे तौर से मालूम नहीं कि हमारे ग्रह और चुंबकीय क्षेत्र का रिश्ता कितना गहरा है और यह पूंछ की शक्ल में क्यों दिखाई देता है? इसकी वास्तविकता अब उन्नत अंतरिक्ष अन्वेषी उपकरणों द्वारा इसे देखे और दर्ज किए जाने के बाद ही मालूम हुई। अब यह अनेक खगोल विज्ञानियों का ध्यान आकर्षित कर रही है ताकि इसकी प्रकृति और भूमिका के बारे में अधिक तथ्य जुटाए जा सकें।

धूमकेतु या अन्य खगोलीय पिंडों पर देखी जाने वाली पूंछों के विपरीत, पृथ्वी की पूंछ अदृश्य और बहुत कम स्पष्ट है। यह पूंछ प्लाज्मा से बनी है, जो चार्ज कणों से बनी एक गैस है और जिसे मैग्नेटोस्फीयर पकड़ लेता है। जैसे ही सौर विकिरण या पवन पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराता है वे इस पृथ्वी के पिघले हुए मैटेलिक कोर प्लाज्मा को पीछे धकेलती हैं। इसी के प्रभाव से एक पूंछ बनती है, जो लाखों किलोमीटर तक खिंच जाती है।

पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और सौर हवा के बीच इंटरैक्शन का के परिणाम को हम एक बूंद की उपमा से समझ सकते हैं। सौर हवा पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर को एक आंसू के आकार में बदल देती है, जिसकी पूंछ पीछे की ओर फैली होती है। इससे अंतरिक्ष में एक जटिल और गतिशील संरचना बनती है, जोकि बहुत सुंदर दिखती है। इस विशाल संरचना को औपचारिक रूप से मैग्नेटोटेल नाम दिया गया है। यह पूंछ पृथ्वी ग्रह के वायुमंडल से बहुत दूर तक फैला हुआ है। यह स्थिर भी नहीं है और सौर-पवन की तीव्रता और दिशा परिवर्तन की वजह से लहराता भी है। अर्थात सौर हवाओं की ताकत के आधार पर यह पूंछ अपना आकार बदलती है। सौर हवा सूर्य से निकलने वाले चार्ज्ड कणों का एक निरंतर प्रवाह है, जोकि कभी तेज, कभी बहुत तेज और कभी अत्यंत प्रबल हो जाता है। जब ये कण पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के साथ इंटरैक्ट करते हैं, तो वे उतार-चढ़ाव पैदा करते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप मैग्नेटोटेल खिंचता और सिकुड़ता है। जब सौर गतिविधि विशेष रूप से तीव्र होती है, जैसे कि सौर ज्वालाओं या कोरोनल मास इंजेक्शन के दौरान, तो मैग्नेटोटेल में काफी बदलाव हो सकता है। दशकों के अंतरिक्ष अन्वेषण के बावजूद, मैग्नेटोटेल की वास्तविक प्रकृति हमारे ग्रह की अंतरिक्ष के साथ सक्रिय होने के अनजान और रहस्यमय पहलुओं में से एक है।

### अनजान और रहस्यमय मैग्नेटोटेल की वास्तविक प्रकृति

जब सोलर एक्टिविटी ज्यादा होती है, जैसे कि सोलर फ्लेयर्स के समय, तो पूंछ में बहुत ज्यादा बदलाव आ सकता है और इससे सैटेलाइट ऑपरेशन, कम्युनिकेशन और यहां तक कि पृथ्वी पर पावर ग्रिड भी प्रभावित हो सकते हैं। मैग्नेटोटेल और सोलर हवा के इंटरैक्शन की डायनामिक्स को समझना स्पेस वेदर का अनुमान लगाने और आधुनिक टेक्नोलॉजिकल सिस्टम को बचाने के लिए बहुत जरूरी है। पूंछ में प्लाज्मा पृथ्वी के रात वाले हिस्से से एक वापसी पैटर्न में सूर्या की तरफ बहता है, जिससे यह अंतरिक्ष में कणों की बहती नदी जैसा दिखता है। प्लाज्मा का सूर्य की ओर वापस प्रवाह एक जटिल प्रणाली का सिर्फ एक हिस्सा है और वैज्ञानिकों का मानना है कि यह पृथ्वी और सूर्य की शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने में भूमिका निभाता है। हालांकि मैग्नेटोटेल सीधे पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित नहीं करता है, लेकिन यह हमारे ग्रह के आसपास के व्यापक अंतरिक्ष परिवेश पर गहरा प्रभाव डालता है। असल में पृथ्वी की मैग्नेटो-शील्ड ही पृथ्वी को नुकसानदायक सौर और कॉस्मिक रेडिएशन से बचाकर धरती पर जीवन को फलने-फूलने देती है। स्पेस वेदर में मैग्नेटोटेल की एक महत्वपूर्ण भूमिका होने का अनुमान है। अभी जोर इस बात पर है कि पृथ्वी की मैग्नेटोटेल की मैपिंग की जाए। इस पूरी स्थिति को लेबोरेटरी में दोहराया गया है। इस तरीके को सिमुलेशन कहते हैं, जिसके नतीजे हमें यह समझने में मदद करते हैं कि मैग्नेटोटेल इन सौर हवा के बदलावों पर कैसे और कितनी तेजी से प्रतिक्रिया करती है। अमेरिका में गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटेड मॉडलिंग सेंटर में सौर हवा और पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के इंटरैक्शन के लिए मिशिगन विश्वविद्यालय के बीएटीएस-आर-यूएस ग्लोबल मैग्नेटो-हाइड्रोडायनामिक मॉडल को उपर्युक्त सिमुलेशन स्टडी के लिए इस्तेमाल किया गया है। दूर के मैग्नेटोटेल के आकार से जुड़े एक लंबे समय से चले आ रहे सवाल को हल करने के अलावा, सिमुलेशन अध्ययन दिखाता है कि सौर हवा में बदलाव के प्रति इसकी प्रतिक्रिया बहुत तेज होती है। चूंकि मैग्नेटोटेल को नए कॉन्फिगरेशन में बदलने में एक या ज्यादा घंटे लगेंगे, इसलिए 10-15 मिनट की प्रतिक्रिया में कोई दूसरी, तेज प्रक्रिया शामिल होनी चाहिए। परिणाम बताते हैं कि यह प्रक्रिया पृथ्वी के डे-साइड मैग्नेटोपॉज पर मैग्नेटिक रिकनेक्शन है। सौर हवा का प्रवाह नए सिरे से जुड़े इंटरप्लेनेटरी और मैग्नेटोस्फेरिक मैग्नेटिक फील्ड लाइनों को सूर्य से दूर ले जाता है और उन्हें तुरंत मैग्नेटोटेल स्थानों पर जमा कर देता है, जो इनिशियल मॉस फंक्शन ओरिएंटेशन पर निर्भर करते हैं। नतीजतन, मैग्नेटोटेल के आकार, आकृति और संरचना पर भविष्य का काम दूर, डेसाइड मैग्नेटोपॉज पर रिकनेक्शन की प्रकृति के बारे में महत्वपूर्ण सुराग भी प्रदान कर सकता है। इनिशियल मॉस फंक्शन तारों के बनने के समय उनकी आबादी के लिए द्रव्यमान के डिस्ट्रीब्यूशन का वर्णन करता है, जो तारे बनने और गैलेक्सी के विकास को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इनिशियल मॉस फंक्शन एक अनुभवजन्य फंक्शन है, जो किसी दिए गए क्षेत्र में बने तारों के द्रव्यमान के शुरुआती डिस्ट्रीब्यूशन को दिखाता है। इसे आमतौर पर एक प्रोबेबिलिटी डेंसिटी फंक्शन के रूप में व्यक्त किया जाता है, जो तारे के बनने के दौरान एक विशिष्ट द्रव्यमान होने की संभावना को बताता है। इनिशियल मॉस फंक्शन खगोलविदों के लिए जरूरी है, क्योंकि यह अलग-अलग तारों के बनने और विकास को गैलेक्सी बनने और विकास के व्यापक संदर्भ से जोड़ने में मदद करता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,481.81 | 25,815.55 |
| गिरावट | 77.84 | 3 |
| प्रतिशत में | 0.09 | 0.01 |

सोना 1,36,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,07,600 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक को आयकर विभाग ने कम जीएसटी भुगतान को लेकर 238 करोड़ का नोटिस भेजा है। बैंक ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे महाराष्ट्र माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 73 के तहत संबंधित प्राधिकरण से एक आदेश मिला, जिसमें 237,90,04,448 रुपये की जीएसटी मांग है। इसमें 216,27,31,316 रुपये कर और 21,62,73,132 रुपये जुर्माना है। इसमें ब्याज भी है। यह पहले भी ऐसे ही मामले में जारी आदेशों और कारण बताओ नोटिस पर कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। हालांकि, इस मामले में राशि अधिक होने के कारण इसकी जानकारी सार्वजनिक की गई है।

### पीपीएसएल को काम की आरबीआई ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस की अनुषंगी कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) को भारतीय रिजर्व बैंक से ऑफलाइन भुगतान और सीमा पार लेनदेन के लिए पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में काम करने की अनुमति मिल गई है। केंद्रीय बैंक ने पीपीएसएल को ऑनलाइन भुगतान की पिछले महीने अनुमति दे दी थी। पेटीएम ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि आरबीआई ने 17 दिसंबर को पीपीएसएल को ऑफलाइन भुगतान एवं सीमा-पार लेनदेन के लिए भुगतान एग्रीगेटर के रूप में संचालन की अनुमति प्रदान की।

### ग्रामीण बैंकों के लिए नया प्रतीक चिह्न जारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए नया प्रतीक चिह्न गुरुवार को जारी किया। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सिद्धांत पर, 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का एकीकरण किया है, जो एक मई 2025 से प्रभावी हो गया। यह सुधार अधिक सशक्त एवं कुशल आरआरबी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में 28 आरआरबी 700 से अधिक जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। यह ग्रामीण समुदायों की सेवा करने वाली इन संस्थाओं की पहचान और दृश्यता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारत, ओमान बने साझेदार, मुक्त व्यापार समझौते पर किए हस्ताक्षर

## वस्त्र, कृषि उत्पाद तथा चमड़े के सामान सहित भारत के 98 प्रतिशत निर्यात ओमान में होंगे शुल्क मुक्त

- खजूर, संगमरमर और पेट्रो रसायन जैसे ओमान के उत्पादों पर शुल्क कम करेगा भारत

**मस्कट, एजेंसी**



प्रधानमंत्री मोदी के सामने समझौते पर हस्ताक्षर करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ।

भारत और ओमान ने गुरुवार को मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद तथा चमड़े के सामान सहित भारत के 98 प्रतिशत निर्यात ओमान में शुल्क मुक्त होंगे। दूसरी ओर भारत खजूर, संगमरमर और पेट्रो रसायन वस्तुओं जैसे ओमान के उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। इस समझौता के 2026-27 की पहली तिमाही से लागू होने की उम्मीद है। यह समझौता ऐसे समय में हो रहा है जब भारत को अमेरिका में भारी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। इस समझौते पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश संवर्धन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने मस्कट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

ओमान ने 98 प्रतिशत से अधिक शुल्क श्रेणियों (या उत्पाद श्रेणियों) पर शून्य शुल्क की पेशकश की है, जिसमें ओमान को भारत के निर्यात का 99.38 प्रतिशत हिस्सा है। रत्न एवं आभूषण, वस्त्र, चमड़ा, जूते, खेल के सामान, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, इंजीनियरिंग उत्पाद, औषधि, चिकित्सकीय उपकरण और मोटर वाहन सहित सभी प्रमुख श्रम-प्रधान क्षेत्रों को पूर्ण रूप से शुल्क मुक्त कर दिया गया है। इनमें से 97.96 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों पर तत्काल शुल्क उन्मूलन की पेशकश की जा रही है। दूसरी ओर, भारत अपनी कुल शुल्क श्रेणियों (12,556) में से 77.79 प्रतिशत पर शुल्क उदारीकरण की पेशकश कर रहा है, जिसमें मूल्य के हिसाब से ओमान से भारत के आयात का 94.81 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। ओमान के लिए निर्यात के लिहाज से महत्वपूर्ण और भारत के लिए संवेदनशील उत्पादों के लिए, यह प्रस्ताव मुख्य रूप से खजूर, संगमरमर और पेट्रोरसायन उत्पादों जैसी वस्तुओं के लिए, शुल्क-दर कोटा (टीआरक्यू) आधारित शुल्क उदारीकरण है। भारत ने अपने हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील उत्पादों को बिना किसी रियायत की पेशकश किए अलग श्रेणी में रखा है। विशेष रूप से कृषि उत्पाद, जिनमें दुग्ध, चाय, कॉफी, रबर एवं तंबाकू उत्पाद, सोना व चांदी की सिल्लियां, आभूषण, अन्य श्रम-प्रधान उत्पाद जैसे जूते, खेल के सामान और कई निम्न धातुओं का कबाड़ शामिल हैं। ओमान में वर्तमान में श्रम प्रधान वस्तुओं पर पांच प्रतिशत आयात शुल्क लगता है। सेवा क्षेत्र के मोर्चे पर ओमान कंप्यूटर संबंधी सेवाओं, व्यावसायिक एवं पेशेवर सेवाओं, ऑडियो-विजुअल सेवाओं, अनुसंधान एवं विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं व्यक्त करेगा। ओमान का वैश्विक सेवा आयात 12.52 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिसमें भारत की हिस्सेदारी केवल 5.31 प्रतिशत थी। यह भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए अपार संभावनाओं को दर्शाता है। सीईपीए की एक प्रमुख विशेषता भारतीय पेशेवरों के लिए आवाजाही की बेहतर रूपरेखा है।

### कंपनी में कर्मचारियों की सीमा की 50 प्रतिशत

ओमान ने पहली बार कुशल पेशेवरों की आवाजाही (मोड-4) के तहत व्यापक प्रतिबद्धताएं पेश की हैं, जिनमें कंपनी के भीतर स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों की सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। संविदा आधार पर सेवा प्रदान करने वालों के लिए ठहरने की स्वीकृत अवधि में भी वृद्धि की गई है। इसे मौजूदा 90 दिन से बढ़ाकर दो वर्ष कर दिया गया है। इसे दो वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है। यह समझौता लेखांकन, कराधान, वास्तुकला, चिकित्सा और संबद्ध सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों के लिए अधिक उदार प्रवेश एवं ठहरने की शर्तों का प्रावधान भी करता है जिससे गहन तथा अधिक सुगम व्यावसायिक जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है। इस समझौते में ओमान के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान भी है। इसके तहत वाणिज्यिक उपस्थिति के माध्यम से भारत के सेवा उद्योग को इस क्षेत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए व्यापक अवसर मिलेंगे।

### डेयरी, सोना-चांदी, फुटवियर संवेदनशील सूची में

भारत ने ओमान के साथ गुरुवार को संपन्न व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत घरेलू किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिए कई संवेदनशील उत्पादों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए इन संवेदनशील उत्पादों को 'छूट से बाहर की श्रेणी' में रखा गया है। मंत्रालय के मुताबिक, शुल्क छूट से बाहर रखे गए उत्पादों में डेयरी एवं कृषि उत्पाद, चाय, कॉफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी का बुलियन एवं आभूषण और जूते-चप्पल, खेल सामान और कई मूल धातुओं के स्क्रैप शामिल हैं। संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए इन उत्पादों पर किसी भी तरह की शुल्क रियायत नहीं दी गई है ताकि घरेलू उत्पादकों और एमएसएमई पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जिन उत्पादों में ओमान की निर्यात रुचि है और जो भारत के लिए संवेदनशील हैं, वहां अधिकांश मामलों में शुल्क-दर कोटा (टीआरक्यू) आधारित शुल्क उदारीकरण की पेशकश की गई है।

# भारत में यूपीआई से लेन-देन में 33.5% की वृद्धि

**कोलकाता, एजेंसी**



- वर्ल्डलाइन इंडिया के अनुसार 2025 की तीसरी तिमाही में डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में तेजी

भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हो रहा है। इस बात का खुलासा वर्ल्डलाइन इंडिया ने किया है। वर्ल्डलाइन इंडिया ने गुरुवार को डेटा से भरपूर संक्षिप्त विवरण जारी किया, जिसमें 2025 की तीसरी तिमाही में देश के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे विकास को दर्शाया गया।

इसमें यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या सालाना 33.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59.33 अरब हो गई है। यह विवरण वर्ल्डलाइन की प्रमुख इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट का ही एक विस्तार है, जो इस तिमाही में पेमेंट कर्ताओं के बारे में समय पर जानकारी देता है। इस एनालिसिस में यूपीआई के लगातार दबदबे, क्यूआर-आधारित व्यापार स्वीकृति में तेज़ी से बढ़ोतरी, कार्ड जारी करने में लगातार ग्रोथ और मेट्रो शहरों तथा उभरते भारत दोनों में डिजिटल अपनाने में गहराई को उजागर किया गया। क्यू3- 2025 ने दुनिया की सबसे डायनामिक रियल-टाइम पेमेंट अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को और मज़बूत किया और कहा कि यहां हर स्कैन, टैप और क्लिक उपभोक्ताओं और कारोबारियों के व्यवहार को बदल रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि यूपीआई ने रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा, लेन-देन सालाना आधार पर 33.5 प्रतिशत बढ़कर 59.33 अरब हो गया और लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 74.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है। व्यक्ति से कारोबारी (पी2एम) लेन-देन व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) से आगे रहे, जो रोज़मर्रा के खुदरा लेन-देन में यूपीआई के दबदबे को दिखाता है।

### भारत में 70.90 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर

रिपोर्ट के अनुसार पी2एम लेन-देन 35 प्रतिशत बढ़कर 37.46 अरब हो गया और पी2पी 29 वृद्धि के साथ 21.65 अरब लेन-देन हो गया है। औसत टिकट साइज़ घटकर 1,262 रुपये (1,363 रुपये से) हो गया, जो रोजमर्रा के सामान, खाना, हेल्थकेयर की ज़रूरी चीज़ों और हाइपरलोकल कॉमर्स जैसे छोटे लेने-देन के लिए बढ़ते इस्तेमाल को दिखाता है। भारत में 70.90 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर हो गए हैं, जो जुलाई 2024 से 21 प्रतिशत ज्यादा हैं। किराना, फार्मेसी, ट्रांसपोर्ट हब और ग्रामीण बाजारों में क्यूआर की व्यापक स्वीकार्यता ने स्कैन-एंड-पे को देश भर में डिफ़ॉल्ट पेमेंट मोड बना दिया है। पीओएस टर्मिनल 35 प्रतिशत बढ़कर 121.2 लाख हो गए (जुलाई 2024-जुलाई 2025), भारत क्यूआर 61.0 लाख पर रहा, जिसमें यूपीआई क्यूआर के दबदबे की ओर बदलाव के बीच मामूली गिरावट देखी गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस मामले में निजी बैंक आगे हैं जिनका मार्केट शेयर 84 प्रतिशत था। क्रेडिट कार्ड जारी करने में सालाना 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 1133.9 लाख कार्ड तक पहुंच गया। वहीं, डेबिट कार्ड 1.02 अरब हो गए, जबकि प्रीपेड कार्ड 47.01 करोड़ थे। क्रेडिट कार्ड से लेन-देन में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और इसकी संख्या 1.45 अरब हो गयी, जिसका मूल्य 4.08 लाख करोड़ रुपये था।

# चांदी 1,800 रुपये चढ़कर उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एक साल में हो चुकी है 1,17,100 रुपये यानी 129.4% तक की बढ़ोतरी

चांदी गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में 1,800 रुपये उछलकर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसका कारण कारोबारियों की निरंतर खरीदारी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

चांदी बुधवार को 7,300 रुपये उछलकर पहली बार दो लाख रुपये प्रति किग्रा को पार कर 2,05,800 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। इस वृद्धि के साथ, चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को दर्ज की गई 90,500 रुपये प्रति किग्रा से 1,17,100 रुपये किलो यानी 129.4 प्रतिशत बढ़ चुकी है। सर्राफा संघ के अनुसार, सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 13.16 डॉलर यानी 0.31 प्रतिशत घटकर 4,325.02 डॉलर प्रति औंस रह गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा कि सोना गुरुवार को 4,330 डॉलर प्रति औंस तक गिर गया, लेकिन अक्टूबर में पहुंचे रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब रहा। इसका कारण अमेरिकी दर में कटौती की उम्मीदों और चल रहे भू-राजनीतिक जोखिमों से सोने को समर्थन मिलना है। इस बीच, बाजार की धारणा फेडरल रिजर्व के गवर्नर क्रिस्टोफर वालर की टिप्पणियों से प्रभावित हुई। उन्होंने बुधवार को अतिरिक्त ब्याज दर में कटौती का समर्थन किया, जबकि यह भी कहा कि नीति निर्माता सावधानी से आगे बढ़ सकते हैं। उनकी टिप्पणियां अमेरिकी श्रम डेटा के बाद आईं, जो आगे नरमी का संकेत दे रहा था। इसमें बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और नवंबर में नौकरियों में वृद्धि अक्टूबर में देखी गई नरमी की भरपाई करने में विफल रही। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 0.25% घटकर 66.04 डॉलर प्रति औंस रह गई। पिछले सत्र में, चांदी 3.13 डॉलर यानी 4.91 प्रतिशत बढ़कर 66.88 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।



# संसद में परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी वाला विधेयक पारित

## राज्यसभा ने परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री के जवाब के बाद ध्वनिमत से दी गई मंजूरी, विपक्ष के संशोधनों को किया खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह।

संसद ने गुरुवार को परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। राज्यसभा ने भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को चर्चा एवं परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के जवाब के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। उच्च सदन ने विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश किए तमाम संशोधनों को भी ध्वनिमत से खारिज कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को कल ही पारित कर चुकी है।

इससे पहले विधेयक पर चर्चा के दौरान जहां सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विधेयक को ऐतिहासिक और 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण करार दिया वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है तथा यह संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस विधेयक में कुछ ऐसे प्रावधान हैं, जो पहले भी थे, लेकिन सत्तापक्ष का विरोध करने के चक्कर में विपक्षी सदस्य अपने समय के प्रावधानों का ही विरोध कर देते हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के लिए 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट है। मंत्री ने कहा कि यदि हमने 2047 तक 100 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखा है तो पूरा करने में परमाणु क्षेत्र महत्वपूर्ण है। सिंह ने कहा कि आज की दुनिया में अलग-थलग रहने का दौर खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि उन्हीं सुरक्षा उपायों को जारी रखा गया है जो प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय अमल में आए थे। सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी होगी, लेकिन सुरक्षा का पूरा प्रबंध किया गया है। नुकसान की स्थिति में संचालक को भरपाई करनी होगी तथा परमाणु उत्तरदायित्व कोष होगा। उन्होंने कहा कि अब भारत अनुसरण नहीं करता है, बल्कि लोग भारत का अनुसरण करते हैं। सिंह ने कहा कि वह परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में नेहरू जी के योगदान को स्वीकार करते हैं। इससे पहले, सिंह ने विधेयक को सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही इस तरह के बड़े फैसले ले सकते हैं।

राज्य मंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। संसद के इतिहास में वर्षों बाद कोई ऐसा क्षण आता है जब सदस्यों को ऐसा मौका मिलता है कि वे राष्ट्र की यात्रा को एक नयी दिशा दे सकें।'' उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस विधेयक को मील के पत्थर के रूप में उल्लेखित किया जाएगा। सिंह ने कहा, ''भारत की भौगोलिक स्तर पर भूमिका बढ़ रही है और ऐसे में हमें वैश्विक मानकों के अनुरूप होना होगा...दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गयी है...बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह महत्वपूर्ण है।

### विपक्ष ने की विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की मांग

नई दिल्ली। राज्यसभा में विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने परमाणु ऊर्जा विधेयक का विरोध करते हुए इसे व्यापक विचार-विमर्श के लिए प्रवर या स्थायी समिति में भेजने की मांग की। उच्च सदन में विपक्ष ने विरोध करते हुए इसे मानवता के खिलाफ बताया। बीआरएस सदस्य केआर सुरेश रेड्डी ने विधेयक को व्यापक चर्चा के लिए प्रवर समिति में भेजने की मांग की और कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और यहां औद्योगिकीकरण बढ़ा है इसलिए बिजली की मांग में तेजी भी आएगी। माकपा सदस्य एए रहीम ने इसे मानवता के खिलाफ बताया। सपा के रामगोपाल यादव ने आपूर्तिकर्ताओं की जवाबदेही तय करने की मांग की और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की तरह इस क्षेत्र में भी भविष्य में कुछ निजी कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा। बसपा के रामजी ने विधेयक को स्थायी समिति में भेजने की मांग की। भाजपा के जग्गेश ने विधेयक को भविष्य के लिए अहम बताया। शिवसेना (उबाठा) सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी, राकांपा (एसपी) सदस्य फौजिया खान ने भी विधेयक का विरोध किया। भाजपा के परमार सालमसिंह ने विधेयक को दूर-दृष्टि वाला बताया। मनोनीत हर्षवर्धन शृंगला ने कहा कि देश को 15 साल से इस विधेयक की प्रतीक्षा थी।

### प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों को हटाने के प्रावधान वाले विधेयकों संबंधी समिति का कार्यकाल बढ़ा

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने की स्थिति में पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयकों पर विचार करने वाली संसदीय समिति को रिपोर्ट देने के लिए आगामी बजट सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक का समय दिया गया है। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने लोकसभा में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक के संबंध में यह प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूर कर लिया। गत 12 नवंबर को 31 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया गया था तथा भाजपा सांसद सारंगी को समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया। लोकसभा सचिवालय के अनुसार इस समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र के आखिर में विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में सभी विधेयकों को पेश किया था।

# हम वीडियो दिखाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या होती है : न्यायालय

### आवारा कुत्तों का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता द्वारा आवारा कुत्तों के साथ अमानवीय बर्ताव किए जाने की टिप्पणी पर गुरुवार को उससे कहा कि अगली सुनवाई पर एक वीडियो दिखाया जाएगा और आपसे पूछा जाएगा कि मानवता क्या होती है। आवारा कुत्तों के मामले में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार को बैठने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ को रद्द कर दिया गया है।

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि मामले पर अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी। सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने इस बीच कुछ नियम बनाए हैं जो पूरी तरह विपरीत हैं। उन्होंने पीठ से मामले की सुनवाई शुक्रवार को करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के आश्रय स्थल भी नहीं हैं। जो किया जा रहा है वह बहुत अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने आवारा कुत्तों की समस्या का संदर्भ देते हुए कहा कि अगली तारीख पर हम आपकी सुविधा के लिए वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या होती है। सिब्बल ने कहा कि वह भी यह दिखाने के लिए वीडियो चलाएंगे कि क्या हो रहा है। पीठ ने कहा कि वह इस पर 7 जनवरी को विचार करेगी।



### भूमि अधिग्रहण की याचिका रद्द

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को उज्जैन में महाकाल लोक परिसर के पार्किंग क्षेत्र की जगह बढ़ाने के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के 11 जनवरी के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

### शराब घोटाला : सुनवाई जनवरी तक स्थगित

उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की कथित शराब घोटाले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई गुरुवार को जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी और कहा कि मामले को टुकड़ों में नहीं सुना जा सकता। ईडी द्वारा 18 जुलाई को गिरफ्तार किए गए चैतन्य बघेल ने धन शोधन निवारण अधिनियम के कुछ प्रावधानों को भी चुनौती दी है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस पर सुनवाई की।

### कोमा में पड़े व्यक्ति के अभिभावकों से मिलेंगे न्यायाधीश

उच्चतम न्यायालय ने 31-वर्षीय उस व्यक्ति के अभिभावकों से मिलने की गुरुवार को इच्छा जताई, जो 12 वर्षों से कोमा में है। शीर्ष अदालत व्यक्ति के पिता की उस याचिका पर विचार कर रही थी जिसमें उन्होंने कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली को हटाकर पुत्र को निष्क्रिय इच्छा-मृत्यु का अनुरोध किया है। 2013 में इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के बाद व्यक्ति के सिर में चोट लगी थी। तब से वह कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली पर है। निष्क्रिय इच्छा-मृत्यु वह प्रक्रिया हैं, जिसमें मरीज का जीवन बचाने के लिए जीवन रक्षक उपकरण हटाकर वह स्थिति पैदा की जाती है, जिससे उसके प्राण निकल सकें।

# स्कूली-उच्च शिक्षा संस्थानों में समन्वय की पहल

### वीआईटी का मंथन 2025

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



**अमृत विचार :** विद्यालय-विश्वविद्यालय के अंतर को पाटने के लिए वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने शनिवार 13 दिसंबर को मंथन 2025 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हजरतगंज के महात्मा गांधी मार्ग स्थित क्लार्क्स अवध में हुआ। इसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच बेहतर सहयोग बनाना था।

मंथन 2025 में 70 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। स्कूली शिक्षा में उनके योगदान के लिए वीआईटी ने प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि वीआईटी भोपाल विवि शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जाना जाता है। प्रसिद्ध लेखक, प्रेरक वक्ता, सामाजिक उद्यमी तथा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर के सह-संस्थापक एवं सीईओ सृजन पाल सिंह ने मंथन 2025- उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी यात्रा को प्रज्वलित करें विषय पर संबोधन दिया। इस दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और तकनीक से जोड़ने, विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने को तकनीकी, गैर-तकनीकी और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा विद्यालयी पाठ्यक्रम को विवि की अपेक्षाओं के अनुसार बनाने जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम ने विद्यालय प्रमुखों और विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों को एक-दूसरे से विचार साझा करने और भविष्य में सहयोग के नए अवसर तलाशने का अवसर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से वीआईटी विवि ने शिक्षा में नवाचार, अकादमिक सहयोग और शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# दिल्ली में नो पीयूसी, नो फ्यूल नियम लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में बिगड़ते वायु प्रदूषण से निपटने को प्राधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों के तहत गुरुवार से दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर बीएस-6 निजी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू हो गया और साथ ही उन वाहनों को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं मिलेगा, जिनके पास प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) नहीं हैं। पेट्रोल पंप वैध पीयूसी प्रमाणपत्र के बिना वाहनों को ईंधन नहीं दे रहे हैं और इसे स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे, पंपों पर वॉयस अलर्ट और पुलिस की मदद से लागू किया जा रहा है।

जिन वाहनों के पास पीयूसी नहीं होगा, उन्हें पेट्रोल नहीं मिलेगा यानी नो पीयूसी, नो फ्यूल। दिल्ली की सीमाओं सहित 126 जांच चौकियों पर 580 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिवहन विभाग की कई प्रवर्तन टीम को पेट्रोल पंपों और सीमा चौकियों पर तैनात किया गया है।

### कड़े उपायों के बावजूद वायु गुणवत्ता बिगड़ी

दिल्ली में गुरुवार को धुंध की चादर छा गई, जिससे पूरे शहर में दृश्यता कम हो गई और वायु प्रदूषण की स्थिति और खराब हो गई। 24 घंटे का औसत एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में रहा और इसका स्तर एक दिन पहले के 334 से बढ़कर 373 हो गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप के अनुसार शहर में स्थित 40 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 15 केंद्रों पर वायु गुणवत्ता गंभीर रही। आनंद विहार में सबसे अधिक 441 एक्यूआई दर्ज किया गया जो गंभीर-प्लस श्रेणी में आता है जबकि 24 केंद्रों पर वायु गुणवत्ता अत्यंत खराब दर्ज की गई।

### कोहरे से दिल्ली हवाई अड्डे पर 27 उड़ानें रद्द

मुंबई। घने कोहरे और दृश्यता कम होने से गुरुवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर विभिन्न एयरलाइन की 27 उड़ानें रद्द कर दी गईं और कई अन्य के परिचालन में देरी हुई। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 16 प्रस्थान और 11 आगमन से जुड़ी अब तक 27 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल : जेन जी प्रदर्शन की जांच के लिए एक महीने का मांगा विस्तार

**काठमांडू।** नेपाल में जेन जी के विरोध प्रदर्शनों से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने सरकार से अपना कार्यकाल एक माह बढ़ाने का अनुरोध किया है। आयोग ने कहा है कि बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत है। आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने बताया कि बुधवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ हुई बैठक के दौरान आयोग के अधिकारियों ने समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। सुशीला कार्की सरकार ने 21 सितंबर को इस आयोग का गठन कर तीन महीने की समय सीमा तय की थी, जो अगले सप्ताह समाप्त होने वाली है। हालांकि बयान दर्ज करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री जिया की सेहत अब भी गंभीर

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की 80 वर्षीय अध्यक्ष जिया कई स्वास्थ्य समस्याओं के कारण 23 नवंबर से ढाका के एवरकेयर अस्पताल में उपचाराधीन हैं। बाद में उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया था। जिया के निजी डॉक्टर एवं बीएनपी की नीति निर्धारण संबंधी स्थायी समिति के सदस्य जाहिद हुसैन ने पत्रकारों को बताया कि 11 दिसंबर को उनके फेफड़ों और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को आराम देने के लिए जिया को ऐच्छिक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया।

### चीन की राजधानी में छाई धुंध, 215 पर पहुंचा एक्यूआई

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में बृहस्पतिवार को धुंध छाई रही और एक्यूआई बढ़कर 215 पर पहुंच गया, जो बेहद अस्वास्थ्यकारी स्तर माना जाता है। बीजिंग में वर्षों तक हवा साफ करने के लिए अभियान चलाया गया, जिसके बाद प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ना दुर्लभ माना जा रहा है। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को 'येलो अलर्ट' जारी करते हुए देश के कुछ हिस्सों में भारी धुंध फैलने का पूर्वानुमान जताया है। वेधशाला ने कहा कि हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगचिंग में बृहस्पतिवार को भारी धुंध छाई रहने का पूर्वानुमान है।

# भारत ने ढाका में फिर शुरू किया वीजा केंद्र, दो अन्य केंद्र बंद किए

ढाका, एजेंसी

- भारत विरोधी प्रदर्शनकारियों की धमकी के मद्देनजर उठाया कदम

भारत ने बृहस्पतिवार को ढाका में अपने वीजा आवेदन केंद्र का संचालन फिर शुरू कर दिया। सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के कारण एक दिन पहले इसे बंद कर दिया गया था। हालांकि, यही कारण बताते हुए अब बांग्लादेश के खुलना और राजशाही में स्थित इसी तरह के दो अन्य केंद्रों को बंद कर दिया गया है।

दक्षिण-पश्चिमी खुलना और उत्तर-पश्चिमी राजशाही में स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) को सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण बंद कर दिया गया था। बांग्लादेश में पांच आईवीएसी केंद्र हैं। ढाका, खुलना और राजशाही के अलावा, अन्य दो केंद्र पूर्वोत्तर बंदरगाह शहर चटोग्राम और सिलहट में स्थित हैं। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित आईवीएसी राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं के लिए मुख्य एकीकृत केंद्र है।

भारत विरोधी प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह के भारतीय उच्चायोग की ओर बढ़ने के बाद तनाव बढ़ने के मद्देनजर, आईवीएसी के ढाका केंद्र को बुधवार को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की गई थी। ढाका केंद्र ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि आईवीएसी ने बृहस्पतिवार को खुलना और राजशाही में स्थित अपने दोनों केंद्र बंद कर दिए हैं।

## ऊर्जा क्षेत्र में भारत का बड़ा कदम

भारत सरकार की ओर से परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी और विदेशी भागीदारी की अनुमति देने के लिए लाए गए शांति विधेयक के जरिए स्वतंत्रता के बाद पहली बार निजी कंपनियों को परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण, स्वामित्व और संचालन की अनुमति दी जाएगी। निजी कंपनियां परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में 49% तक की हिस्सेदारी रख पाएंगी। नया कानून परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट 2010 की जगह लेगा। विपक्ष की ओर से इस विधेयक को लेकर कई आशंकाएं जताने के साथ संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉर्पोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने का आरोप लगाया गया है, हालांकि दुनिया के कई देशों में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति है। यह अलग बात है कि इन देशों में नियामकीय व्यवस्था बेहद कठोर है।

## परमाणु ऊर्जा विधेयक



### क्या हैं विशेषताएं

- विधेयक का उद्देश्य भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता को वर्तमान 8 गीगावाट से बढ़ाकर 2047 तक 100 गीगावाट करना है।
- विदेशी निवेश आकर्षित करने को बड़े रिएक्टरों के लिए ऑपरेटर का दायित्व बढ़ाकर सप्लायर्स पर बोझ कम किया है।
- परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड को वैधानिक दर्जा दिया जाएगा, एक समर्पित परमाणु विवाद न्यायाधिकरण की स्थापना होगी।
- यूरेनियम खनन, परमाणु ईंधन संवर्धन और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहेंगे।
- स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स के अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देता है, बजट 2025-26 में 20,000 करोड़ का प्रावधान।

### पुराने कानून के प्रावधान

- मूल अधिनियम के तहत परमाणु ऊर्जा का उत्पादन और संचालन केवल केंद्र सरकार या उसकी सरकारी कंपनियों तक सीमित था।
- संशोधन ने एनपीसीआईएल को अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की अनुमति दी, पर निजी क्षेत्र को दूर रखा।
- सीएलएनडी एक्ट 2010 परमाणु घटना की स्थिति में ऑपरेटर (सरकारी कंपनी) पर 1500 करोड़ तक का 'नो-फॉल्ट' दायित्व डालता है।
- दुर्घटना की स्थिति में विदेशी या निजी आपूर्तिकर्ताओं से क्षतिपूर्ति मांगने का प्रावधान जो विदेशी निवेश के रास्ते में बड़ी बाधा रहा है।

### विदेशी निवेश पर आशंका

- आलोचकों का कहना है कि विदेशी नियंत्रण से स्वदेशी परमाणु कार्यक्रम, रणनीतिक निर्णय लेने की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है।
- विदेशी और निजी भागीदारी से संवेदनशील तकनीक और परमाणु सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जटिलता बढ़ सकती है।
- विदेशी कंपनियां स्थानीय हालात से अनभिज्ञ हो सकती हैं, एनपीसीआईएल जैसी पुरानी कंपनियों जैसा अनुभव उनके पास नहीं होगा।
- दुर्घटना होने पर विदेशी कंपनियां जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करती हैं तो पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में पेच फंस सकते हैं।

### निजी कॉरपोरेट समूह

- नए बदलावों के तहत अब निजी कंपनियां परमाणु संयंत्रों का निर्माण, स्वामित्व और संचालन कर सकेंगी।
- कंपनियां छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी आधुनिक तकनीकों में निवेश कर ऊर्जा पोर्टफोलियो बढ़ा सकेंगी।
- निजी ऑपरेटरों की देयता सीमित होगी, बड़े वित्तीय जोखिम सरकार या अंतरराष्ट्रीय फंडों पर साझा होंगे।
- भारतीय निजी समूह अब विदेशी तकनीक दिग्गजों के साथ सीधे रणनीतिक-तकनीकी सहयोग कर पाएंगे।

### दूसरे देश

- अमेरिका में परमाणु संयंत्रों का स्वामित्व और संचालन निजी कंपनियों पर, हालांकि सख्त नियामक नियंत्रण।
- कनाडा-ब्रिटेन में भी निजी ऑपरेटरों को परमाणु संयंत्र चलाने की अनुमति दी गई है, फ्रांस में भी ऐसा कानून।

# अमेरिका ताइवान को 10 अरब डॉलर के उन्नत हथियार बेचेगा, भड़का चीन

## कहा- सफल नहीं होगी स्वतंत्र होने के लिए ताइवान की मदद की यह कोशिश

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ताइवान को 10 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के हथियारों की बिक्री के एक विशाल पैकेज की घोषणा की है, जिसमें मध्यम दूरी की मिसाइलें, होवित्जर तोपें और ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका के इस कदम का कड़ा विरोध करते हुए चीन ने आक्रोश जताया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि स्वतंत्र होने के लिए ताइवान की मदद करने की अमेरिका की यह कोशिश सफल नहीं होगी बल्कि उसे उल्टी पड़ेगी।

अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार देर रात इन हथियार सौदों की घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित संबोधन के दौरान की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार बिक्री प्राप्तकर्ता देश के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के निरंतर प्रयासों का समर्थन और अमेरिका के राष्ट्रीय, आर्थिक और सुरक्षा हितों की पूर्ति करते हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इससे चीन-अमेरिका के बीच हुए कूटनीतिक समझौतों का उल्लंघन होगा, चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, 'ताइवान स्वतंत्रता' की ताकतें बल के जरिए स्वतंत्रता हासिल करना और पुनःएकीकरण का विरोध करना चाहती हैं। वे ताइवान को बारूद के ढेर में बदलने की कीमत पर जनता की मेहनत की कमाई को हथियार खरीदने में बर्बाद कर रहे हैं।





### ताइवान का इस्तेमाल कर हमें रोक नहीं पाएंगे: चीन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, हथियारों के जरिए ताइवान स्वतंत्रता का समर्थन करना अंततः अमेरिका के लिए ही उल्टा साबित होगा। ताइवान का इस्तेमाल कर चीन को रोकने की कोशिश सफल नहीं होगी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में हथियारों की बिक्री को लेकर अमेरिका के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्रालय ने कहा कि इससे ताइवान को पर्याप्त आत्मरक्षा क्षमताएं बनाए रखने में मदद मिलेगी और मजबूत प्रतिरोधक क्षमता हासिल होगी। बयान में कहा गया कि ताइवान का अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखने की बुनियाद है।

### यूक्रेन को भी यही हथियार दिए थे अमेरिका ने

आठ हथियार बिक्री समझौतों में 82 उच्च गतिशीलता वाली तोपखाना रॉकेट प्रणाली (हिमार्स) और 420 सैन्य सामरिक मिसाइल प्रणाली शामिल हैं। ये वही प्रणालियां हैं जैसी पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान अमेरिका ने रूस के खिलाफ आत्मरक्षा के लिए यूक्रेन को प्रदान की थीं। इनकी कुल कीमत चार अरब डॉलर से अधिक बताई गई है। इसके अलावा इस पैकेज में 60 स्वचालित होवित्जर प्रणालियां और उनसे जुड़े उपकरण भी शामिल हैं, जिनकी कीमत भी चार अरब डॉलर से अधिक है। साथ ही ड्रोन की बिक्री लगभग एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य की बताई गई है। अन्य सौदों में एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य का सैन्य सॉफ्टवेयर, 70 करोड़ डॉलर से अधिक के जैवेलिन और टीओडब्ल्यू मिसाइल, 9.6 करोड़ डॉलर के हेलीकॉप्टर के पुर्जे और हार्पून मिसाइलों के लिए 9.1 करोड़ डॉलर की नवीनीकरण किट शामिल हैं।

## बेहाल दिल्ली




राष्ट्रीय राजधानी में भीषण वायु प्रदूषण के बीच गुरुवार शाम धुंध की चादर छा जाने से सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। इस बीच गैर बीएस-6 वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू हो गया है जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर में प्रवर्तन को तेज कर दिया है।

## सीमा संघर्ष में अब तक 18 कंबोडियाई नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर जारी झड़पों के बीच कंबोडिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता टच सोखक ने गुरुवार सुबह बताया कि बुधवार शाम 6 बजे तक संघर्ष में मारे गए कंबोडियाई नागरिकों की संख्या 18 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या 78 हो गई है।

सोखक ने कहा कि विस्थापितों की संख्या बढ़कर 1,44,066 परिवारों तक पहुंच गई है, जिसमें 4,76,179 व्यक्ति शामिल हैं। इनमें 2,40,000 से अधिक महिलाएं और लगभग 1,30,000 बच्चे हैं। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने कहा कि बुधवार आधी रात से गुरुवार सुबह तक, थाई सैन्य बलों ने कंबोडियाई क्षेत्र में कई ठिकानों पर हमले किए। कंबोडिया-थाईलैंड सीमा विवाद सात दिसंबर से फिर से भड़क गया है।

# राष्ट्र के नाम संदेश में ट्रंप ने किया अपना गुणगान

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

- अपनी आर्थिक और आव्रजन संबंधी उपलब्धियों की तारीफ की, महंगाई का दोष बाइडन पर मढ़ा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साल के अंत में व्हाइट हाउस से राष्ट्र के नाम दिए गए संबोधन में आप्रवासन और आठ युद्ध रुकवाने में अपने प्रशासन की सफलताएं गिनाईं। उन्होंने आर्थिक और आव्रजन संबंधी अपने कई निर्णयों का उपलब्धियों के तौर पर उल्लेख किया और देश में कीमतें बढ़ने और अवैध आव्रजन का दोष अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन पर मढ़ दिया।

ट्रंप ने बुधवार को राष्ट्र के नाम 19 मिनट के संबोधन में कहा, 11 महीने पहले, मैंने एक गड़बड़ी का पता लगाया, और मैं इसे ठीक कर रहा हूं। ट्रंप ने इस वर्ष जनवरी में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद से अपने प्रशासन की उपलब्धियां गिनाईं, जिसमें सीमा को सुरक्षित करना, विपरीत प्रवासन, महंगाई कम करना, संघर्षों को समाप्त करना, शुल्क का उपयोग करके देश के लिए अरबों डॉलर अर्जित करना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और आप्रवासन पर कड़ी कार्रवाई करना शामिल है। उन्होंने कहा, मैंने अमेरिकी ताकत को पुनर्स्थापित किया, 10 महीने में आठ युद्ध समाप्त किए, ईरान के परमाणु खतरे को नष्ट किया और गाजा में युद्ध पर विराम लगाया, जिसके चलते 3,000 साल में पहली बार पश्चिम एशिया में शांति आई। मैंने मृत या जीवित अवस्था में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित की।

# भारत-नीदरलैंड रक्षा व उद्योग के क्षेत्र में बढ़ाएंगे साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों देशों के बीच आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया गया

भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्योगिकी तथा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद थे।

सिंह ने यहां वैन के साथ वार्ता की और दोनों देशों के बीच मजबूत तथा बढ़ती रक्षा साझेदारी की पुष्टि की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य-से-सैन्य सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बातचीत के दौरान दोनों देशों ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्र के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मंत्रियों ने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को खासकर विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया।

दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा सचिव राजेश सिंह और भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिसा गेराड्र्स ने रक्षा सहयोग पर आशय पत्र का आदान-प्रदान किया । दोनों देशों ने प्रौद्योगिकी सहयोग, प्लेटफॉर्म और उपकरणों के सह-उत्पादन तथा सह-विकास के लिए रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पहचाने गए क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने का इरादा जताया।

## एपस्टीन विवाद से सुर्खियों में आए बोंगिनो देंगे इस्तीफा

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के उप निदेशक डैन बोंगिनो ने बुधवार को कहा कि वह अगले महीने इस्तीफा दे देंगे, जिससे उनका छोटा लेकिन उथलपुथल भरा कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

उनके कार्यकाल के दौरान अमेरिकी निवेशक एंव यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की फाइलों को लेकर न्याय विभाग के साथ उनका टकराव हुआ। बोंगिनो के इस्तीफे की पहले से ही उम्मीद थी और उनका इस्तीफा ट्रंप प्रशासन के सबसे चर्चित इस्तीफों में से एक होगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब एफबीआई नेतृत्व को निदेशक काश पटेल द्वारा सरकारी विमान का निजी इस्तेमाल करने और सक्रिय जांच के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। एफबीआई में दूसरे महत्वपूर्ण पद के लिए बोंगिनो का चयन हमेशा से ही अपरंपरागत रहा है।

## छत्तीसगढ़ में बीएसएफ के जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में बीएसएफ के एक जवान ने होरादी कैंप में आत्महत्या कर ली। मृतक जवान की पहचान कांस्टेबल सचिन कुमार के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के सिंगोली गांव के निवासी थे।

जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना होरादी कैंप परिसर में घटित हुई। गोली चलने की आवाज सुनते ही अन्य जवान मौके पर पहुंचे, जहां सचिन कुमार को गंभीर अवस्था में पाया गया। अधिकारियों को सूचना दी गई लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना से पूरे कैंप में शोक और स्तब्धता का माहौल है।

# एआई सबसे बड़ा खतरा दफ्तर की नौकरियों के लिए

नई दिल्ली, एजेंसी



- फिक्की के एआई इंडिया सम्मेलन में बोले सूचना प्रौद्योगिकी सचिव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से कार्योलयों में काम करने वालों की नौकरियों को सबसे अधिक खतरा है। उद्योग मंडल फिक्की के 'एआई इंडिया' सम्मेलन में कृष्णन ने कहा कि चूंकि एआई अब सीधे तौर पर सोच-विचार कर किए जाने वाले और विश्लेषण से जुड़े कार्यों को चुनौती दे रहा है, इसलिए कार्योलयों में काम करने वाली कर्मचारियों की नौकरी पर सबसे अधिक खतरा मंडरा रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी सचिव ने कहा, पिछली औद्योगिक क्रांतियों को देखें तो उनमें अधिकतर बदलाव शारीरिक और लोगों द्वारा किए जाने वाले काम को स्वचालित करने के थे। पहली बार एआई सोचसमझकर किए जाने वाले काम की जगह ले रहा है। इसलिए जो लोग सोच-विचार से जुड़े या विश्लेषण से जुड़े काम करते हैं उन्हीं की नौकरी पर सबसे अधिक खतरा है।

उन्होंने तर्क दिया कि कौशल विकास के माध्यम से नए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने की क्षमता, वर्तमान में नौकरियों को हो रहे नुकसान कहीं अधिक है। सचिव ने कहा, कई कंपनियों के लिए तात्कालिक प्रलोभन यह हो सकता है कि वे शुरुआती सफलताओं पर ध्यान दें और भविष्य में आने वाली दीर्घकालिक समस्याओं को भूल जाएं लेकिन सरकार के रूप में हम इस मामले के दोनों पहलुओं को लेकर चिंतित हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 दिसंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-ज्येष्ठा 22 .51 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज थकान की वजह से आप अपने कार्यों में अधिक ध्यान नहीं दे पाएंगे। धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है। अनावश्यक खर्चों को लेकर परेशान हो सकते हैं। अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें।

**वृष** – आज दिन का शुरुआती भाग अत्यंत शुभ रहेगा। बुरी नीयत वाले लोगों से सावधान रहें। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। जिस किसी बात से आप प्रसन्न होंगे, उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा।

**मिथुन** – आज दिन अत्यंत शुभ एवं उत्साहवर्धक रहेगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। अपने काम दूसरों पर डालने से बचें। अविवाहितों के विवाह संबंधी बात आगे बढ़ सकती है।

**कर्क** – आज व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे। अपने खर्चों पर धीरे-धीरे नियंत्रण पा लेंगे। प्रेमी जन के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। उच्चाधिकारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह** – आज व्यर्थ की बातों पर ज्यादा समय बर्बाद न करें। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन कुछ उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक विश्वास न करें।

**कन्या** – आज आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने काम का विस्तार करने का विचार बनाएंगे। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी व्यापारिक डील मिल सकती है।

**तुला** – आज अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लंघन न करें। सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी। शाम को तनाव से राहत मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके साथ दुर्व्यवहार कर सकते हैं। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है।

**वृश्चिक** – आज आपको नई जॉब ऑफर हो सकती है। कड़ी मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। छोटी-मोटी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें। अपनी प्रतिभा को विकसित करने में सफल रहेंगे। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी।

**धनु** – आज अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर संबंधों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी।

**मकर** – आज धार्मिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना बन रही है। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे। बच्चों के साथ पिकनिक की योजना बना सकते हैं। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी।

**मीन** – आज आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे। घर की बातें बाहर वालों से शेयर न करें। होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा। उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और विचार-विमर्श करके नया काम शुरू करें।

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 2 | 9 | | |
| 7 | | 8 | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 4 | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | | 3 | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 2 | 8 | | | | 7 |
| 3 | 2 | | 9 | | 8 | | 6 | |
| | | | 5 | | | 2 | | 1 |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |



जसप्रीत बुमराह बेमिसाल मैच विजेता हैं व उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी शायद इस खेल का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं। उम्मीद है कि वह विश्व कप तक निरंतरता बनाए रखेंगे।
–रॉबिन उथप्पा


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


हाईलाइट

### आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे जॉश इंग्लिस

**सिडनी।** अप्रैल में शादी करने जा रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जॉश इंग्लिस 26 मार्च से 31 मई तक खेले जाने वाले टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पूरे सत्र में उपलब्ध नहीं रहेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की छोटी नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने जॉश इंग्लिस को 8.6 करोड़ रूपये में खरीदा था। इंग्लिस ने बताया कि वह अप्रैल में शादी करने जा रहे हैं। इंग्लिस ने एबीसी स्पोर्ट से कहा मैंने आईपीएल नीलामी देखी और मेरी बारी देर से आई। मैं इस साल पूरे सीजन उपलब्ध नहीं रह पाऊंगा। मैं अप्रैल की शुरुआत में शादी करने जा रहा हूं। सच कहूं तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि मुझे खरीदा जाएगा।

### टाइगर्स ऑफ कोलकाता से जुड़े गांगुली

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) के तीसरे सत्र से पूर्व सह मालिक और मेंटर के रूप में टाइगर्स ऑफ कोलकाता के साथ जुड़ गए। लीग का अगला सत्र सूरत में नौ जनवरी से छह फरवरी तक खेला जाएगा। आईएसपीएल का टी10 टेनिस गेंद प्रारूप गली क्रिकेट से जुड़ा है। इसका लक्ष्य गली स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों की काबिलियत को एक टिकाऊ और लंबे समय तक चलने वाले क्रिकेटिंग सफर में बदलना है। गांगुली ने कहा मैं इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। टेनिस गेंद क्रिकेट हमेशा से खेल की जड़ों के करीब रहा है। यह बुनियाद पूरे कोलकाता और विशेष रूप से पूर्व में बहुत मजबूत है।

### चोटरानी व सूरज की जीत के साथ शुरुआत

**मुंबई।** शीर्ष वरीय वीर चोटरानी और दूसरे वरीय सूरज चंद ने बृहस्पतिवार को यहां सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्क्वाश टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। खिताब के प्रबल दावेदार चोटरानी ने अयान खान को 11-1, 11-1, 11-1 से हराकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई। सूरज ने अजिंक्य पाटिल को 11-4, 11-4, 11-3 से हराया। लड़कों के अंडर-15 वर्ग में दूसरे वरीय यूसुफ पारदीवाला ने अर्जुन पारसरामपुरिया को 11-3, 11-7, 11-7 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-17 वर्ग के अगस्त्य बंसल ने हर्ष बंसाल को 11-5, 11-6, 11-6 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

**मैड्रिड।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नये साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नये कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं।

# शृंखला जीतने उतरेगा भारत सूर्यकुमार पर होगी निगाह

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवां व अंतिम टी-20 मैच आज शाम 7 बजे से



कप्तान सूर्यकुमार यादव।

**अहमदाबाद, एजेंसी**

चयन को लेकर उठे सवालों और कुछ कमजोरियों के उजागर होने के बीच भारत शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौतीपूर्ण श्रृंखला का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगा।

टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए वनडे श्रृंखला जीती। अब उसने टी20 श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है, क्योंकि बुधवार को लखनऊ में खराब मौसम के कारण चौथा मैच रद्द कर दिया गया था।

यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस श्रृंखला को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के दो प्रमुख खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव तथा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फॉर्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए।

गिल का छोटे प्रारूप में नहीं चल पाना भी भारत के लिए अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले चिंता का विषय होगा। वह पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अपने तीनों टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक शीर्ष क्रम पर खेलते हुए बनाए हैं।

अंतिम मैच में गिल की अनुपलब्धता की स्थिति में मौका मिलने पर केरल का यह विकेटकीपर-बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है, क्योंकि दोनों ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस श्रृंखला में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती (छह विकेट) के लिए चुनौती पेश करेगी। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है। अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम रीजा हेंड्रिक्स की जगह एडेन मार्क्रम को शीर्ष क्रम में वापस लाने पर विचार कर सकती है। रीजा हेंड्रिक्स इस दौरे पर अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं। दक्षिण अफ्रीका को इसके अलावा युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी जो अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। दक्षिण अफ्रीका को मार्को यानसन की आक्रामक पारियों की कमी भी खली है, लेकिन लुंगी एनगिडी और ओटनेल बार्टमैन ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है।



अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर पहुंचे पर दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक (मध्य) व टीम के अन्य सदस्य।

### चोटिल शुभमन गिल भी पहुंचे अहमदाबाद



**अहमदाबाद :** शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी20 मैच के लिए यहां पहुंच गए हैं हालांकि चौथे मैच से पहले लगी चोट के कारण उनका खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। गिल का नेट्स पर लगी चोट के कारण लखनऊ में चौथे टी20 से बाहर होना तय था लेकिन खराब मौसम के कारण मैच ही रद्द हो गया। यह देखना होगा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे गिल शुक्रवार को चौथे मैच के लिये उपलब्ध होंगे या नहीं या उनकी जगह संजू सैमसन को उतारा जायेगा। गिल इससे पहले गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी अधिकांश समय बाहर रहे थे।

#### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, ओटनील बार्टमैन, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, लूथो सिपाम्ला।

# इंग्लैंड की टीम फिर मुश्किल में

**एडिलेड, एजेंसी**

**एडिलेड टेस्ट**

- **213 रनों पर गंवाए 8 विकेट अभी ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे**
- **नेथन लियोन ने रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर मैकग्रा को पीछे छोड़ा**

नेथन लियोन के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। इंग्लैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बनाए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए थे।

इंग्लैंड का दारोमदार कप्तान बेन स्टोक्स पर टिका है जो 151 गेंद पर 45 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े जोफ्रा आर्चर ने 30 रन बनाए हैं। इंग्लैंड का स्कोर एक समय आठ विकेट पर 168 रन था और लग रहा था कि उसकी पहली पारी दूसरे दिन ही समाप्त हो जाएगी लेकिन स्टोक्स और आर्चर दिन के अंतिम 14 ओवर में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इन दोनों ने अभी तक नौवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 326 रन से आगे बढ़ाई। आर्चर (53 रन देकर पांच विकेट) ने मिचेल स्टार्क (54 रन) को बोल्ड



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स। एजेंसी

और लियोन (09) को पगबाधा आउट करके पारी में पांच विकेट पूरे किए। स्कॉट बोलैंड 21 गेंदों पर 14 रन बनाकर नाबाद रहे। लियोन ने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी सूची में मैकग्रा को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया। उन्होंने अब तक 51 रन देकर दो विकेट लिए हैं। कमिंस ने 54 रन देकर तीन जबकि बोलैंड ने 31 रन देकर दो विकेट लिए हैं। इस श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले स्टार्क को 12 ओवर में अभी तक कोई विकेट नहीं मिला है।

इंग्लैंड ने सहज शुरुआत की और एक समय उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 37 रन था।

कमिंस ने जैक क्रॉली (09) को आउट करके श्रृंखला का अपना पहला विकेट लिया। इससे इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई और उसने 15 गेंद और पांच रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। ऑफ स्पिनर लियोन को 10वें ओवर में गेंद सौंपी गई। उन्होंने चार गेंदों के अंदर ओली पोप (03) और बेन डकेट (29) को आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 42 रन हो गया। उन्होंने पोप को एक घूमती हुई गेंद पर आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर किया और उनके शॉट को जोश इंग्लिस ने मिडविकेट पर डाइव लगाते हुए कैच कर दिया। इससे उन्होंने तेज गेंदबाज मैकग्रा के 563 टेस्ट विकेटों की बराबरी कर ली।

### हरमनप्रीत भारत की अगुआई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ : अंजुम

**नई दिल्ली :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंजुम चोपड़ा का मानना है कि व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र और आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पूर्व कप्तानी को लेकर बहस फिर से शुरू होने के बावजूद हरमनप्रीत कौर महिला राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं।

विश्व कप में जीत के बाद भारतीय महिला टीम श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगी और ऐसे में अंजुम का मानना है कि कप्तानी में बदलाव के बारे में अटकलें लगाने की जगह ध्यान इस लय को बरकरार रखने पर होना चाहिए। अंजुम ने कहा पिछले इतने वर्षों से मेरा निजी तौर पर मानना है कि हरमनप्रीत कौर एक मैच विजेता हैं। मुझे नहीं लगता कि मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, वह इस भारतीय टीम की कप्तानी करने के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं। अंजुम ने पूर्व भारतीय कप्तान शांता रंगास्वामी के कप्तान बदलने के हालिया सुझाव को खारिज करते हुए कहा कि ऐसे विचार निजी होते हैं। उन्होंने कहा, हर किसी को अपनी बात कहने का हक है। इसमें कुछ भी सही या गलत नहीं है।

### जीत की खुशी



बैंकॉक में साउथईस्ट एशियन गेम्स में गुरुवार को टेनिस के महिला फाइनल में थाईलैंड की एम. सवांगकाव को हराने के बाद जश्न मनातीं फिलीपींस की एला एलेक्जेंड्रा। ● एजेंसी

# डब्ल्यूएफआई ने नई चयन नीति लागू की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **राष्ट्रीय शिविर में पहलवानों की भागीदारी अनिवार्य**
- **व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को छूट**

भारतीय कुश्ती महासंघ ने नई चयन नीति लागू की है जिसके तहत राष्ट्रीय चयन के लिए राष्ट्रीय शिविरों में भागीदारी अनिवार्य है हालांकि व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को इससे छूट रहेगी।

इसके साथ ही ओलंपिक खेलों में कोटा जीतने वाले पहलवानों को एक दौर के अंतिम चयन ट्रायल में भाग लेना होगा। डब्ल्यूएफआई की आम परिषद की हाल ही में अहमदाबाद में हुई बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई। इसे फीडबैक और समीक्षा लिये भारतीय खेल प्राधिकरण को भी दिया गया है। नीति में कहा गया राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में भागीदारी सभी पहलवानों के लिये अनिवार्य होगी जिसमे एलीट और दिग्गज पहलवान शामिल हैं।



बेंगलुरु में डब्ल्यूटीएल में शॉट लगातीं ईगल्स की पाउला बाडोसा। एजेंसी

# बाडोसा के प्रदर्शन से ईगल्स जीता

**बेंगलुरु, एजेंसी**

सुमित नागल और पाउला बाडोसा के शानदार प्रदर्शन से ईगल्स ने बृहस्पतिवार को यहां काइट्स को हराकर विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) में फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। नागल ने बेहद कड़े मुकाबले में दक्षिणेश्वर सुरेश को 40 मिनट में 7-6 से हराकर ईगल्स को विजयी शुरुआत दिलाई।

बाडोसा ने महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में मार्टा कोस्त्युक को 6-1 से शिकस्त दी। बाडोसा ने इसके बाद गेल मोनफिल्स के साथ मिलकर दक्षिणेश्वर और कोस्त्युक की जोड़ी को 6-3 से हराया।

पुरुष युगल में भी मोनफिल्स और नागल ने निक किर्गियोस और दक्षिणेश्वर को 6-3 से हराकर ईगल्स की 25-13 से जीत सुनिश्चित की।

घोषणा

**फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने की बढ़ोत्तरी, अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होगा मुकाबला**

# विश्व कप विजेता को मिलेगी 5 करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी जिसमें इस बार बढ़ोतरी तो हुई है, लेकिन यह राशि इस साल अपेक्षाकृत कम चर्चित क्लब विश्व कप जीतने के लिए चेल्सी को मिली पुरस्कार राशि से आधे से भी कम है।

क्लब विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि एक अरब डॉलर थी। चेल्सी को चैंपियन बनने पर 125 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि



मिली थी। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप के लिए कुल पुरस्कार राशि कतर में 2022 में आयोजित किए गए टूर्नामेंट के लिए निर्धारित 440 मिलियन डॉलर की तुलना में 48.9 प्रतिशत अधिक है। विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। विश्व कप 2026 में कुल 48 टीम भाग लेंगी। ग्रुप चरण में बाहर होने वाली टीमों को नौ मिलियन डॉलर, अगले दौर में पहुंचने वाली टीमों को 11 मिलियन डॉलर और राउंड ऑफ़ 16 में पहुंचने वाली टीमों को 15 मिलियन डॉलर मिलेंगे।

क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 19 मिलियन डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 27 मिलियन डॉलर, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 29 मिलियन डॉलर और फाइनल में हारने वाली टीम को 33 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

### राज्यसभा में उठा भारतीय फुटबॉल के भविष्य का मुद्दा

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल के भविष्य का मुद्दा गुरुवार को गुरुवार को राज्यसभा में भी उठाया गया तथा कांग्रेस के जोस के मणि ने कुराकाओ जैसे छोटा देश के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का हवाला देते हुए खेल मंत्री मनसुख मांडविया से इस खेल के लिए सरकार की दीर्घकालिक योजना के बारे में पूछा। भारत में फुटबॉल का स्तर लगातार गिर रहा है तथा व्यावसायिक साझेदार नहीं मिलने के कारण इस साल अभी तक घरेलू सत्र भी शुरू नहीं हो पाया है। केरल का प्रतिनिधित्व करने वाले मणि ने पूछा कि क्या सरकार ने इस बात पर गौर किया है कि 158000 की आबादी वाले कुराकाओ ने हाल ही में अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या सरकार के पास ऐसी कोई दीर्घकालिक योजनाएं हैं जिससे भारत को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिले। उन्होंने जानना चाहा कि देश में फुटबॉल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर क्या कदम उठाए गए हैं। मांडविया ने कुराकाओ का जिक्र किए बिना जवाब दिया विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना फुटबॉल की विश्व में सर्वोच्च संस्था फीफा द्वारा निर्धारित मानदंडों पर आधारित है। विश्व कप या विश्व चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए कदम उठाने सहित किसी विशिष्ट खेल के विकास की जिम्मेदारी संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ की होती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को देश में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता दी है।